भोपाल
शनिवार, 8 अगस्त 2026
श्रावण मास कृष्ण पक्ष- 10
वर्ष : 13, अंक : 128
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 28
न्यून. 24

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

वाहन चेकिंग विवाद पर मप्र हाईकोर्ट की नसीहत

कानून के रक्षक ही न तोड़ें नियम, पुलिस न छीने चाबी

एसपी को दिए विधि अनुसार निष्पक्ष कार्रवाई के निर्देश

फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

यहां ट्रैफिक चेकिंग के दौरान पुलिस और अधिवक्ता के बीच हुए विवाद पर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। जस्टिस हिमांशु जोशी की एकलपीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए पुलिस और वकीलों दोनों पक्षों को कानून के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने की हिदायत दी है। मामला 11 जुलाई 2026 का है। राज्य सरकार ने कोर्ट को बताया कि याचिकाकर्ता अधिवक्ता बाइक पर दो अन्य लोगों के साथ बिना हेलमेट सफर कर रहे थे। ▶▶ शेष पेज 6 पर

अभद्र भाषा का प्रयोग गलत

वहीं, पुलिस को संयम की हिदायत देते हुए कोर्ट ने कहा कि चेकिंग के दौरान अभद्र भाषा का प्रयोग, अनावश्यक बहस करना या चाबी छीनना पूरी तरह अनुचित है। अदालत ने जबलपुर एसपी को लंबित शिकायत पर कानून के अनुसार शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए।

दतिया के पूर्व विधायक राजेंद्र भारती से 'हरिभूमि व आईएनएच' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी की खास बातचीत

कांग्रेस की जीत से खुश हूं, इसमें कार्यकर्ताओं का संघर्ष घनश्याम की कोई भूमिका नहीं, नरोत्तम का साथ मिला

उनसे सवाल था - घनश्याम सिंह की जीत से आप कितने प्रसन्न हैं?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस के पूर्व विधायक राजेंद्र भारती का कहना है कि मेरे आशुतोष तिवारी, घनश्याम सिंह और दामोदर यादव से संबंध हैं। लेकिन राजनैतिक दृष्टि से घनश्याम सिंह षड़यंत्रकारी हैं। वो षड़यंत्र करते रहते हैं और हम जैसे कार्यकर्ता को बर्दाश्त नहीं कर पाते हैं। इसलिए उन्होंने नरोत्तम मिश्रा से मिलकर कांग्रेस से हमारा निलंबन करवा दिया। निलंबन की क्या जरूरत थी। घनश्याम सिंह ने 2013, 2018 और 2023 में नरोत्तम मिश्रा से करोड़ों रुपए लेकर सेवढ़ा में चुनाव लड़ते हैं और दतिया में हमारा विरोध करते हैं। हम शिकायत करते हैं तो घनश्याम सिंह के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती है। वो शिकायत करते हैं तो तत्काल कार्रवाई हो जाती है। राजेंद्र भारती ने यह बात 'हरिभूमि व आईएनएच' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से खास मुलाकात में कही।

यह भी बोले राजेंद्र भारती

- मेरे निलंबन के पीछे नरोत्तम मिश्रा और घनश्याम सिंह का हाथ
- नरोत्तम मैनेजमेंट में मास्टर, उनकी कांग्रेस में भी गहरी घुसपैठ
- उमा भारती ने टिकट देने की बात की थी, मैंने ही मना किया था
- मैं स्वाभिमान की राजनीति करता हूं

उनसे पूरी बातचीत

प्रश्न: कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह की जीत से आप कितने प्रसन्न हैं?

उत्तर: मैं कांग्रेस पार्टी की जीत पर निश्चित रूप से खुश हूं क्योंकि हमारे सभी साथियों ने बहुत संघर्ष किया है और जमीन को तैयार किया है। इसलिए हम सब खुश हैं ▶▶ शेष पेज 6 पर

हरिभूमि सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
08 अगस्त 2026
कूपन नं. 11

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

विजय की पत्नी ने वापस ली तलाक की याचिका

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री जोसेफ विजय और उनकी पत्नी संगीता का 27 साल पुराना रिश्ता टूटने से बच गया है। संगीता ने दायर तलाक की याचिका वापस ले ली है। चेंगलपट्टू कोर्ट ने मामले को बंद कर दिया है।

गलत हलफनामा: एसडीएम ने हाई कोर्ट में मांगी माफी

इंदौर। गैस पाइपलाइन हादसे के मामले में एसडीएम घनश्याम धनगर ने शुक्रवार को मप्र हाईकोर्ट से बिना शर्त माफी मांगी। उन्होंने कोर्ट को बताया कि पिछली सुनवाई में मुआवजे संबंधी हलफनामे में त्रुटि हो गई थी।

कनेक्शन के नाम पर रिश्वत लेते दबोचा गया

अशोकनगर। बिजली कनेक्शन दिलाने के नाम पर रिश्वत मांगने वाले विद्युत विभाग के लाइनमैन बाबूराम पटेल को ग्वालियर लोकायुक्त पुलिस ने 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते ट्रैप किया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छिंदवाड़ा से की 'मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान' की शुरुआत

एक्शन मोड में सीएम, लापरवाह अफसरों पर प्रहार, सीएमएचओ सहित तीन सस्पेंड

सभी मंत्री व राज्य मंत्री अपने-अपने प्रभार या गृह जिले तथा अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव व सचिव अलग-अलग जिलों में तय कार्यक्रम के तहत जन विश्वास कार्यक्रम में शामिल हुए

लोकसेवा केंद्र का निरीक्षण करते हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जन विश्वास अभियान के पहले ही दिन छिंदवाड़ा में एक्शन मोड में आ गए। उन्होंने शिकायतों की सुनवाई करते हुए छिंदवाड़ा के सीएमएचओ डॉ. नरेश गुन्नाड़े, तहसीलदार और पटवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए। इससे पहले उन्होंने छिंदवाड़ा कलेक्टर कार्यालय स्थित लोक सेवा केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री ने छिंदवाड़ा से ही 8 जनवरी तक प्रति शुक्रवार को होने वाले 'मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान' की शुरुआत भी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जन विश्वास अभियान की शुरूआत करने छिंदवाड़ा ▶▶ शेष पेज 6 पर

- सीईओ चौरई और श्रम अधिकारी की एक-एक वेतनवृद्धि रूकी
- चौरई एसडीएम एवं पटवारी को कारण बताओ सूचना पत्र

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए

हर शुक्रवार को होगा नो-मीटिंग डे, अफसर फील्ड पर रहेंगे

सम्मान निधि का लाभ नहीं, तहसीलदार व पटवारी पर गिरी गाज

सीएम को मीना बंजारा ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ नहीं मिलने की शिकायत दर्ज कराई। समीक्षा में पाया गया कि परासिया तहसील के संबंधित पटवारी के गलत प्रतिवेदन प्रस्तुत किए जाने के कारण आवेदिका योजना के लाभ से वंचित रही। सीएम ने मामले को गंभीर मानते हुए परासिया तहसील के संबंधित पटवारी एवं तहसीलदार को निलंबित करने के निर्देश दिए। सीएम ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 05 भी

पोर्टल पर त्रुटिपूर्ण जानकारी पर छिंदवाड़ा सीएमओ नपे

मुख्यमंत्री को श्रीमती सीमा तुमराम ने बताया कि उन्होंने प्रसूति सहायता राशि नहीं मिलने की शिकायत की थीं। जांच में सामने आया कि पोर्टल पर दर्ज त्रुटिपूर्ण जानकारी के कारण उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल सका। मुख्यमंत्री ने इसे विभागीय लापरवाही मानते हुए संबंधित ▶▶ शेष पेज 6 पर

सीईओ चौरई और श्रम अधिकारी की सामने आई लापरवाही

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को श्रीमती मानवती वर्मा ने बताया कि वर्ष 2022 में पति संतोष वर्मा की मृत्यु के बाद उन्हें पात्रता अनुसार मुख्यमंत्री संबल योजना के तहत अंत्येष्टि एवं अनुग्रह सहायता राशि नहीं मिली, जिसकी उन्होंने सीएम हेल्पलाईन में शिकायत दर्ज कराई थीं। मुख्यमंत्री ने प्रकरण में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य ▶▶ शेष पेज 6 पर

आदेश जारी किए जाने के बावजूद अभिलेखों में सुधार नहीं

मुख्यमंत्री को गोविंद नायक ने बताया कि उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में भू-अभिलेख दुरुस्तीकरण से संबंधित शिकायत प्रस्तुत की। समीक्षा में पाया गया कि एसडीएम ने आदेश जारी किए जाने के बावजूद अभिलेखों में सुधार नहीं किया ▶▶ शेष पेज 6 पर

बागी गुट के सांसदों के साथ पीएम मोदी

पीएम की 45 नए सांसदों के साथ बैठक

कहा- एनडीए एक परिवार चिंता नहीं करें, हम साथ हैं

- बैठक में टीएमसी और उद्धव गुट के बागी सांसद शामिल
- सांसदों को सलाह, इतिहास पढ़ें, तैयारी के साथ बहस करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम मोदी ने एनडीए के 45 नए लोकसभा सांसदों के साथ शुक्रवार को पीएम आवास पर ब्रेकफास्ट मीटिंग की। इनमें टीएमसी और उद्धव गुट के बागी सांसद भी थे। पीएम ने इन सांसदों से कहा कि एनडीए एक परिवार है। हम सहयोगी दलों के साथ हैं। हर व्यक्ति का सम्मान किया जाएगा। मैं एनडीए के हर सांसद के साथ खड़ा हूं। आपको किसी के बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है। पीएम मोदी ने कहा कि संसद लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर है। यहां चर्चा होनी चाहिए और कार्यवाही सुचारु रूप से चलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लगातार हंगामे की वजह से नए सांसदों को बोलने का मौका नहीं मिल रहा, जो उनके साथ अन्याय है। पीएम मोदी ने नए सांसदों को इतिहास को पढ़ने, तैयारी के साथ बहस करने ▶▶ शेष पेज 6 पर

घोष ने 'कांथा शॉल' भेंट की

टीएमसी सांसद काकोली घोष ने भेंट की शॉल

राष्ट्रीय हस्तकरघा दिवस के मौके पर मुलाकात के दौरान टीएमसी की बागी सांसद डॉ. काकोली घोष दस्तीदार ने पीएम मोदी को कोलकाता से लाई गई बंगाल की 'कांथा शॉल' भेंट की। सांसद दस्तीघार ने कहा कि पीएम मोदी ने 'कांथा स्टिच' की प्रशंसा करते हुए बुनकरों को समर्थन देने का संकल्प लिया।

जानलेवा रास्ता तय कर स्कूल जाने की मजबूरी

मानवाधिकार आयोग ने लिया स्वतः संज्ञान सरकार से दो सप्ताह में मांगी विस्तृत रिपोर्ट

आयोग बोला- ये केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि उनके गरिमापूर्ण शिक्षा के मौलिक अधिकार का हनन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली/विदिशा

विदिशा जिले के ककरऊआ गांव में छात्र-छात्राओं द्वारा जान जोखिम में डालकर बेतवा नदी पार करने की खबर का बड़ा असर हुआ है। 6 अगस्त को 'हरिभूमि' में प्रमुखता से प्रकाशित खबर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ▶▶ शेष पेज 6 पर

राज्य सरकार से स्पष्टीकरण मांगा

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि बच्चों को सुरक्षित आवागमन न देना केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि उनके गरिमापूर्ण शिक्षा ▶▶ शेष पेज 6 पर

587 पीएचडी शोधार्थियों को मिलेगी उपाधि

पीएम मोदी आज आईआईटी के दीक्षांत समारोह में होंगे शामिल

3 हजार छात्रों को देंगे सफलता का मंत्र

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश के प्रमुख तकनीकी संस्थानों में शुमार का 57वां दीक्षांत समारोह शनिवार को आयोजित होगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और संस्थान से स्नातक होने वाले तीन हजार से अधिक विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे। समारोह में 587 पीएचडी शोधार्थियों सहित हजारों विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। ▶▶ शेष पेज 6 पर

एनटीए के तीन विषय विशेषज्ञ ने लीक किए थे 135 सवाल

सीबीआई ने नीट-यूजी 2026 पेपर लीक केस में चार्जशीट दाखिल की

डिजिटल फोरेंसिक जांच बनी बड़ा आधार

आरोप साबित होने पर आजीवन कारावास

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीट-यूजी 2026 पेपर लीक मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की चार्जशीट में कई बड़े खुलासे हुए हैं। जांच एजेंसी ने आरोप लगाया है कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के तीन विषय विशेषज्ञ पीवी कुलकर्णी, मनीषा गुरुनाथ मांधरे और मनीषा संजय हवलदार प्रश्नपत्र लीक के प्राथमिक स्रोत थे। चार्जशीट के अनुसार, इन विशेषज्ञों ने गोपनीय प्रश्न तैयार करने और अनुवाद की प्रक्रिया के दौरान परीक्षा सामग्री बाहर निकाली और उसे बिचौलियों के माध्यम से अभ्यर्थियों तक ▶▶ शेष पेज 6 पर

फाइल फोटो

एक्सेस कंट्रोल एप ने उगले राज

जांच एजेंसी ने एनटीए विशेषज्ञ पीवी कुलकर्णी की पुणे स्थित सोसायटी के एक्सेस-कंट्रोल एप, छात्रों की एंट्री के बायोमेट्रिक रिकॉर्ड, मोबाइल की कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) और लोकेशन डाटा का मिलान कर यह पता लगाया कि परीक्षा से पहले किन अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों की विशेष ▶▶ शेष पेज 6 पर

आदेश अगली सुनवाई तक प्रभावी

दिल्ली हाई कोर्ट से डाबर को राहत

एफएसएसएआई के आदेश पर लगाई 'अंतरिम रोक'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट से डाबर इंडिया को फिलहाल बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के उस आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है, जिसमें कंपनी को कई उत्पादों की बिक्री तुरंत रोकने का निर्देश दिया गया था।

कोर्ट का यह आदेश अगली सुनवाई तक प्रभावी रहेगा। जस्टिस अमित महाजन ने शुक्रवार को डाबर इंडिया की याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार, एफएसएसएआई और अन्य संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया। मामला एफएसएसएआई के 3 अगस्त के उस आदेश से जुड़ा है, जिसमें डाबर के कुछ उत्पादों पर इस्तेमाल किए ▶▶ शेष पेज 6 पर

फाइल फोटो

शो-कॉज नोटिस नहीं दिया: डाबर

डाबर ने हाई कोर्ट में प्राधिकरण की कार्रवाई को चुनौती देते हुए कहा कि एजेंसी ने खाद्य सुरक्षा और मानक (विज्ञापन और दावे) विनियम, 2018 में निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं किया। बिक्री रोकने से पहले उसे न तो शो-कॉज नोटिस जारी किया गया और न ही इम्प्रूवमेंट नोटिस दिया गया। कंपनी को अपने उत्पादों पर इस्तेमाल ▶▶ शेष पेज 6 पर

इलाज से मना करने पर गई थी बच्ची की जान

शीर्ष कोर्ट ने दो निजी अस्पतालों पर लगाया 12 लाख का जुर्माना

सीजेआई की पीठ ने कहा संविधान का अनुच्छेद 21 हर अस्पताल को इमरजेंसी मरीज का तुरंत इलाज करने का आदेश देता है, जारी होंगे दिशानिर्देश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गाजियाबाद में दुष्कर्म पीड़िता 4 साल की बच्ची को समय पर इलाज न देने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कड़ा रुख अपनाया है। शीर्ष अदालत ने मरीज का इलाज करने से इनकार करने वाले दो निजी अस्पतालों सेंट जोसेफ (मरियम) अस्पताल पर 10 लाख और खजान सिंह मन्वी हेल्थ केयर सेंटर पर 2 लाख रुपए का जुर्माना लगाते हुए पीड़ित पिता को 12 लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश दिया है। यह मामला ▶▶ शेष पेज 6 पर

खंडवा में फिर गरमाया घटिया खाने का मुद्दा

छात्रावास के भोजन में मिली इल्ली थाली लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे छात्र

- बालक छात्रावास के 30 से अधिक छात्रों ने जताया विरोध
- निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

जिले में स्थित सरकारी छात्रावासों में मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। लाल चौकी क्षेत्र स्थित सीनियर संयुक्त परियोजना बालक छात्रावास में शुक्रवार दोपहर के खाने में इल्ली मिलने से छात्रों का आक्रोश भड़क उठा। नाराज होकर 30 से अधिक छात्र हाथ में भोजन की थालियां लिए पैदल ही कलेक्ट्रेट पहुंचे और अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। कलेक्ट्रेट पहुंचे छात्रों ने आरोप लगाया कि छात्रावास में लंबे समय से ▶▶ शेष पेज 6 पर

छात्र ज्ञापन सौंपते हुए

खबर संक्षेप

भोपाल रेल मंडल ने इस साल बिना टिकट के ढाई लाख यात्रियों को पकड़ा

भोपाल। भोपाल रेल मंडल ने वर्तमान वित्तीय वर्ष के चार माह अप्रैल, मई, जून एवं जुलाई में टिकट जांच के दौरान बिना टिकट, अनुचित टिकट एवं बिना बुक गए सामान सहित कुल 2 लाख 30 हजार 3 सौ 45 मामलों से 17.50 करोड़ रुनपए अर्जित किए। बिना टिकट के 1,05914 मामले, अनुचित टिकट के 1,23643 मामलें एवं 788 बिना बुक गए सामान के मामलें शामिल है। जोकि इसी अवधि में गत वित्तीय वर्ष की अपेक्षा 11.80 अधिक राजस्व राशि है।

निगम अमले ने 107 स्थानों से लिए पानी के नमूने, 39 लीकेज सुधारे

भोपाल। शहर में शुद्ध और जीवाणुरहित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम ने शुक्रवार को शहर के कई स्थानों पर जल परीक्षण और पाइपलाइन सुधार अभियान जारी रखा है। निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर निगम के जलकार्य विभाग ने शहर के 107 स्थानों से पानी के नमूने एकत्र किए, 39 जगहों पर पाइपलाइन लीकेज सुधारे और पानी से संबंधित 40 शिकायतों का त्वरित निराकरण किया।

पीपल-बरगद सहित औषधीय एवं पर्यावरणीय महत्व के पौधे रोपे

भोपाल। पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से होशंगाबाद रोड स्थित ड्रीम सिटी कॉलोनी में रहवासियों द्वारा बृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलोनी के सामाजिक बंधुओं, महिलाओं और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पीपल, बरगद, बेलपत्र, आंवला और नीम जैसे पर्यावरण एवं औषधीय दृष्टि से महत्वपूर्ण पौधों का रोपण किया। इस दौरान नागरिकों ने पौधों की देखभाल करने का संकल्प भी लिया।

सराफा बाजार में चांदी के दामों में आई तेजी

सावन में शिव श्रृंगार करने चांदी के नाग, चंद्रमा, तिलक की बड़ी डिमांड, कालसर्प दोष निवारण के लिए बुकिंग हुई शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सावन माह में शहर के सराफा बाजार में धार्मिक और ज्योतिषीय महत्व की चांदी, तांबा और पीतल की वस्तुओं की मांग तेज हो गई है। खासकर 17 जुलाई को नागपंचमी को ध्यान में रखते हुए चांदी के नाग-नागिन के जोड़े, बिल्व पत्र, त्रिशूल और शिव श्रृंगार की वस्तुएं जैसे त्रिपुंड, चंद्रमा की बिक्री में तेजी देखी जा रही है।

वहीं, भोपाल के शिव मंदिरों में काल सर्प दोष निवारण अनुष्ठानों के लिए



बुकिंग शुरू हो गई है। हालांकि सराफा बाजार में चांदी के दामों में तेजी बनी हुई है, लेकिन श्रद्धालुओं की आस्था पर इसका असर नहीं पड़ा है। लोग 5 से 10 ग्राम तक के नाग-नागिन के जोड़े ज्यादा खरीद रहे हैं। पिछले साल जो जोड़ा 700 से 1000 में आता था वह 1600 से 2250 तक में बिक रहा है। वहीं, भारी वजन के नाग-नागिन के जोड़े संपन्न वर्ग की पसंद बने हुए हैं। पंडितों के मुताबिक धार्मिक मान्यता है कि नागपंचमी पर शिवलिंग पर नाग-नागिन का जोड़ा अर्पित करने से काल सर्प दोष और पितृ दोष का निवारण होता है। यही वजह है कि उज्जैन, त्र्यंबकेश्वर जैसे धार्मिक स्थलों पर पूजा कराने जा रहे लोग अभी से इन जोड़ों की खरीदारी कर रहे हैं। सावन के प्रत्येक सोमवार को भी श्रद्धालु शिवलिंग पर ये प्रतीक चढ़ा रहे हैं।

तांबा-पीतल से बने त्रिशूल की भी बड़ी मांग



कोल्हापुर के नाग-नागिन जोड़े लोगों को आ रहे पसंद

सराफा व्यापारियों के अनुसार नाथद्वारा और कोलहापुर से आए चांदी के नाग-नागिन के जोड़ों की बनावट आकर्षक है, जिसकी बाजार में सबसे अधिक मांग है। तो वहीं चांदी के रेट बढ़ने की वजह से इस साल बड़ी संख्या में कम वजन के नाग-नागिन उपलब्ध हैं। तो वहीं, तांबा-पीतल से बने त्रिशूल भी बड़ी संख्या में बिक रहे हैं। श्रद्धालु इन्हें शिव प्रतिमा के समीप स्थापित करते हैं। सराफा व्यापारियों का कहान है ग्राहक केवल नाग-नागिन के जोड़े ही नहीं, बल्कि नागाकार अंगूठी भी खरीद रहे हैं। इनकी डिजाइन की गई अंगूठियों के लिए दुकानें ऑर्डर पर काम कर रही हैं।

उज्जैन और त्र्यंबकेश्वर भी जाते हैं श्रद्धालु

पंडितों के अनुसार भोपाल के शिव मंदिरों में काल सर्प दोष निवारण अनुष्ठानों के लिए बुकिंग शुरू हो गई है। इसके अलावा नाग पंचमी से दो-तीन दिन पहले ही श्रद्धालु उज्जैन में प्रसिद्ध नागचंद्रेश्वर मंदिर महाराष्ट्र नासिक के त्रयंबकेश्वर मंदिर जाते हैं, जहां पर भी चांदी के नाग-नागिन के जोड़े चढ़ाते हैं। बाजार में चांदी के नाग-नागिन के जोड़े, त्रिशूल व शिवजी के श्रृंगार के लिए चंद्रमा की बिक्री के लिए उपलब्ध हैं।

कॉलोनियों में रहने वाले करीब ढाई लाख लोग हो रहे परेशान

निशातपुरा स्टेशन जाने लगाना पड़ रहा 2 किमी का चक्कर, रेलवे अंडरबिज पर लग रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मालवा व सोमनाथ एक्सप्रेस से जाने वाले यात्री भोपाल स्टेशन से सफर करना कर रहे हैं पसंद

राजधानी के नवनिर्मित निशातपुरा रेलवे स्टेशन की सुविधा मिलने के बाद अब यात्रियों को यहां तक पहुंचने को लेकर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल छोला दशहरा मैदान की ओर वाले रास्ते में बदहाल सड़क, बड़े-बड़े गड्ढों, ऊबड़-खाबड़ रास्तों और छोला रोड अंडरपास में जलभराव के कारण यात्रियों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

वहीं, निशातपुरा कोच फैक्टरी की ओर से सड़क व आरओबी, एफओबी की सुविधा नहीं होने से यात्रियों को करीब चार से पांच किमी का चक्कर लगाना पड़ रहा है। तो वहीं, कई लोग मजबूरी में रेलवे ट्रैक के अंडरबिज से निकलने पर जाम की स्थिति से दो-चार होना पड़ रहा है। यहां पर पहले की अपेक्षा अब वाहनों की संख्या दो से तीन गुना हो गई।

इसके चलते यहां पर हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। इन परेशानियों से बचने के लिए अभी मालवा व सोमनाथ एक्सप्रेस से जाने वाले यात्री भोपाल स्टेशन से सफर करना पसंद कर रहे हैं।

निशातपुरा रेलवे अंडरब्रिज पर कुछ इस तरह रोजाना लग रहा है जाम।

जान जोखिम में डाल पटरी पार कर रहे लोग

स्टेशन तक पहुंचने के लिए क्षेत्र में बनी करीब 20 कॉलोनियों के रहवासियों को न तो कोई फुट ओवर ब्रिज है और न ही रेलवे ओवर ब्रिज। इस वजह से लोगों को वहां मौजूद काफी संकरे अंडरब्रिज से होकर स्टेशन तक पहुंचना पड़ रहा है। तो वहीं, कई लोग जान जोखिम में डालकर पटरी पार कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि रेलवे ने करीब 47 साल बाद राजधानीवासियों को नए स्टेशन की सौगात दी, लेकिन जिला प्रशासन की ओर से अभी तक यहां तक पहुंचने के लिए सड़क व एफओबी की सुविधा नहीं दी। जिससे यात्रियों को परेशानी हो रही है।

इन कॉलोनियों के लोग परेशान

द्वारका नगर के सामने की ओर से आने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। रेलवे ट्रैक के नीचे जो अंडरबिज है, वह काफी संकरा है। इसमें से चार पहिया वाहन निकलना काफी मुश्किल होता है। स्टेशन के शुरू होने के साथ ही यहां पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ गया है। इसके चलते अंडरब्रिज में कई वाहन रोजाना काफी देर तक फंसे रहते हैं, जिससे काफी लंबी जाम की स्थित बनी रहती है। मुख्य रूप से द्वारका नगर, राजेंद्र नगर, कृष्णा नगर, इंडस, कोच फैक्टरी और इंडस कॉलोनी समेत 20 कॉलोनियों के लोग को खासी परेशानी हो रहे हैं। वहीं, स्टेशन के पास छोला रोड की ओर से पीडब्ल्यूडी की ओर से एफओबी बनाया जा रहा है। लेकिन का की रफ्तार बहुत धीमी है। इसके चलते अभी इसको बनने में सालों लग जाएंगे। इस संबंध में पीडब्ल्यूडी के अधिकारी से बातचीत करने की कोशिश की गई, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

सितंबर से ओर बढ़ेगी परेशानी

निशातपुरा स्टेशन पहुंचने के लिए आसपास की कॉलोनियों के करीब ढ़ाई लाख लोगों को करीब चार से पांच किलोमीटर घूमकर जाना पड़ रहा है। दरअसल यहां पर अभी स्टेशन तक पहुंचने तक सीधा एप्रोच रोड, आरओबी, एफओबी आदि नहीं है। एफओबी का काम चल रहा है, लेकिन रफ्तार काफी धीमी है। यहां तक पहुंचने के लिए लोगों को संकरे रास्तों से गुजरना पड़ता है। नतीजे में करीब 6 करोड़ में बना नया टर्मिनस स्टेशन यात्रियों के लिए मुश्किलभरा साबित हो रहा है। सितंबर से यात्रियों की ओर परेशानी बढ़ जाएगी। जब मालवा व सोमनाथ एक्सप्रेस भोपाल स्टेशन तक नहीं जाएगी।

जीएमसी में विश्व स्तनपान सप्ताह का समापन

मां का दूध शिशुओं के लिए सर्वोत्तम पोषण आहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग (जीएमसी) द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह 2026 का आयोजन 1 से 7 अगस्त तक किया गया। इस वर्ष की थीम सपोर्ट ब्रेस्टफीडिंग फॉर अ हेल्दीयर प्लैनेट रही। इस आयोजन का उद्देश्य स्तनपान के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वास्थ्यकर्मियों, स्नातकोत्तर विद्यार्थियों, इंटर्न, नर्सिंग अधिकारियों एवं आम जनता की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम ने इस संदेश को पुनः सुदृढ़ किया कि मां का दूध शिशुओं के लिए सर्वोत्तम पोषण एवं प्रतिरक्षा प्रदान करता है। कार्यक्रम का समापन इस संकल्प के साथ किया गया कि प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के उत्थान हेतु स्तनपान को प्रोत्साहित करने, संरक्षित करने एवं समर्थन देने के अपने प्रयासों को निरंतर जारी रखेगा। शुक्रवार को समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जीएमसी डीन डॉ. कविता एन. सिंह थी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. एना एलेक्स, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, त्वचा रोग विभाग, डॉ. कविता कुमार, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, नेत्र रोग विभाग, डॉ. मंजूषा गोयल, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, शिशु रोग विभाग शामिल हुई। कार्यक्रम डॉ. रेखा वाधवानी, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

भोपाल-पटना फ्लाइट शुरू होने पर भोजपुरी समाज में हर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोजपुरी उत्सव समिति खटलापुरा ने भोपाल-पटना फ्लाइट शुरू होने पर हर्ष व्यक्त कर आभार जताया है। भोपाल से पटना के लिए सीधी फ्लाइट 10 अगस्त से प्रारंभ हो रही है। समिति के सचिव पंकज ठाकुर ने बताया कि काफी दिनों से भोपाल से पटना के लिए सीधी फ्लाइट की मांग भोजपुरी समाज द्वारा की जा रही थी। जिसे नागरिक उड्डयन विभाग ने पूरी कर भोजपुरी समाज को सौगात दी है। उन्हेंने कहा कि समिति ने भोपाल से वाराणसी के लिए भी सीधी फ्लाइट सेवा आरंभ करने की मांग की है।

सीहोर विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय पहुंचे प्रमुख सचिव

ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव मनीष सिंह ने निरीक्षण कर उपभोक्ताओं से लिया फीडबैक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव मनीष सिंह ने शुक्रवार को सीहोर जिले का दौरा कर विद्युत वितरण व्यवस्था की समीक्षा की। सिंह ने बिजली वितरण प्रणाली की मजबूती को परखा एवं आम उपभोक्ताओं के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को भी समझा।

इस अवसर पर मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक भोपाल क्षेत्र बीबीएस परिहार, महाप्रबंधक सीहोर वृत्त पूनम तुमराम, उप महाप्रबंधक (संचारण एवं संधारण) अंकित पालीवाल तथा उप महाप्रबंधक राजन मिश्रा उपस्थित थे। मनीष सिंह ने मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कपंनी द्वारा शुरू संपर्क अभियान–2026 के तहत

सीहोर में समीक्षा करते पीएस मनीष सिंह।

उपभोक्ता संपर्क शिविर का औचक निरीक्षण किया। शिविर में पहुंचे बिजली उपभोक्ताओं के चेहरे उस वक्त खिल उठे, जब खुद प्रमुख सचिव ने उपभोक्ताओं से उनकी शिकायतों, तकनीकी दिक्कतों और बिजली आपूर्ति को लेकर सुझाव मांगे। इस पारदर्शी संवाद की उपभोक्ताओं ने सराहना की। मौके पर ही प्रमुख सचिव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसामान्य से प्राप्त हर शिकायत का निराकरण प्रभावी ढंग से और पारदर्शिता के साथ समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए। प्रमुख सचिव ने 132 केवी उपकेंद्र बिजौरी और 33/11 केवी उपकेंद्र मंडी का भी निरीक्षण किया।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय में आयोजन

हथकरघा क्षेत्र में रोजगार अवसर पर मार्गदर्शन कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ अंतर्गत वाणिज्य एवं गृह विज्ञान विभाग द्वारा शुक्रवार को हथकरघा क्षेत्र में रोजगार अवसर पर मार्गदर्शन विषय पर व्याख्यान एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. शालिनी सक्सेना के मार्गदर्शन में हुआ और प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ आशा वर्मा द्वारा इस क्षेत्र में स्वरोजगार के अवसर बताए गए। प्राचार्य डॉ. शालिनी सक्सेना ने विद्यार्थियों को पारंपरिक हथकरघा

कला को आधुनिक रोजगार के अवसरों से जोड़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में शुचि अग्रवाल, गृह विज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापक निशा यादव, कार्यक्रम में डॉ. कीर्ति जैन, डॉ. राजेश श्रीवास्तव, डॉ. एसडी सिंह, डॉ. मीनाक्षी सक्सेना, डॉ. एमके गुप्ता तथा संयोजक समिति सदस्य डॉ. शिवाली शाक्या, डॉ. अनादि मिश्रा, डॉ. परिधि सोनी एवं डॉ. आकांक्षा चौधरी उपस्थित रहे।

रुक जाना नहीं सहित अन्य परीक्षाओं के परिणाम जारी

10वीं में 59.89, 12वीं में 52.44% छात्र हुए सफल

भोपाल। मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोड द्वारा जुलाई 2026 सत्र की विभिन्न परीक्षाओं के परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि बोर्ड द्वारा रुक जाना नहीं योजना, आ लौट चलें योजना, ओपन स्कूल (परम्परागत), आईटीआई 12वीं, सीबीएसई ऑन डिमांड कक्षा 12वीं और कक्षा 5वीं एवं 8वीं की परीक्षाएं 3 जुलाई से 17 जुलाई 2026 तक आयोजित की गई थीं। इन परीक्षाओं में कुल 98,410 परीक्षार्थियों ने भाग लिया था। रुक जाना नहीं योजना की कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 59.89 प्रतिशत और कक्षा 12वीं का परिणाम 52.44 प्रतिशत रहा।

जीआरपी महानिदेशक, सीपी ने की शिरकत

भटके यात्रियों को 'घर' पहुंचाने पर जीआरपी की सराहना

कार्यक्रम में मौजूद अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महापौर मालती राय ने जीआरपी मप्र द्वारा आयोजित ऑपरेशन हमदर्द के समापन एवं सम्मान समारोह का शुभारंभ किया।

उन्होंने शुक्रवार को पीपुल्स विश्वविद्यालय में दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जीआरपी द्वारा रेल यात्रियों की सुरक्षा एवं भटके हुए यात्रियों के गन्तव्य तक पहुंचाने के लिए किए गए कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर जीआरपी मप्र के महानिदेशक राजाबाबू सिंह, पुलिस कमिश्नर भोपाल संजय कुमार, पीपुल्स विश्वविद्यालय के कुलगुरू डॉ. हरीश राव सहित विद्यार्थी एवं नागरिक मौजूद थे।

स्वदेशी लाएगा कारीगरों के घरों में खुशियां और देश की अर्थव्यवस्था में मजबूती

द लवली लेडीज किटी ग्रुप में गूंजा 'मैं भी स्वदेशी समर्थक' अभियान का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

द लवली लेडीज किटी ग्रुप ने न्यू मार्केट स्थित क्वालिटी रेस्टोरेंट में शुक्रवार को किटी पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि स्वदेशी जागरण मंच, मध्य भारत प्रांत की महिला कार्यप्रमुख सीमा भारद्वाज ने मातृशक्ति के साथ स्वदेशी जीवन पद्धति, मैं भी स्वदेशी समर्थक अभियान, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबंधन, भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं तथा वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में मातृशक्ति की भूमिका पर संवाद किया।

राष्ट्रीय हथकरघा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए सीमा भारद्वाज ने मातृशक्तियों से आग्रह किया कि वे बुनकरों की मेहनत और समर्पण से तैयार किए गए भारतीय वस्त्रों को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि हमारे छोटे-छोटे निर्णय किसी कारीगर के घर में खुशहाली लाने के साथ-साथ देश की

द लवली लेडीज किटी ग्रुप के आयोजन में स्वदेशी पत्र का विमोचन करतीं स्वदेशी जागरण मंच, मध्य भारत प्रांत की महिला कार्यप्रमुख सीमा भारद्वाज और मातृशक्ति।

अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान कर सकते हैं। इस अवसर पर उपस्थित मातृशक्तियों ने मैं भी स्वदेशी समर्थक अभियान में पंजीयन करवाया तथा संकल्प लिया कि वे अपने परिवार, मित्रों, परिचितों और समाज के अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ेंगी।

स्वदेशी केवल वस्तुओं को खरीदने का विषय नहीं : सीमा भारद्वाज

सीमा भारद्वाज ने कहा कि स्वदेशी केवल वस्तुओं को खरीदने का विषय नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक भारतीय पद्धति है। उन्होंने बताया कि मैं भी स्वदेशी समर्थक अभियान राष्ट्रव्यापी अभियान 1 अगस्त से शुरू होकर 21 अगस्त तक चलेगा। यह निःशुल्क और डिजिटल अभियान है। क्यूआर कोड या लिंक के माध्यम से पंजीयन करने पर कुछ ही सेकंड में डिजिटल प्रमाण-पत्र प्राप्त हो जाता है। उन्होंने राष्ट्रहित में सभी नागरिकों से इस अभियान में सहभागी बनने और अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अभियान के सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं।

मातृशक्ति को भेंट की स्वदेशी वस्तुएं

कार्यक्रम में स्वदेशी पत्रकों का वितरण किया गया तथा मातृशक्ति को उपहार स्वरूप स्वदेशी वस्तुएं भेंट की गईं। एक बहन का जन्मदिन भारतीय एवं स्वदेशी पद्धति से मनाया गया, जिससे कार्यक्रम में आत्मीयता और भारतीय संस्कारों की सुंदर झलक देखने को मिली। कार्यक्रम में क्वालिटी रेस्टोरेंट की संचालिका रुचिका, सस्वदेशी जागरण मंच से जुड़ी स्वतंत्रता कर्जोतकर स्वतंत्रता कर्जोतकर, तात्या टोपे मंडल भाजपा की प्रमुख एवं महिला मोर्चा अध्यक्ष कविता अनुरागी, अर्चना वैद्य, पूनम यादव, वीणा सिंधु, पूर्णिमा गुप्ता, तारा पटवा, शीला पटवा, स्नेहलता पटवा, रीता शर्मा, रितिका गुप्ता, राधिका सहित सामाजिक एवं संगठनात्मक समूहों की प्रमुख महिलाएं उपस्थित रहीं।

04 45 साल पुराने सांची ब्रांड को मिला नया स्वरूप, ...

14 'अमृतस्य मध्यप्रदेश' ने ब्रिक्स सांस्कृतिक ...



राजधानी के पहले जनविश्वास शिविर में पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

श्याम नगर में घरों से बिक रही शराब गांजा और सुलोचन का नशा भी आम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आम लोगों में सरकार के प्रति विश्वास बढ़ाने के लिए शुक्रवार को राजधानी में पहला जनविश्वास अभियान शुरु किया गया। पहला शिविर दक्षिण-पश्चिम विधानसभा के वार्ड-47 श्याम नगर लिंक रोड नंबर तीन पर रखा गया, जहां महिलाओं ने माइक पर आकर घरों से शराब बेचने, सुलोचन और गांजे का नशा आम होने की बात कही। जिसको अफसरों ने गंभीरता से लेते हुए पुलिस अफसरों को इस पर ध्यान देने की बात कही। इस मौके पर अपर मुख्य सचिव गृह संजय शुक्ला भी मौजूद रहे। इसके साथ अधिकतर लोगों ने बीपीएल कार्ड, सफाई, सीवेज और नालियों की समस्याएं बताई।

माइक पर अपनी बात रखते हुए कल्ली बाई ने कहा कि कॉलोनियों में खुलेआम शराब, गांजा और सुलोचन बिक रहा है। छोटे-छोटे बच्चे और घर के पुरुष भी इसकी चपेट में हैं। पुलिस आती है, पैसा लेकर चली जाती है। महिलाएं इसकी शिकायत कई बार नेता और अफसरों से कर चुकी हैं, लेकिन कुछ दिन के बाद पहले जैसे हालात बन जाते हैं। एक अन्य महिला ने बताया कि उनकी बेटी जुन्नू 16 साल की हो चुकी है, लेकिन अब तक उसका आधार कार्ड नहीं बन पाया। रहवासी राखी ने कहा। आज शिविर होने की वजह से कॉलोनी साफ हो गई, लेकिन आम दिनों में कचरा नहीं उठता। सीवेज का गंदा पानी सड़कों पर बहता रहता है। कई रहवासियों ने सरकारी मकानों की खराब गुणवत्ता और समय पर मरम्मत नहीं होने की शिकायत भी की।

एससीएस गृह के सामने महिलाओं ने उठाई नशे के कारोबार पर आवाज

महिलाओं ने कहा आज नेता-अफसर आए तो कॉलोनी को कर दिया साफ

प्रत्येक शुक्रवार राजधानी के वार्डों में लगेंगे शिविर: विधायक सबनानी

वार्ड 47 में जनविश्वास अभियान में उमड़ी भीड़।

विधायक भगवानदास सबनानी ने कहा कि मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत प्रत्येक शुक्रवार वार्डों में पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनी जाएंगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में पेयजल, सीवरेज, स्वच्छता, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी सुविधाओं में सुधार के लिए काम किया जाएगा। महापौर मालती राय ने बताया कि शिविर में आने वाले आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण किया जाएगा।

समाज के साथ मिलकर चलाएंगे नशामुक्ति अभियान: एसीएस शुक्ला

अपर मुख्य सचिव गृह संजय शुक्ला ने कहा कि नशामुक्ति के लिए प्रशासन, पुलिस और समाज मिलकर काम करेंगे। युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण से जोड़ने और बच्चों की नियमित स्कूल उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए भी विशेष प्रयास किए जाएंगे। इधर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा और निगम कमिश्नर संस्कृति जैन ने कहा कि शिविर में मिले आवेदनों का टाइम लिमिट में निराकरण किया जाएगा।

मंच पर मौजूद विधायक सबनानी, एसीएस शुक्ला, मेयर राय, कलेक्टर मिश्रा।

रहवासियों ने मंच से उठाए ये मुद्दे

- कॉलोनियों में खुलेआम शराब, गांजा और सुलोचन बिकने की शिकायत
- पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने और पैसा लेकर लौटने का आरोप
- नियमित सफाई नहीं होने और सीवेज ओवरफ्लो की शिकायत
- सरकारी मकानों की खराब गुणवत्ता और मरम्मत नहीं होने का मुद्दा
- आधार कार्ड नहीं बनने से सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिलने की समस्या

बीपीएल कार्ड बनवाने आए, समग्र आईडी नहीं बनवाई

प्रेमलाल रजक निवासी श्याम नगर शिविर में बीपीएल कार्ड बनवाने के लिए आए, लेकिन उनके पास समग्र आईडी नहीं थी। जिसको लेकर रजक से कहा गया कि समग्र आईडी और अन्य दस्तावेज तहसील दफ्तर में जमा कराए जाएं, इसके बाद बीपीएल कार्ड बनाया जाएगा। आवेदक ने बताया कि उसको आयुष्मान कार्ड भी बनवाना है।

सीवेज की समस्या का समाधान नहीं किया

श्याम नगर निवासी शेष राव ने सीवेज के पानी की समस्या का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि नगर निगम के अफसरों को शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं दिया जाता है। रहवासी मोहन सिंह उइके ने पानी की टंकी की समस्या बताई।

नाली का पानी बहता रहता है...

तेजो बाई पत्नी हरिसिंह ने बताया कि श्याम नगर में नाली का पानी रोड पर बहता है।

सात व्यापारी संगठनों ने मिलकर बैरिकेड्स लगाने का किया विरोध

बैरिकेड्स लगाने के विरोध में पुराने शहर के थोक व्यापारी कारोबार बंद कर धरने पर बैठे

व्यापारियों ने विरोध प्रदर्शन कर चौक बाजार की अपनी दुकानें बंद रखी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुराने शहर के मोती मस्जिद चौराहे पर लगाए गए बैरिकेड्स को हटाने की मांग को लेकर शुक्रवार को सात व्यापारी संगठनों के व्यापारियों ने अपना थोक कारोबार बंद रखा और मोती मस्जिद के पास धरना दिया। व्यापारियों ने दोपहर 12 बजे दुकानें बंद कर दी और सड़क पर धरने पर बैठ गए। उनका कहना था कि बैरिकेड्स लगने से परेशानी हो रही है। इसके बावजूद पुलिस इन्हें नहीं हटा रही है। व्यापारियों के विरोध के चलते सभी थोक बाजार और अन्य दुकानें भी बंद रहीं।

मोती मस्जिद के सामने इकबाल मैदान चौराहे पर पुलिस ने बैरिकेडिंग की है। इससे भोज सेतु की तरफ से आने वाले वाहनों को सदर मंजिल, चिरायु हॉस्पिटल होते हुए लखेरापुरा, चौक बाजार, सराफा, जुमेराती, बुधवारा, इब्राहिमगंज समेत अन्य बाजारों की ओर जाना पड़ता है। इससे उनकी परेशानी बढ़ जाती है, जबकि पहले वे सीधे बाजारों में चले जाते थे। बीते दिनों चौक बाजार में दुकान में आग लगने पर दमकल को घूमकर पहुंचने में काफी देरी हुई थी। तब से ही व्यापारी नाराज हैं।

बंद रहा चौक बाजार, इब्राहिमपुरा नदीम रोड समेत थोक बाजार

बैरिकेड्स लगाने से आम लोगों की मुश्किलें भी बढ़ी

बैरिकेडस हटाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन व्यापारी।

बैरिकेड्स हटाओ, वर्ना जारी रहेगा आंदोलन: जैन

व्यापारी संघ के अध्यक्ष अभिषेक जैन ने बताया कि प्रदर्शन तब तक जारी रहेगा, जब तक कि पुलिस बैरिकेड्स नहीं हटा दे। इससे पहले बुधवार को पुलिस और प्रशासन को रैली निकालकर चेतावनी दी गई थी। धरना-प्रदर्शन में भोपाल व्यवासायी महासंघ, सराफा एसोसिएशन, फेडरशन ऑफ राजधानी वस्त्र व्यवसायी संघ, ओल्ड भोपाल होलसेल रेडीमेड संघ, आजाद मार्केट व्यावसायी संघ, नदीम रोड व्यापारी संघ, इब्राहिमपुरा व्यापारी संघ के पदाधिकारी भी मौजूद रहे थे। इसके पहले व्यापारियों ने बैठक कर विरोध की रणनीति तैयार की थी और सभी ने इस पर सहमति दी थी।

फायर हाईड्रेंट सिस्टम खराब मिला, दोबारा दिया नोटिस

आईबी लाइब्रेरी का बेसमेंट सील, एचडीएफसी बैंक समेत आठ संस्थानों को ननि का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपी नगर क्षेत्र में अग्नि सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर नगर निगम के अमले ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की। फायर सेफ्टी के पर्याप्त इंतजाम नहीं मिलने पर आईबी लाइब्रेरी के बेसमेंट को सील कर दिया गया, जबकि एचडीएफसी बैंक सहित आठ संस्थानों को दो दिन के भीतर अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के नोटिस जारी किए गए हैं।

फायर ब्रिगेड, जोनल अधिकारियों और जिला प्रशासन की टीम ने विभिन्न कोचिंग संस्थानों, लाइब्रेरी और व्यावसायिक भवनों का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान भूखंड क्रमांक 15, जोन-2, एमपी नगर स्थित आईबी लाइब्रेरी में आवश्यक अग्नि सुरक्षा प्रबंध नहीं पाए गए। इसके बाद भवन के बेसमेंट को तत्काल सील करने की कार्रवाई की गई।

आईबी लाइब्रेरी के बेसमेट को सील करते नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी।

नीट मेंटर क्लासेस को फायर सेफ्टी व्यवस्थाओं के लिए नोटिस

भूखंड क्रमांक 10-बी पर संचालित नीट मेंटर क्लासेस को फायर सेफ्टी व्यवस्थाएं पूरी करने के लिए समय दिया गया। इसी भवन में स्थित एचडीएफसी बैंक को स्मोक डिटेक्टर, फायर अलार्म सिस्टम और फायर एक्सटिंग्विशर स्थापित करने के निर्देश दिए गए तथा दो दिन में नोटिस का जवाब देने को कहा गया।

फायर एग्जिट व फिक्स्ड फायर सिस्टम लगाने के निर्देश दिए

भूखंड क्रमांक 132 पर संचालित महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट के भवन स्वामी को 10 अगस्त तक जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। एजुकेशन भवन और रॉव अकादमी को फायर हाइड्रेंट सिस्टम स्थापित करने तथा दो दिन में अनुपालन रिपोर्ट देने को कहा गया। भूखंड क्रमांक 283 पर संचालित प्रतिज्ञा समाजसेवा कल्याण समिति को फायर एग्जिट व्यवस्था सुनिश्चित करने और आराध्या लाइब्रेरी को फायर एग्जिट व फिक्स्ड फायर सिस्टम स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं।

कचरे में मिले कागजों से पकड़ी फर्म, 20 हजार का जुर्माना ठोका

भोपाल। खुले में कचरा फेंकने वालों के खिलाफ नगर निगम ने सख्त कार्रवाई करते हुए गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र की एक फर्म को कचरे में मिले दस्तावेजों के आधार पर ढूंढ निकाला और उस पर 20 हजार रुपए का स्पॉट फाइन लगाया। निगम ने अस्पताल, कॉलेज, बिना लाइसेंस कारोबार और सड़क पर निर्माण सामग्री रखने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई करते हुए 106 प्रकरणों में 65,400 रुपए जुर्माने के रूप में वसूले। टीम को वार्ड-65 के अंतर्गत 80 फीट रोड, गोविंदपुरा में कचरा मिला। जांच में कचरे से मिले कागजों के आधार पर 16 सी औद्योगिक क्षेत्र स्थित श्री लेमिनेट्स की पहचान की गई और मौके पर 20 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया। वार्ड-62 के गायत्री अस्पताल पर खुले में बायो-मेडिकल वेस्ट फेंकने पर 10,200 रुपए का जुर्माना लगाया।

निशातपुरा कोच फैक्ट्री में चार माह में 372 कोचों का मेंटेनेंस

भोपाल। निशातपुरा कोच फैक्ट्री में पिछले चार माह में रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है। पिछले 37 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ते हुए इन चार माह में करीब 372 कोचों का मेंटेनेंस किया गया। जानकारी के अनुसार पमरे जोन के भोपाल रेल कारखाने में कोचों का पीरियोडिक ओवरहॉलिंग कार्य निरंतर उत्कृष्टता के साथ किया जा रहा है। मुख्य कारखाना प्रबंधक के मार्गदर्शन में अनुरक्षण डिपो ने चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रथम चार माह में कुल 372 कोचों का सफलतापूर्वक पीरियोडिक ओवर हॉलिंग (पीओएच) कर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। जबकि जुलाई में 86 कोचों का पीओएच किया गया है।

बिजनेस साइट

फ्लेक्सीकैप फंड में मिलने वाली विविधता के लिए एक्सपर्ट की ज़रूरत क्यों

भोपाल। फ्लेक्सीकैप निवेश की एक खास बात इसमें मिलने वाली विविधता है। क्योंकि यह फंड किसी एक मार्केट कैप कैटेगरी तक सीमित नहीं होता, इसलिए इसके निवेश का दायरा पूरे लिस्टेड मार्केट तक फैला होता है - इसमें अलग-अलग सेक्टर की लार्ज, मिड और स्मॉल कंपनियां शामिल होती हैं। असल में, इसका मतलब है कि एक फ्लेक्सीकैप फंड एक सेक्टर की जानी-मानी कंपनी और दूसरे सेक्टर के बहुत छोटे बिज़नेस, दोनों में निवेश कर सकता है, अगर एनालिसिस दोनों के पक्ष में हो।

यह विविधता एक फायदा तो है, लेकिन इससे फंड मैनेजमेंट की चुनौती भी बढ़ जाती है। सीमित कैटेगरी में, फंड मैनेजर का दायरा तय और अपेक्षाकृत छोटा होता है। फ्लेक्सीकैप फंड में, मैनेजर को बहुत सारे बिज़नेस पर नज़र रखनी होती है, यह समझना होता है कि अलग-अलग सेक्टर की स्थिति क्या है, और यह तय करना होता है कि कौन से स्टॉक खरीदने हैं और कंपनियों के साइज़ के हिसाब से कितना पैसा लगाना है। हालात बदलने के साथ ये फैसले भी बदलने पड़ते हैं।

एक आम निवेशक के लिए ऐसा काम करना मुश्किल होता है। किसी बिज़नेस का सही आकलन करने के लिए उसके फाइनेंशियल परफॉर्मेंस, जिस इंडस्ट्री में वह काम करता है उसकी स्थिति, मैनेजमेंट की क्वालिटी और व्यापक मैक्रो माहौल को देखना ज़रूरी होता है। कुछ कंपनियों के लिए ऐसा करना तो मुमकिन है। लेकिन सैकड़ों कंपनियों के लिए लगातार ऐसा करना मुमकिन नहीं है।

यहीं पर प्रोफेशनली मैनेज किए जाने वाले फंड का स्ट्रक्चर काम आता है। फ्लेक्सीकैप पोर्टफोलियो चलाने वाला फंड मैनेजर आम तौर पर एक रिसर्च टीम के साथ काम करता है जो अलग-अलग सेक्टर और मार्केट कैप वाली कंपनियों की कमाई, कॉम्पिटिटिव पोज़िशनिंग और मैनेजमेंट की क्वालिटी पर नज़र रखती है। क्या खरीदना है, क्या होल्ड करना है और एलोकेशन कहाँ बदलना है, इसके फैसले मार्केट की अफवाहों के बजाय इसी काम के आधार पर लिए जाते हैं।

आयुष अग्रवाल
डायरेक्टर, सोलारी वेल्थ प्राइवेट लिमिटेड

भारत की इकॉनमी अलग-अलग साइज़ और मैच्योरिटी स्टेज वाले कई तरह के बिज़नेस और सेक्टर में बढ़ रही है। फ्लेक्सीकैप फंड उस ग्रोथ में शामिल होने का एक तरीका देता है, बिना इसके कि आपको अलग-अलग मौकों की पहचान करनी पड़े पोर्टफोलियो को एक फंड मैनेजर बनाता और एडजस्ट करता है, जिसे एक रिसर्च टीम का सपोर्ट मिलता है, जिसका काम ही यही होता है।

ऐसा ही एक बेहतरीन विकल्प आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल फ्लेक्सीकैप फंड है। मार्केट कैप के हिसाब से इसका प्रभावशाली एलोकेशन इसे बदलते मार्केट के हालात में सही फैसले लेने में मदद करता है। 30 जून 2026 तक, इस स्कीम ने एक साल में 5.09%, तीन साल में 15.39% और शुरू होने के समय (जुलाई 2021) से 14.55% का सीएजीआर दिया।

एमपीसीडीएफ और एनडीडीबी के अधिकारियों ने आधुनिक सांची रथ को दिखाई हरी झंडी

45 साल पुराने सांची ब्रांड को मिला नया स्वरूप, नई पहचान के साथ उत्पाद आकर्षक पैकेजिंग में लॉन्च

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मप्र राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ (एमपीसीडीएफ) ने अपने प्रतिष्ठित डेयरी ब्रांड 'सांची' को नई ब्रांड पहचान और आधुनिक पैकेजिंग के साथ पेश किया है। इसके साथ ही एमपीसीडीएफ और एनडीडीबी के अधिकारियों ने आधुनिक सांची रथ को हरी झंडी दिखाई। सांची के नए स्वरूप वाले उत्पाद 8 अगस्त 2026 से भोपाल बाजार में उपलब्ध होंगे। शुक्रवार को आयोजित लांचिंग समारोह में सांची की नई पैकेजिंग और ब्रांड पहचान का अनावरण किया गया।

कार्यक्रम में नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी ईडी वी. श्रीधर, महाप्रबंधक अभिजीत भट्टाचार्य, ग्रुप हेड मार्केटिंग सपन सिन्हा और एमपीसीडीएफ के प्रबंध संचालक डॉ. संजय गोवाणी, भोपाल सांची दुग्ध संघ के सीईओ प्रितेश जोशी सहित बड़ी संख्या में वितरक एवं खुदरा विक्रेता मौजूद रहे।

कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी।

किसानों के कल्याण के प्रति सहकारी संस्थाओं की प्रतिबद्धता

एनडीडीबी के ईडी मुकेश मीणा ने कहा कि सांची मप्र की दुग्ध सहकारी समितियों और किसानों की मेहनत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि नई ब्रांड पहचान गुणवत्ता, उपभोक्ता विश्वास और दुग्ध उत्पादक किसानों के कल्याण के प्रति सहकारी संस्थाओं की प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगी। एमपीसीडीएफ के एमडी डॉ. संजय गोवाणी ने कहा कि पिछले 45 वर्षों से सांची भोपाल के लाखों परिवारों का भरोसेमंद ब्रांड रहा है।

पैकेजिंग भोपाल दुग्ध संघ के आधुनिक संयंत्र में

नई पैकेजिंग सांची के पूरे उत्पाद पोर्टफोलियो पर लागू की गई है। इसमें स्मार्ट, गोल्ड, ताजा और शक्ति दूध, सादा दही, पनीर, मट्ठा, छाछ और चाय दूध (चाह) जैसे उत्पाद शामिल हैं। सांची दूध का उत्पादन और पैकेजिंग भोपाल दुग्ध संघ के आधुनिक संयंत्र में किया जाता है, जहां एफएसएसएआई मानकों के अनुरूप गुणवत्ता जांच की जाती है। कंपनी के अनुसार, दूध मध्यप्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों की सहकारी दुग्ध समितियों से प्राप्त किया जाता है और विश्वस्तरीय मशीनों से 42 गुणवत्ता परीक्षणों के बाद उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जाता है।

खुले दूध से बचें: डॉ. गोवाणी

मध्यप्रदेश राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ (एमपीसीडीएफ) के प्रबंध संचालक डॉ. संजय गोवाणी ने उपभोक्ताओं से खुले दूध के उपयोग से बचने की अपील की है। डॉ. गोवाणी ने बताया कि सांची दूध उपभोक्ताओं तक पहुंचने से पहले लगभग 40 प्रकार की गुणवत्ता जांच प्रक्रियाओं से गुजरता है। इसके बाद ही इसे पैकेट में विक्रय के लिए उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे खुले दूध के स्थान पर गुणवत्तापूर्ण पैक्ड दूध का उपयोग करें और अपने परिवार के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए सांची दूध को प्राथमिकता दें।

जस्ट डायल नंबर से किया कॉल

ट्रैवल्स एजेंसी की इनोवा गाड़ी लेकर ड्राइवर फरार

कुछ दिन गाड़ी चलाकर दिया किराया फिर गाड़ी लेकर चंपत हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिपलानी थाना क्षेत्र में एक ट्रैवल्स कंपनी की इनोवा लेकर ड्राइवर फरार हो गया। दरअसल, ट्रैवल्स एजेंसी का नंबर जस्ट डायल पर है। ड्राइवर ने जस्ट डायल पर मौजूद नंबर से कॉल कर कहा था कि आपको ड्राइवर की जरूरत है। इसके बाद उसने कुछ दिन इनोवा चलाई और बाद में इनोवा लेकर फरार हो गया।

पुलिस ने आरोपी ड्राइवर पर अमानत में खयानत का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार रामस्वरूप चौकसे (49) हताईखेडा रोड, बाल विहार आनंद नगर में रहते हैं और ट्रैवल्स एजेंसी का संचालन करते हैं। उनकी ट्रैवल्स एजेंसी का नंबर जस्ट डायल पर है। उनके पास राजकुमार विश्वकर्मा (40) मकान नंबर -173 गुलमोहर कॉलोनी, शाहपुरा का कॉल आया। उसने कहा कि आपको कोई ड्राइवर चाहिएं। रामस्वरूप ने कहा कि हां ड्राइवर चाहिए। इसके बाद राजकुमार उनके पास पहुंचा और उनकी इनोवा गाड़ी चलाने लगा। कुछ दिन तक उसने गाड़ी चलाई और किराया दिया। 15 जुलाई 2026 की सुबह करीब आठ बजे राजकुमार विश्वकर्मा उनकी इनोवा लेकर निकल गया। तीन दिन बाद 18 जुलाई तक उसका कुछ पता नहीं था। रामस्वरूप ने राजकुमार के नंबर पर कॉल किया, लेकिन उसका नंबर बंद हो चुका था।

रामस्वरूप को संदेह है कि आरोपी राजकुमार विश्वकर्मा उनकी गाड़ी बेच सकता है। लिहाजा उन्होंने पिपलानी पुलिस को शिकायत की।

खबर संक्षेप

इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर युवती का दैहिक शोषण

भोपाल। अरेरा हिल्स में 18 साल की युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी करीब एक साल से युवती से शारीरिक संबंध बना रहा था। युवती ने युवक का विरोध किया तो आरोपी युवक ने वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए उसके साथ मारपीट कर दी। परेशान होकर युवती ने पिता को घटना की जानकारी दी। पिता उसे लेकर थाने पहुंचे और प्रकरण दर्ज कराया। पुलिस के अनुसार 18 साल की युवती इलाके में रहती है। बारहवीं की परीक्षा पास करने के बाद वह कॉलेज पढ़ रही है। उसके परिवार में पिता और छोटी बहन है। फरवरी 2025 में उसकी दोस्ती अरुण धानक से हुई थी। चेटिंग और मोबाइल पर बातचीत होने के कारण अरुण धानक युवती के घर जाने लगा। पिता और छोटी बहन की गैरमौजूदगी में वह युवती से शारीरिक संबंध बना रहा था। युवती के विरोध करने पर आरोपी अरुण ने मारपीट की। साथ ही वीडियो वायरल करने की धमकी दी।

जेल से छूटकर देवर ने दूसरी बार किया दुष्कर्म

भोपाल। बैरसिया थाना क्षेत्र में देवर द्वारा भाभी से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी पूर्व में भी पीड़िता से दुष्कर्म कर चुका है और जेल में रह चुका है। जमानत पर वह बाहर था और शराब के नशे में एक बार फिर उसने भाभी के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता का कहना है कि पति की मौत के बाद से आरोपी उसे लगातार परेशान कर रहा है। पुलिस के अनुसार 35 साल की महिला इलाके में रहती है। वर्ष 2022 में उसके पति की मौत हो चुकी है। उसके दो छोटे बच्चे हैं। देवर शराबी है और पति की मौत के बाद से उसे परेशान कर रहा था। वर्ष 2022 में उसने पति की मौत के कुछ समय बाद ही उससे दुष्कर्म किया। विरोध करने पर मारपीट भी की थी। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई और पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दिया था। इसके बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया था।

शुभांक

कल्याण:	8350		
दिन:	113	59	126
रात:	456	54	347
तारा:			
दिन:	189	89	388
रात:	256	-3	

बैरसिया स्थित नजीराबाद रोड के देवलखेड़ी गांव का मामला

मंदिर के पास बाइक खड़ी कर शर्ट उतारी नदी में नहाने उतरा युवक डूबा... मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित नजीराबाद रोड के देवलखेड़ी गांव में मनकामेश्वरी मंदिर के पास बाइक खड़ी करने के बाद एक युवक नदी में नहाने उतर गया। गहरे पानी में जाने के कारण वह नदी से बाहर नहीं निकला। चौकीदार की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवक का शव बाहर निकाल लिया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार राहुल जाटव पिता रामप्रसाद जाटव (25) दीनदयाल वार्ड, बैरसिया में रहता था और प्राइवेट काम करता था। शुक्रवार सुबह वह बाइक से मनकामेश्वरी मंदिर देवलखेड़ी पहुंचा। उसने मंदिर के पास सड़क किनारे बाइक खड़ी की और शर्ट सहित बनियान उतारकर रख दी। वह नदी में नहाने के लिए उतरा था, लेकिन बाहर नहीं आया। चौकीदार ने बाइक और कपड़े देखकर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी में सर्चिंग कराई। इस दौरान राहुल का शव पानी से बाहर निकाल लिया गया। गोताखोरों ने पुलिस को बताया कि नदी में महज पांच से छह फीट पानी है। चट्टान वाली नदी होने के कारण कहीं कम तो कहीं ज्यादा पानी है।



पल्सर की टक्कर से एक्टिवा सवार बुजुर्ग की मौत

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित आनंद नगर में पल्सर बाइक की टक्कर से घायल एक्टिवा सवार की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाली पल्सर बाइक के नंबर के आधार पर आरोपी चालक की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार जहीर अंसारी (60) आनंदपुरा कोकता, बिलखिरिया में रहते थे। गत 2 अगस्त की शाम एक्टिवा से आनंद नगर से हताईखेड़ा की तरफ जा रहे थे। करीब साढ़े चार बजे के आसपास वह हथाईखेड़ा दरगाह के पास पहुंचे ही थे कि सामने से आ रही पल्सर बाइक के चालक ने तेजी और लापरवाहीपूर्वक बाइक चलाते हुए उनकी एक्टिवा में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बुजुर्ग जहीर अंसारी एक्टिवा सहित सड़क पर गिर गए थे। इस हादसे में उन्हें सिर और हाथ पैर सहित पूरे शरीर में गंभीर चोट थी। राहगीर उन्हें हताईखेड़ा स्थित शासकीय अस्पताल लेकर पहुंचे थे। राहगीरों ने घटना की जानकारी जहीर के बेटे अफसर को दी थी। अफसर पिता को लेकर अन्य अस्पताल गया, वहां पिता का इलाज करा रहा था। चोट अधिक होने के कारण गुरुवार रात पिता जहीर की इलाज के दौरान मौत हो गई।

मनोचिकित्सक के पास चल रहा था इलाज

बेटे की मौत से दुखी मां ने फांसी लगाकर दी जान

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित रामेश्वरम कॉलोनी, ईडब्ल्यूएस में रहने वाली 64 साल की बुजुर्ग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनकी लाश बेटे के दोस्त ने गुरुवार शाम खिड़की की ग्रिल पर फांसी के फंदे पर लटकी देखी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए मर्चूरी भेज दी है। उनका बेटा बिलासपुर से लौट आया है। शनिवार को शव का पीएम कराया जाएगा। पुलिस के अनुसार ज्योति 64, रामेश्वरम कॉलोनी ईडब्ल्यूएस में रहती थीं। वह जल संसाधन विभाग से रिटायर्ड थी। उनके परिवार में पति और दो बेटे थे। पति का निधन काफी पहले हो चुका है। चार साल पहले एक बेटे की भी बीमारी से मौत हो गई। बेटे की मौत के बाद वह डिप्रेशन में रहने लगी। परिवार में इकलौटा बेटा और बहू है। उनका मनोचिकित्सक के पास इलाज भी चल रहा था। ज्योति का बेटा गत दिनों पत्नी के साथ काम की तलाश में बिलासपुर गया था। उसने पास ही रहने वाले अपने दोस्त विनय रघुवंशी से कहा था कि मां को रोज सुबह-शाम खाना दे आना। विनय गुरुवार शाम ज्योति को खाना देने के लिए उसके घर पहुंचा था। इस दौरान उसने ज्योति को खिड़की की ग्रिल पर फांसी के फंदे के सहारे लटके देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है।

सहायक प्रबंधक से गालीगलौज

गाड़ी के क्लेम में देरी होने से नाराज युवक का इंश्योरेंस कंपनी में हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपी नगर थाना क्षेत्र स्थित जोन वन ओरियंटल इंश्यौरेंस कंपनी में पहुंचे युवक ने महिला सहायक प्रबंधक से गालीगलौज करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दे दी। वह अपने मामा की गाड़ी के क्लेम में हो रही देरी के कारण पहुंचा था। पहुंचते ही उसने धमकाते हुए कहा कि मुझे पियूष त्रिपाठी कहते हैं।

मारपीट का प्रयास, शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का मामला दर्ज

पुलिस ने महिला सहायक प्रबंधक की शिकायत पर आरोपी पियूष त्रिपाठी के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार नूतन चौकसे (41) मयूरी परिसर, अयोध्या बायपास पर रहती हैं। उन्होंने अपने पति के साथ एमपी नगर थाने पहुंचकर शिकायत की। शिकायत में उन्होंने बताया कि मैं ओरियंटल इंश्यौरेंस कंपनी जोन-वन में सहायक प्रबंधक हूं। गत 4 अगस्त की दोपहर करीब पौने एक बजे में ऑफिस में काम कर रही थी।

इसी दौरान एक युवक आया। उसने कहा कि मुझे पियूष त्रिपाठी कहते हैं। मेरे मामा राजीव पांडे की गाड़ी का क्लेम होने के संबंध में आया हूं। क्लेम में क्या दिक्कत है। आप मेरे मामाजी राजीव पांडे का दावा एवं भूगतान क्यों नहीं कर रही हो।

उन्होंने पियूष त्रिपाठी से बात करने की कोशिश की, लेकिन वह गालीगलौज करने लगा। नूतन चौकसे उसे इंचार्ज दीपा सूर्यवंशी के कैबिन में लेकर पहुंची। वह कैबिन के बाहर चिल्लाते हुए फिर उनके पास पहुंच गया और मारपीट करने का प्रयास किया। वह लगातार गालियां दे रहा था और कह रहा था कि हमारा क्लेम प्रोसेस नहीं हुआ जान से खत्म कर दूंगा।

देशभर के श्रम विभागों, ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों ने की सहभागिता

निफ्टू के पदाधिकारियों ने नोएडा में प्रशिक्षण कार्यक्रम में लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्रम कानूनों में हो रहे व्यापक बदलावों और उनके कर्मचारियों पर पड़ने वाले प्रभावों को समझने तथा श्रमिक हितों की प्रभावी पैरवी के उद्देश्य से निफ्टू द्वारा नामित बीएचईएल के पदाधिकारियों ने 3 से 5 अगस्त तक वीवी गिरी राष्ट्रीय श्रम संस्थान, नोएडा में आयोजित तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम के लिए निफ्टू के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दीपक जायसवाल एवं राष्ट्रीय महासचिव डॉ. विराट जायसवाल द्वारा रामनारायण गिरी की अनुशंसा पर प्रतिनिधियों को नामित किया गया।

कार्यक्रम में ऐबू भोपाल के कार्यवाहक अध्यक्ष एवं निफ्टू के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष सोनी, कोषाध्यक्ष एवं निफ्टू के राष्ट्रीय सचिव विशाल वाणी, सहकोषाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, कार्यालय मंत्री योगेश देवस्कर एवं उपाध्यक्ष जयप्रकाश चौधरी ने सहभागिता की। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान

कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिनिधि।

इंडस्ट्रियल रिलेशंस कोड, 2020 (औद्योगिक संबंध संहिता), कोड ऑन वेजेज, 2019 (मजदूरी संहिता), कोड ऑन सोशल सिक्योरिटी, 2020 (सामाजिक सुरक्षा संहिता) तथा ऑक्यूपेशनल सेफ्टी, हेल्थ एंड वर्किंग कंडीशंस कोड, 2020 (व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य दशाएं संहिता) सहित श्रम कानूनों से जुड़े विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी गई। प्रतिनिधियों ने एसोसिएट फेलो डॉ. मेघना दासगुप्ता, सेवानिवृत्त डीएलसी प्रभाकर मिश्रा, डीके सिंह, फेलो डॉ. एलीना सहित श्रम विभाग के अधिकारियों तथा आयोजन से जुड़े अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

शराब की तस्कर के दोषी को एक वर्ष की सजा

भोपाल। अवैध रूप से शराब की तस्करी करने वाले आरोपी धीरज विश्वकर्मा को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी राहुल सिंह यादव ने मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा- 34 (1) एवं 34 (2) के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए एक वर्ष के सश्रम कारावास और 30,000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अभियोजन के अनुसार 11 दिसंबर 2025 को आबकारी वृत क्रमांक 3.के उप निरीक्षक ने ग्राम चोपड़ा कला विदिशा रोड के पास भोपाल पर नाका लगाकर जांच की गई। जांच के दौरान वाहन एचआर 20 एबी 1608 स्कॉर्पियो रोक कर जांच करने पर वाहन की डिक्की में 7 पेटी ओल्ड मंक जिसमें 78 बोतल, 2 पेटी मोमेंट वोदका की 24 बोतल और 3 पेटी मैक डबल ड्रम 36 बोतल मिली जिनकी कुल मात्रा 103.50 बल्क लीटर अवैध शराब थी।

वरिष्ठ साहित्यकार मूलाणी व कवि मोटवाणी का किया सम्मान

कविताओं में मानवता की सेवा का पढ़ाया गया है पाठः मूलानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संतनगर की प्रमुख सामाजिक सस्था पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा वरिष्ठ साहित्यकार खीमण यू मूलाणी व कवि कन्हैयालाल मोटवाणी (मांदो) का सम्मान किया गया। यह सम्मान सिंधियत की सेवा के लिए किया गया।

इस अवसर पर कवि कन्हैयालाल मोटवाणी को भोजराज खेमाणी थाणे वेस्ट मुम्बई पार्क द्वारा सिंधी व सिंधियत की सेवा के लिए 11000 रुपए का चेक वरिष्ठ साहित्यकार खीमण यू मूलाणी द्वारा भेंट किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार मूलाणी ने कहा कि मोटवाणी एक अच्छे कवि है। उनकी कविताओं में समाज व

सम्मान कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

मानवता की सेवा का पाठ पढ़ाया गया है। पंचायत अध्यक्ष माधू चांदवानी ने भी मोटवाणी की प्रशंसा की। इस अवसर पर पंचायत महासचिव राज कुमार वाधवानी, उप ब्लाक अध्यक्ष कांग्रेस घनश्याम लालवानी, रामचंद सबनानी, राकेश शेवानी, जेठानंद मंगतानी, अमित राजानी, परषोत्तम हरचंदानी, माधव पारदासानी, हरनाम पेसवानी, चुन्नीलाल जेठानी बूलचंद वासवानी आदि उपस्थित थे।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण, अधिकारियों ने दी व्यवस्थाओं की जानकारी

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान-2026

मंत्री पटेल और विधायक पटवा ने मरीजों से पूछी कुशलक्षेम कम वजन वाले बच्चों को पोषण आहार किट वितरित की

अस्पताल में उपस्थित मंत्री पटेल व विधायक पटवा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान-2026 अंतर्गत शुक्रवार को स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल तथा भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया गया।

उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के विभिन्न वार्डों में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मरीजों से उपचार के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान स्वास्थ्य राज्यमंत्री पटेल तथा विधायक पटवा ने कम वजन वाले बच्चों को पोषण आहार किट वितरित की। कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा एवं सीएमएचओ तथा बीएमओ ने मंत्री विधायक को स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं के बारे में बताया। इस अवसर पर एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, नपा अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, जीतू नंदवंशी, अभिषेक सेन आदि उपस्थित रहे।

सांदीपनि विद्यालय में विद्यार्थियों से किया संवाद

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रारंभ किए गए मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान अंतर्गत शुक्रवार को शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, औबेदुल्लागंज में विद्यार्थियों से संवाद किया गया। दौरान विद्यार्थियों की शिक्षा, आकांक्षाओं एवं भविष्य को लेकर चर्चा कीं। विद्यालय के शिक्षकों से संवाद कर शैक्षणिक व्यवस्थाओं एवं आवश्यकताओं के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, विधायक सुरेंद्र पटवा, कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा, एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, तहसीलदार नीलेश सरवटे, टीआई भारत प्रताप सिंह, नपा अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, जीतू नंदवंशी, अभिषेक सेन, सांदीपनि विद्यालय के स्टाफ उपस्थित रहा।

कमिश्नर शर्मा ने औबेदुल्लागंज जनपद पंचायत कार्यालय का लिया जायजा

निरीक्षण करते कमिश्नर शर्मा।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान-2026 अंतर्गत भोपाल कमिश्नर करमवीर शर्मा ने औबेदुल्लागंज जनपद पंचायत कार्यालय का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कार्यालय की विभिन्न शाखाओं, कक्षों में जाकर व्यवस्थाओं को देखा और जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा तथा जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव जनपद सीईओ निखिलेश कटारे आदि साथ रहे।

महिला का आरोप लगाने वाला वीडिया वायरल

महिला बोली- 50 हजार रुपए दिए, फिर किया है अतिक्रमण

वीडियो में मौजूद अमला।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

वन मंडल के रेंज गौहरगंज में बीट सिहोरा के खोह में फारेस्ट की टीम अतिक्रमण हटाने गई थी। इस घटना का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें एक महिला एवं अन्य लोग आरोप लगा रहे हैं कि हमने 50 हजार दिए हैं फिर अतिक्रमण किया है फिर क्यों हटा रहे हो। आपको 50 दिए हैं। वीडियो में गौहरगंज सर्किल के डिप्टी रेंजर बलराज सिंह, नाकेदार विठ्ठल, अमित दिखे रहे हैं। महिला जिस वन सुरक्षा समिति के कर्मचारी शमीम खान (दाढ़ी वाले) पर आरोप लगा रही है, वो भी वीडियो में दिखाई दे रहा है। वीडियो वायरल होने पर वन विभाग में हड़कंप मचा है। इस मामले में डीएफओ हेमंत रैकवार ने मामला संज्ञान में लिया है।

एससीएस मंडलोई ने मंडीदीप औद्योगिक क्षेत्र में वर्किंग वूमेन हॉस्टल, स्पोर्ट्स पार्क एवं फ्लैटेड इंडस्ट्रीज परियोजनाओं का किया निरीक्षण

अलग-अलग कारणों से 'जन विश्वास' में चार मंत्री नहीं पहुंचे 4 जिलों में दो या अधिक मंत्री एक साथ पहुंचे समस्या सुलझाने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश भर में शुक्रवार को एक साथ जन विश्वास अभियान के तहत मंत्रियों, अफसरों ने आम लोगों के पास पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान किया। चार मंत्री अलग-अलग कारणों से कहीं नहीं जा पाए। चैतन्य काश्यप मुंबई में होने की वजह से, विजय शाह सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई की वजह से, राज्य मंत्री राधा सिंह धार्मिक यात्रा के कारण और मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर अस्वस्थ होने की वजह से नहीं पहुंच पाए। इसी तरह छिंदवाड़ा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ ही पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह तथा मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल कार्यक्रम में शामिल हुए। दमोह में तीन मंत्री इंदर सिंह परमार, धर्मेंद्र लोधी तथा लखन पटेल अभियान में शामिल हुए। राजगढ़ में मंत्री गौतम टेटवाल व नारायण सिंह पंवार तथा इंदौर में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय व तुलसी सिलावट पहुंचें, जबकि बाकी मंत्रियों के एक-एक जिलों में पहुंचने की खबर है।

एसीएस, पीएस व सचिवों ने भी तय जिलों में निरीक्षण कर समस्याओं का निदान किया

एसीएस मंडलोई मंडीदीप में समस्याएं जानी-

एसीएस नीरज मंडलोई औद्योगिक क्षेत्र मंडीदीप में पहुंचकर समस्याओं का जायजा लिया। उन्होंने निवेशकों को गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ श्रमिकों एवं कार्यरत महिलाओं के लिए बेहतर कार्य एवं आवासीय वातावरण सुनिश्चित करना भी जरूरी है। इसके साथ औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के अपर मुख्य सचिव मंडलोई ने शुक्रवार को मंडीदीप में विकास परियोजनाओं का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।

प्रमुख सचिव डॉ. संजय गोयल।

प्रमुख सचिव ने बच्चों की देखी पढ़ाई, शिक्षकों से लिया सुझाव

स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. संजय गोयल ने बच्चों के साथ बैठकर देखी पढ़ाई, शिक्षकों से संवाद कर शिक्षा की गुणवत्ता पर सुझाव दिए। उन्होंने निवाड़ी और टीकमगढ़ जिले के शासकीय विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण किया। कक्षाओं में जाकर बच्चों के बीच बैठकर पढ़ाई का अवलोकन किया। पाठ्य विषयों पर सवाल पूछे और शिक्षकों से संवाद कर शैक्षणिक व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति, शिक्षण व्यवस्था, बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान, स्वच्छता, मध्यान्ह भोजन, पुस्तक वितरण और अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा भी की।

संचालक खनिकर्म फ्रेंक ए. नोबल पहुंचे बालाघाट

जन विश्वास अभियान-2026 के तहत संचालक खनिकर्म फ्रेंक ए. नोबल ने अधिकारियों के साथ बालाघाट स्थित मॉयल भरवेली सभागृह में मैगनीज आधारित उद्योगों के उद्यमियों से संवाद किया। इस दौरान बड़ी संख्या में उद्यमी उपस्थित थे। उन्होंने बालाघाट जिले में खनिज मैगनीज उद्योग में नवीन संभावनाओं को देखते हुए खनिज आधारित उद्योगों में विभिन्न विषयों पर उद्यमियों को मार्गदर्शन दिया।

प्रदेश के सभी निकायों में को होगा निरीक्षण

नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने प्रदेश के सभी 413 नगरीय निकायों की व्यापक कार्ययोजना तैयार की है। अभियान में विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को विभिन्न नगरीय निकायों का प्रभार सौंपा गया है, जो प्रत्येक शुक्रवार मैदानी भ्रमण कर नागरिक सेवाओं, शहरी अधोसंरचना, स्वच्छता, डिजिटल सेवाओं तथा विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। अभियान में नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी शिकायतों का मौके पर समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। विशेष रूप से मुख्यमंत्री हेल्पलाइन एवं जन शिकायतों के निराकरण, लोक सेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत सेवाओं के समयबद्ध निस्तारण, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की प्रगति की समीक्षा के लिये विशेष बीएलबीसी बैठकों के आयोजन पर जोर रहेगा। साथ ही पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं के लाभ की पहुंच सुनिश्चित करने और लंबित प्रकरणों के त्वरित निपटान के लिए विशेष अभियान चलाए जाएंगे।

किसानों का कल्याण ही हमारा लक्ष्य, किसानों से संवाद का उत्सव है बलराम कृषि महोत्सव

खेत में बोहनी से लेकर बाजार में दाम दिलाने तक किसानों के साथ खड़ी है सरकार : डॉ. मोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारी सरकार की मंशा है कि प्रदेश के हर किसान के खेत-खलिहान और उनके घरों में समृद्धि आए। किसानों का हर तरीके से कल्याण ही हमारा लक्ष्य है और इसके लिए हम सभी जरूरी प्रयास कर रहे है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चलाया जा रहा बलराम कृषि महोत्सव किसानों को खेती-किसानी की नई तकनीकों से जोड़कर उन्हें वैज्ञानिक तरीके से खेती करने और समृद्ध भविष्य से जोड़ने का एक व्यापक अभियान है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को सीहोर जिले में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव कार्यक्रम को छिंदवाड़ा से वर्चुअली जुड़कर यहां के किसानों से संवाद किया। सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें हरसंभव सहायता देने के लिए पूरी तरह संकल्पित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार इस किसान कल्याण वर्ष में किसान हितैषी योजनाओं को प्राथमिकता के साथ हर किसान तक पहुंचा रही है। किसानों के खेतों में पानी, बिजली, खाद-बीज, कृषि यंत्र पहुंचाने के साथ उनके खातों में फसल बीमा, सम्मान निधि और ब्याज मुक्त ऋण की राशि पहुंचाई जा रही है।

मुख्यमंत्री ने सीहोर में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव से वर्चुअली जुड़कर किसानों से किया संवाद

00000000000

किसानों को फसल विविधिकरण को अपनाने के लिए प्रेरित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसान कल्याण वर्ष में राज्य सरकार सिंचाई सुविधाओं को बढ़ाने के साथ आधुनिक खेती, प्राकृतिक खेती और कृषि यंत्रों का विस्तार कर रही है। उन्होंने आय बढ़ाने के लिए किसानों को फसल विविधिकरण को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पशुपालन, मत्स्य पालन वर्तमान समय की मांग है, राज्य सरकार इन क्षेत्रों में हर संभव प्रोत्साहन दे रही है। दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए हमने दुग्ध समितियों का गठन किया

सोयाबीन उत्पादक किसानों की चिंता भावांतर भुगतान योजना से दूर की-

सोयाबीन उत्पादक किसानों की चिंता भावांतर भुगतान योजना से दूर की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहली बार श्रीअन्न (कोदो-कुटकी) की एमएसपी पर खरीदी हुई और किसानों को इसका बोनस भी मिला है। किसानों की मांग को ध्यान में रखते हुए पात्र किसानों से मूंग उपार्जन की सीमा 25 प्रतिशत से बढाकर 60 प्रतिशत कर दी गई है। राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा ने कहा कि किसानों के हित में अनेक निर्णय लिए जा रहे हैं। अब यदि किसी किसान की जमीन सड़क, नहर या अन्य शासकीय परियोजनाओं के लिए अधिग्रहित की जाएगी, तो किसान को चार गुना मुआवजा मिलेगा।

छिंदवाड़ा को औद्योगिक हब बनाने की दिशा में तेज होंगे प्रयास : मुख्यमंत्री

विशेष प्रतिनिधि, भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि स्थानीय उद्यमियों के व्यापार और उद्योगों को प्रोत्साहन सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने स्थानीय निवेशकों से अपने उद्योगों के विस्तार की दीर्घकालिक योजना बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार औद्योगिक क्षेत्रों में पानी, निर्बाध विद्युत आपूर्ति तथा अधोसंरचना विकास सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। मुख्यमंत्री ने छिंदवाड़ा जिले में रोजगारपरक उद्योगों, फूड पार्क, बहुफसली प्रसंस्करण इकाइयों, प्राकृतिक खेती तथा पशुपालन को बढ़ावा देने की बात कहीं। उन्होंने छिंदवाड़ा को औद्योगिक हब बनाने की दिशा में तेजी से प्रयास होंगे। डॉ यादव छिंदवाड़ा जिले में आयोजित उद्यमी और जनप्रतिनिधि संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उद्यमियों के सुझावों पर विचार कर कार्रवाई होगी

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि उद्यमियों से प्राप्त सभी उपयोगी सुझावों पर गंभीरता से विचार कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले उद्यमियों ने जिले के औद्योगिक विकास को गति देने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों के एकीकरण, पीपीपी मॉडल पर ट्रांसपोर्ट नगर की स्थापना, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण, एकीकृत कर प्रणाली, फ्लैटेड इंडस्ट्री, प्रोसेसिंग यूनिट तथा नवीन तकनीक के उपयोग संबंधी सुझाव दिए। डॉ यादव ने जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि जिले के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों और पॉलीटेक्निक से प्रशिक्षित युवाओं को स्वरोजगार अथवा स्थायी रोजगार से जोड़ने के लिए उनका नियमित फॉलोअप किया जाए। उन्होंने स्टार्ट-अप के तहत स्थापित सीएनजी एवं बायो-नेचुरल प्लांट के उद्यमियों से संवाद कर इकाइयों के संचालन की जानकारी प्राप्त की।

सीएम ने छात्राओं से किया संवाद

प्रशिक्षु छात्राएं तकनीकी दक्षता के साथ अपनी जड़ों से जुड़ें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास देश की युवा शक्ति को आत्मनिर्भर बनाने का सबसे सशक्त माध्यम है।

उन्होंने प्रशिक्षु छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वे अपने आत्मविश्वास को बनाए रखें, तकनीकी दक्षता के साथ अपनी जड़ों और खेती से भी जुड़े रहें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को शासकीय आदिवासी महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) के भ्रमण के दौरान प्रशिक्षु छात्राओं से संवाद कर रहे थे। लोक निर्माण मंत्री एवं छिंदवाड़ा जिले के प्रभारी राकेश सिंह, सांसद विवेक बंटी साहू, मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल, संभागायुक्त धनंजय सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

योजनाओं से प्राप्त हो रहे लाभ पर चर्चा की

मुख्यमंत्री ने संस्थान की विभिन्न प्रयोगशालाओं का अवलोकन करते हुए प्रशिक्षु छात्राओं से उनके प्रशिक्षण, भविष्य की योजनाओं तथा शासन की विभिन्न योजनाओं से प्राप्त हो रहे लाभ के संबंध में विस्तार से चर्चा की। मैकेनिकल लैब में उन्होंने सीआरडीआई फोर-स्ट्रोक डीजल इंजन के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा लेथ मशीन पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं की सराहना की। फिटर ट्रेड की प्रशिक्षु सुषमा उइके ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनके माता-पिता कृषि कार्य से जुड़े हैं और वह तकनीकी प्रशिक्षण लेकर इस क्षेत्र में अपना भविष्य बनाना चाहती हैं। मुख्यमंत्री ने छात्रा से कहा इसी आत्मविश्वास को बनाए रखिए। तकनीकी कौशल के साथ खेती से भी जुड़े रहिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का छिंदवाड़ा में अधिकारी-कर्मचारियों ने किया अभिनंदन

सरकार के कामकाज को साकार रूप देने, सुशासन स्थापित करने में अधिकारियों-कर्मचारियों की भूमिका है महत्वपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र सरकार भी गरीब, किसान, युवा और नारी सहित हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। शासकीय अधिकारी और कर्मचारियों की पदोन्नति वर्षों से अटकी थी। हमारी सरकार ने कर्मचारियों को पदोन्नति का उनका अधिकार दिलवाया।

पदोन्नति के लिए सभी प्रक्रियाओं को समय से पूरा करते हुए वर्तमान वर्ष में शेष रह गए अधिकारी-कर्मचारियों की भी पदोन्नति सितंबर-अक्टूबर माह में कर दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को छिंदवाड़ा के एफडीडीआई ऑडिटोरियम में आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार के कार्यों को धरातल पर सफल बनाने और सुशासन स्थापित करने में राज्य के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान है।

दो लाख पदों के लिए जारी की भर्ती प्रक्रिया, छिंदवाड़ा जिले में 1281 अधिकारी-कर्मचारियों को मिला पदोन्नति का लाभ

मुख्यमंत्री ने 8 नव नियुक्त शिक्षकों को सौंपे नियुक्ति पत्र

मुख्यमंत्री का सम्मान।

17 हजार पदों पर नई भर्ती के लिए सूचना जारी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने सभी विभागों में शासकीय पदों पर नई भर्तियों की शुरुआत कर दी है। पुलिस विभाग में ही 18 हजार से अधिक पदों पर भर्ती की जा रही है। इसमें 1000 पद ड्राइवरों के भी शामिल हैं। स्कूल शिक्षकों के 10 हजार से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया संपन्न हुई है। उच्च शिक्षा विभाग में 7 हजार से अधिक व्याख्याताओं की भर्ती की गई है। मप्र व्यावसायिक शिक्षा मंडल ने विभिन्न विभागों में 17 हजार पदों पर नई भर्ती के लिए सूचना जारी की है। बीते ढाई साल में एक लाख पदों पर भर्ती की जा चुकी है। अब 2 लाख नई भर्ती करने की प्रक्रिया जारी है।

छिंदवाड़ा से हो रही नई शुरुआत

सीएम ने कहा कि विकास और जनकल्याण के लिए राज्य सरकार दूरगामी विजन के साथ कार्य कर रही है। आज छिंदवाड़ा से एक नई शुरुआत की जा रही है। अब प्रत्येक शुक्रवार को किसी भी दफ्तर में कोई मीटिंग नहीं होगी। सभी अधिकारी जनता के बीच मौजूद रहकर मैदानी स्तर पर शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन का जायजा लेंगे। जन विश्वास अभियान में आम नागरिकों की बेहतरी और उन्हें सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मैदानी स्तर पर आने वाली कठिनाईयों का समाधान किया जाएगा।

पीएम से मिले वीडी...

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नई दिल्ली में खजुराहो सांसद वीडी शर्मा ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान संसदीय क्षेत्र के विकास को लेकर दोनों ने चर्चा की। सांसद शर्मा अपने साथ पन्ना के जुगल किशोर मंदिर का प्रसाद भी ले गए थे, जो उन्होंने मुलाकात के दौरान पीएम मोदी को भेंट किया।

हलाली डैम के मछुआरों को 10 तारीख तक भुगतान का आश्वासन

डिफर्ड वेज नहीं मिलने से भड़के मछुआरे मत्स्य महासंघ कार्यालय का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश मत्स्य महासंघ के संचालक कार्यालय में हलाली डैम से जुड़ी मछुआरा समितियों के सैकड़ों मछुआरों ने लंबित भुगतान को लेकर प्रदर्शन किया। डिफर्ड वेज और अन्य योजनाओं की राशि नहीं मिलने से नाराज मछुआरों ने कार्यालय का घेराव कर सीजीएम को ज्ञापन सौंपा और जल्द कार्रवाई की मांग की। मछुआरों का कहना है कि हर साल 10 जुलाई को मिलने वाला डिफर्ड वेज का भुगतान इस साल का अब तक नहीं हुआ है। इसके अलावा 80-20 नाव-जाल योजना, मीनाक्षी विवाह योजना, मृत्यु सहायता राशि और प्रोत्साहन योजना की राशि भी महीनों से लंबित है। इससे मछुआरा परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने खरगोन जिले के कमल गौड़ को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को 12वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर महेश्वर की समृद्ध हथकरघा परम्परा को राष्ट्रीय गौरव दिलाने वाले खरगोन जिले के बुनकर कमल गौड़ को 'राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार-2026' से सम्मानित किया है।

बुनकर कमल को महेश्वरी साड़ी बुनाई में उत्कृष्ट योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कमल गौड़ को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मिलने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गौड़ को मिला यह सम्मान महेश्वरी साड़ी की विशिष्ट पहचान, मध्यप्रदेश की समृद्ध हथकरघा परम्परा और हमारे बुनकरों के उत्कृष्ट कला-कौशल का गौरव है।

उन्होंने कहा, हमारी सरकार महेश्वर को टेक्सटाइल टूरिज्म विलेज के रूप में विकसित कर इस पुरातन विरासत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध होकर प्रयासरत है।

विधायकों ने लगाया प्रताड़ना का आरोप

प्रतिशोध की राजनीति के खिलाफ निर्णायक संघर्ष करेगी कांग्रेस

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस के एक दर्जन से ज्यादा विधायकों ने एक संयुक्त बयान जारी कर कहा है कि भाजपा सरकार द्वारा प्रतिशोध की राजनीति का माहौल बनाया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, उनके परिजनों, सहयोगियों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं को झूठे मुकदमों, पुलिस कार्रवाई और प्रशासनिक दबाव के माध्यम से लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। यह लोकतंत्र, संविधान और राजनीतिक मर्यादाओं के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रतिशोध की यह कार्रवाई न रुकी तो कांग्रेस निर्णायक संघर्ष करेगी। बयान जारी करने वालों में विधायक एवं पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, जयवर्धन सिंह, फूल सिंह बरैया, हेमंत कटारे, सतीश सिकरवार, महेश परमार, पंकज उपाध्याय, बाबू जंडेल, दिनेश गुर्जर, साहब सिंह गुर्जर, नितेंद्र सिंह राठौड़, कैलाश कुशवाह एवं विधायक यादवेंद्र सिंह शामिल हैं।

पटवारी बने सरकार के लिए चुनौती

विधायकों ने कहा कि जीतू पटवारी आज भाजपा सरकार के लिए सबसे बड़ी राजनीतिक चुनौती बन चुके हैं, क्योंकि वे लगातार किसानों, युवाओं, महिलाओं और आम जनता के मुद्दों को मजबूती से उठा रहे हैं तथा सरकार की जनविरोधी नीतियों को बेनकाब कर रहे हैं। इसी कारण सत्ता राजनीतिक द्वेष की भावना से उन्हें और उनके परिजनों व सहयोगियों को निशाना बना रही है। विधायकों ने कहा कि 11 अगस्त को भोपाल में आयोजित होने वाली पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक में इस पूरे विषय पर विस्तार से चर्चा की जाएगी और आगे की रणनीति तय की जाएगी।

इंदौर पुलिस कमिश्नर से करेंगे मुलाकात

विधायकों ने कहा कि यदि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी, उनके परिजनों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं को इसी प्रकार बेवजह प्रताड़ित किया जाता रहा, तो एक दर्जन से अधिक कांग्रेस विधायकों का प्रतिनिधिमंडल इंदौर पुलिस कमिश्नर से मुलाकात कर यह जानने का प्रयास करेगा कि आखिर लगातार राजनीतिक दबाव में ऐसी कार्रवाई क्यों की जा रही है।

पीडब्ल्यूडी ने जारी किया निर्देश, बारिश का पानी सीधे भू-जल में जाएगा

अब नई सड़क के साथ बनेंगे रिचार्ज पिट, जीपीएस लोकेशन और फोटो होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में अब सड़कें सिर्फ आवागमन का जरिया नहीं होंगी, बल्कि भू-जल बढ़ाने का भी माध्यम बनेंगी। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने प्रदेशभर में सड़क निर्माण और संधारण कार्यों के दौरान सड़क किनारे रिचार्ज पिट बनाना अनिवार्य कर दिया है। प्रमुख अभियंता ने सभी मुख्य अभियंताओं, अधीक्षण अभियंताओं और कार्यपालन यंत्रियों को इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जल संरक्षण को सड़क निर्माण से जोड़ते हुए लोक निर्माण विभाग ने 25 जुलाई को नया प्रोटोकॉल लागू किया है। आदेश के अनुसार प्रत्येक सड़क परियोजना में स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार लगभग 3 से 4 मीटर लंबा, 2 से 3 मीटर चौड़ा और 1 से 1.5 मीटर गहरा रिचार्ज पिट बनाया जाएगा। पिट के अंदर 30 से 40 सेंटीमीटर व्यास के 6 से 10 बोर किए जाएंगे, जिनकी गहराई सामान्यतः 3 से 4 मीटर होगी। इन पिट में जूट जियोटेक्सटाइल (जेजीटी) या हेसियन क्लॉथ की लाइनिंग की जाएगी, ताकि मिट्टी अंदर न जाए और संरचना लंबे समय तक सुरक्षित रहे। ताकि दीर्घकालिन उपयोगिता भी सुनिश्चित होगी। इसके बाद बोल्डर, गिट्टी, रेत और अन्य फिल्टर मीडिया से पिट भरा जाएगा।

लापरवाही पर तय होगी जवाबदेही, एक साल पहले मंत्री ने की थी घोषणा

एआई जनरेटेड।

जियोटैग्ड फोटो लोकपथ एप पर अपलोड

इस आदेश में पहली बार प्रत्येक रिचार्ज पिट की जीपीएस लोकेशन और जियोटैग्ड फोटो लोकपथ एप पर अपलोड करना अनिवार्य किया गया है। हर पिट के पास सूचना बोर्ड भी लगाया जाएगा, जिस पर पिट नंबर, कार्य का नाम और जल संरक्षण संबंधी जानकारी दर्ज रहेगी। इससे मौके पर सत्यापन और भविष्य में मॉनिटरिंग आसान होगी। लोक निर्माण विभाग के मंत्री राकेश सिंह ने सड़क किनारे वर्षा जल को संरक्षित करने के लिए रिचार्ज पिट बनाने की घोषणा की थी। इसके बाद अब विभाग की तरफ से पिट बनाने को लेकर दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

पेज एक का शेष...

उनसे पूरी बातचीत...

कि कांग्रेस पार्टी यहां मजबूत है। हम लोगों के योगदान के कारण 2023 में नरोत्तम मिश्रा चुनाव हार गए। हमारी मेहनत से यहां फिर से कांग्रेस जीती है इसलिए हम सब खुश हैं। घनश्याम सिंह 2008 का चुनाव हारने के बाद सेवढ़ा चले गए थे। तो 18 साल तक सभी हमारे कार्यकर्ता, साथी जब जेल जा रहे थे फर्जी केस लग रहे थे। मुझे भी जेल भेजा गया। और सबका आर्थिक और राजनैतिक बहुत नुकसान किया। उस समय घनश्याम सिंह नरोत्तम मिश्रा के साथ खड़े थे। घनश्याम की कांग्रेस के पक्ष में कोई भूमिका नहीं थी। हम लोग 2008 से नरोत्तम मिश्रा के खिलाफ लड़ रहे थे। हमें प्रताड़ित किया गया। जनता को परेशान और उनका दम किया गया। तब भी घनश्याम सिंह उन्हीं के साथ खड़े थे। इनका दतिया में कुछ नहीं था। हम लोगों ने जमीन तैयार की। मेरे प्रकरण में और कांग्रेस से निलंबन के पीछे नरोत्तम मिश्रा और घनश्याम सिंह हैं। इन दोनों ने मिलकर मेरे खिलाफ साजिश की है।

- **प्रश्नः कौनसा प्रत्याशी ज्यादा खराब था आशुतोष तिवारी या घनश्याम सिंह?**

उत्तरः मेरे आशुतोष तिवारी, घनश्याम सिंह और दामोदर यादव से संबंध हैं। लेकिन राजनैतिक दृष्टि से घनश्याम सिंह षड़यंत्रकारी हैं। वो षड़यंत्र करते रहते हैं और हम जैसे कार्यकर्ता को बर्दाश्त नहीं कर पाते हैं। इसलिए उन्होंने नरोत्तम मिश्रा से मिलकर कांग्रेस से हमारा निलंबन करवा दिया। निलंबन की क्या जरूरत थी। घनश्याम सिंह ने 2013, 2018 और 2023 में नरोत्तम मिश्रा से करोड़ों रुपए लेकर सेवढ़ा में चुनाव लड़ते हैं और दतिया में हमारा विरोध करते हैं। हम शिकायत करते हैं तो घनश्याम के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती है। वो शिकायत करते हैं तो तत्काल कार्रवाई हो जाती है।

- **प्रश्नः नरोत्तम मिश्रा भाजपा के बड़े नेता हैं या कांग्रेस के?**

उत्तरः नरोत्तम मिश्रा बड़े तो कहीं से नहीं हैं। क्योंकि उनकी जो आदतें और सोच है वो घटिया है। और घटिया सोच वाला कोई व्यक्ति बड़ा नहीं हो सकता। नरोत्तम मिश्रा मैनेजमेंट में मास्टर हैं। मूलतः तो वे भाजपा के हैं। भाजपा के बैनर तले राजनीति करते हैं। लेकिन उनकी कांग्रेस में भी गहरी घुसपैठ है। 2023 में नरोत्तम और घनश्याम ने मेरा टिकट कटवा दिया था।

- **प्रश्नः नरोत्तम मिश्रा खुद के लिए टिकट नहीं ला सके तो आपके खिलाफ इतना कुछ कैसे कर दिया?**

उत्तरः उप चुनाव कराने में नरोत्तम मिश्रा की भूमिका है। पूरी बिसात उन्होंने बिछाई। लेकिन पीतांबरा माई ने उनको सजा दी है और हम लोगों के साथ न्याय किया।

- **प्रश्नः घनश्याम सिंह का विधायक बनना और आपका निलंबन क्या माई की कृपा है?**

उत्तरः निलंबन से मुझको खास फर्क नहीं पड़ता। कई बार निलंबन हो चुका है, यह पहली बार नहीं है। साल 1993 और 1998 में माधवराव सिंधिया ने टिकट नहीं दिया तो मैं समाजवादी पार्टी से लड़ा क्योंकि मैं स्वाभिमान की राजनीति करता हूं। एक राजनैतिक कार्यकर्ता के लिए अपना अस्तित्व भी बचाना जरूरी होता है। सपा से चुनाव जीता। कांग्रेस और भाजपा दोनों की जमानत जप्त हो गई। 2008 में घनश्याम सिंह विधायक थे। वो कांग्रेस से चुनाव लड़े और मैं बसपा से लड़ा। मैं दूसरे स्थान और वो तीसरे स्थान पर रहे। इसलिए वो डर के भाग गए थे सेवढ़ा। उसके बाद से उन्होंने नरोत्तम के साथ मिलकर राजनीति की। उनकी खुद की इसमें कोई जीत नहीं है। या तो नरोत्तम का योगदान है या फिर हमारे जमीनी कार्यकर्ता का।

- **प्रश्नः आप किस को टिकट दिलाना चाहते थे?**

उत्तरः मैं अवधेश नायक को टिकट दिलाना चाहता था। उनका अधिकार बनता था। फिर ओबीसी से नाम पूछने पर मैंने स्वामी शरण कुशवाहा कांग्रेस नेता दतिया और राधेलाल पटेल, एक यादव का नाम भी बताया था। नरोत्तम का टिकट कटा तो घनश्याम आ गए। घनश्याम ने नायक की सिफारिश नहीं की। वे स्वार्थी हैं। सामंतवाद हमेशा अपने लिए काम करता है। किसी साधारण कार्यकर्ता के लिए काम नहीं करता है। इन्होंने मिलकर मेरा तत्काल निलंबन करवा दिया।

- **प्रश्नः इस चुनाव में आपने घनश्याम सिंह का समर्थन किया या विरोध?**

उत्तरः मेरा हर्निया का ऑपरेशन हुआ था। डॉक्टर ने 6 सप्ताह आराम करने की सलाह दी थी। जीतू पटवारी और दिग्विजय सिंह के कहने पर मैं दो बार घनश्याम सिंह की सभा में मंच पर गया। मुझसे यह गलती हो गई कि अधिकतर समय मैंने नरोत्तम मिश्रा के खिलाफ बोला और आखिर में कांग्रेस और घनश्याम सिंह के लिए वोट मांगा। घनश्याम सिंह को मेरा नरोत्तम मिश्रा के खिलाफ बोलना अच्छा नहीं लगा।

- **प्रश्नः चुनाव के दौरान आपने घनश्याम सिंह की जीत चाही थी या हार?**

उत्तरः भाजपा में नरोत्तम मिश्रा की जमीन तैयार थी। तो जो भी पकड़ थी वो भाजपा में नरोत्तम की और कांग्रेस में मेरी थी। मेरी पकड़ का घनश्याम सिंह को पूरी तरह लाभ मिला। लेकिन भाजपा में आशुतोष को लाभ नहीं मिल पाया। नरोत्तम मिश्रा ने हर जगह भाजपा को हराने की कोशिश की।

- **प्रश्नः निलंबन के बाद आगे आप किस तरह की राजनीति करेंगे?**

उत्तरः 2003 के चुनाव में उमा भारती ने अवधेश नायक से कहकर मुझे बुलवाया था। जब मेरा टिकट कांग्रेस से घनश्याम सिंह ने ज्योतिरादित्य सिंधिया से कहकर कटवा दिया था। उस समय उमा भारती ने मुझे भाजपा से लड़ने का ऑफर दिया था। उस समय कप्तान सिंह सोलंकी भी थे। तब मैंने उन्हें यह कहकर मना कर दिया था कि हमारी आपसे विचारधारा नहीं मिलती है। तो हमें यदि विधायक या मंत्री बनना होता तो हम उसी समय भाजपा में शामिल हो जाते। लेकिन सेक्युलर विचारधारा के चलते भाजपा में जाने का सवाल ही नहीं है।

कानून के रक्षक...

मोटर वाहन अधिनियम के उल्लंघन पर चालान काटते समय विवाद बढ़ा। अधिवक्ता का आरोप है कि ऑन-ड्यूटी पुलिसकर्मियों ने उनके साथ अभद्रता, मारपीट और धमकी दी। एसपी को शिकायत के बाद भी कार्रवाई न होने पर मामला हाईकोर्ट पहुंचा।

एक्शन मोड में सीएम ...

पहुंचे थे, जबकि सभी मंत्री व राज्य मंत्री अपने-अपने प्रभार या गृह जिले तथा अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव व सचिव अलग-अलग जिलों में तय कार्यक्रम के तहत जन विश्वास कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल छिंदवाड़ा में ही मुख्यमंत्री के साथ शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने इस दौरान लोगों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही निराकरण करने के निर्देश दिए। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

योजनाएं एवं नीतियां बनाई जाएगीः डॉ. यादव ने कहा कि आज छिंदवाड़ा से जन विश्वास अभियान का शुभारंभ किया। हमारे सभी जनप्रतिनिधि क्षेत्र में जनता से संवाद कर रहे हैं। इस अभियान के तहत जन संवाद के माध्यम से भविष्य की योजनाएं एवं नीतियां बनाई जाएगी। साथ ही लोगों की समस्याओं का समाधान और आवश्यकताओं की पूर्ति भी की जाएगी। डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में आज नो मीटिंग डे है। मप्र में अब सरकार जनता के पास पहुंचेगी।

सम्मान निधि का....

आर्थिक सहायता के माध्यम से आवेदिका को एक वर्ष की सहायता राशि प्रदान करने के भी निर्देश दिए।

पोर्टल पर त्रुटिपूर्ण ...

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी छिंदवाड़ा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए।

सीईओ चौरई और....

कार्यपालन अधिकारी चौरई तथा श्रम अधिकारी की एक-एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए।

आदेश जारी किए ....

गया। मुख्यमंत्री ने एसडीएम चौरई, संबंधित तहसीलदार एवं पटवारी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में उद्यमियों-जनप्रतिनिधियों और आम लोगों से संवाद कर क्षेत्र के विकास, औद्योगिक संभावनाओं एवं प्रगति के विषयों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने जनता की समस्याओं का तुरंत निराकरण भी किया।

कहा- एनडीए एक....

और अपने राज्य व क्षेत्र के विकास पर ध्यान देने की सलाह दी। पीएम मोदी ने सांसदों से कहा कि अपने क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए सीधे प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) से संपर्क करें। गरीबों, मजदूरों और किसानों से मिलकर उनकी समस्याएं समझें और उनके समाधान के लिए काम करें।

मानवाधिकार आयोग ...

(एनएचआरसी) ने स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत जवाब तलब किया है। गौरतलब है कि ककरऊआ गांव के बच्चों को स्कूल पहुंचने के लिए बेतवा नदी पर बने चेक डैम के संकरे पिलरों पर छलांग लगानी पड़ती है। सड़क मार्ग से 13 किमी जबकि चेक डैम से होकर मात्र 1.5 किमी दूरी है।

राज्य सरकार से ...

पाने के मौलिक अधिकार का सीधा उल्लंघन है। आयोग ने राज्य सरकार से स्पष्टीकरण मांगा है कि बच्चों की सुरक्षा के लिए तत्काल क्या कदम उठाए गए हैं और वहां पक्के पुल या वैकल्पिक मार्ग निर्माण के लिए भविष्य की क्या कार्ययोजना है।

पीएम मोदी आज...

दीक्षांत समारोह में प्रधानमंत्री मेधावी छात्रों को संस्थान के सर्वोच्च सम्मान भी प्रदान करेंगे। इनमें प्रेसिडेंट्स गोल्ड मेडल, डायरेक्टर्स गोल्ड मेडल, शंकर दयाल शर्मा गोल्ड मेडल तथा परफेक्ट टेन गोल्ड मेडल शामिल हैं। ये पुरस्कार उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को दिए जाते हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री 'परम प्रज्ञा' नामक अत्याधुनिक एआई-संचालित हाई-परफॉर्मेंस सुपरकंप्यूटिंग सुविधा का भी उद्घाटन करेंगे।

सीबीआई ने नीट-...

पहुंचाया। यदि आरोप साबित होते हैं तो आरोपियों को आजीवन कारावास और 10 करोड़ रुपए तक के जुर्माने का सामना करना पड़ सकता है।

एक्सेस कंट्रोल एप...

कक्षाओं के लिए वहां आवाजाही हुई थी।

एफएसएसएआई के ...

जा रहे '100% प्योर', '100% नेचुरल' और '100% ऑर्गेनिक' जैसे दावों पर आपत्ति जताई गई थी।

शो-कॉज नोटिस ...

किए गए दावों का स्पष्टीकरण देने या उनका बचाव करने का उचित मौका भी नहीं मिला। इतनी कड़ी कार्रवाई से पहले निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया जाना जरूरी था।

शीर्ष कोर्ट ने ...

16 मार्च का है, जब बर्बरता की शिकार बच्ची गंभीर हालत में पाई गई थी। परिजनों द्वारा दो निजी अस्पतालों में ले जाने के बावजूद उसे भर्ती नहीं किया गया। सरकारी अस्पताल पहुंचने से पहले ही करीब 5 घंटे तक तड़पने के बाद उसकी मौत हो गई। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने कहा कि अनुच्छेद 21 के तहत जीवन बचाना हर अस्पताल की प्राथमिक जिम्मेदारी है। अत्यधिक खून बहने की स्थिति में मरीज को दूसरे अस्पताल रेफर करना जानलेवा साबित हुआ। अदालत ने पुलिस जांच में हुई 30 घंटे की देरी और संवेदनहीनता पर भी नाराजगी जताई। एसआईटी की रिपोर्ट पर विचार करते हुए कोर्ट ने माना कि यदि बच्ची को प्राथमिक देखभाल मिल जाती, तो उसकी जान बच सकती थी। सुप्रीम कोर्ट जल्द ही पुलिस और अस्पतालों के लिए व्यापक दिशानिर्देश जारी करेगा।

छात्रावास के भोजन...

बेहद निम्न स्तर का खाना परोसा जा रहा है। खाने में कीड़े और इल्लियां निकलने की शिकायत कई बार छात्रावास प्रबंधन से की गई, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। शुक्रवार को जब दोबारा भोजन में इल्ली मिली, तो छात्रों को मजबूरन विरोध का रास्ता अपनाना पड़ा।

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल

// आम सूचना //

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, कोटरा सुल्तानाबाद, भोपाल में स्थित भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस. -293 मण्डल द्वारा श्री सुरेश लोकवानी आत्मज श्री किशन लोकवानी के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन पंजीयक कार्यालय से दिनांक 25/02/2012 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 04/05/2026 को पंजीकृत किया गया है। श्री सुरेश लोकवानी आत्मज श्री किशन लोकवानी द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती राज कुमारी सेन पत्नी श्री राम दिनेश सेन को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय दिया है। जिसका विक्रय विलेख का पंजीयन पंजीयक कार्यालय में दिनांक 06/07/2026 को निष्पादित किया गया है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, परिचय पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति श्रीमती राज कुमारी सेन पत्नी श्री राम दिनेश सेन के नाम उक्त सम्पत्ति हस्तांतरण हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी/संस्था /वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म.
प्रक्षेत्र-1, भोपाल

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल

// आम सूचना //

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, हाऊसिंग पार्क कालोनी, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित भवन क्रमांक एल.आई.जी.- 44 मण्डल द्वारा श्रीमती शीला गुप्ता पत्नी श्री महेश चन्द्र गुप्ता के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 27/07/2010 को पंजीकृत किया गया है। श्रीमती शीला गुप्ता पत्नी श्री महेश चन्द्र गुप्ता द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री वाजिद अली आत्मज श्री बाबू अली को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 09/12/2020 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्री वाजिद अली आत्मज श्री बाबू अली के पक्ष से हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म.
प्रक्षेत्र-1, भोपाल

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल

// आम सूचना //

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, करोंद, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक- 761/ए मण्डल द्वारा श्री मोहम्मद फरीद आलम आत्मज श्री मोहम्मद फरीद नसीम के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 01/05/1997 को पंजीकृत किया गया है। श्री मोहम्मद फरीद आलम आत्मज श्री मोहम्मद फरीद नसीम द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती खुर्शीद जहां पत्नी श्री मोहम्मद जलील अहमद को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 23/02/2026 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्रीमती खुर्शीद जहां पत्नी श्री मोहम्मद जलील अहमद के पक्ष से हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म.
प्रक्षेत्र-1, भोपाल

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल

// आम सूचना //

हाउसिंग बोर्ड, आर.एस.एस. मार्केट, शिवाजी नगर, भोपाल (म.प्र.) में स्थित फ्लेट क्रमांक 25 द्वितीय तल मण्डल द्वारा (1) श्री भागचन्द मीरचन्दानी आत्मज स्व. श्री छोटूमल मीरचन्दानी (2) श्री ताराचन्द मीरचन्दानी आत्मज स्व. श्री छोटूमल मीरचन्दानी के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का आवंटन आदेश दिनांक 6/1/1993 को किया गया है। श्री भागचन्द मीरचन्दानी का स्वर्गवास दिनांक 04/02/2020 को एवं श्री ताराचन्द मीरचन्दानी का स्वर्गवास दिनांक 11/07/2017 को हो गया है। आवेदक आवंटी की पत्नी / देवर श्रीमती शोभा मीरचन्दानी पत्नी स्व. श्री भागचन्द मीरचन्दानी द्वारा आवेदन, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, अन्य वारिसों के अनापत्ति शपथ पत्र एवं मण्डल का निर्धारित आवेदन पत्र व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति / उत्तराधिकारी /संस्था को इस सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म.
प्रक्षेत्र-1, भोपाल

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी एवं भू अर्जन अधिकारी बेगमगंज जिला रायसेन

:: सार्वजनिक सूचना :: दिनांक 31/07/2026

प्रकरण कमांक 00 / अ-82/2026-27 चूंकि राज्य शासन को प्रतीत होता है कि निम्न अनुसूची में खाने (1) से (6) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (8) में उनके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पडने की संभावना है। उक्त प्रयोजन हेतु प्रकरण में मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग मंत्रालय भोपाल के परिपत्र कमांक एफ 12-2/2014/सात/शा 2 ए भोपाल दिनांक 12 नबम्बर 2014 के द्वारा प्रतिपादित आपसी सहमति से भूमि कय की नीति के तहत कार्यवाही प्रचलित है। अतएव निम्न दर्शित भूमि धारको से परियोजना के लिये राज्य संरकार से संबंधित विभाग / उपकम में पक्ष में क्रय किये जाने पर विचार किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति की भूमि के स्वत्व के विषय में कोई आपत्ति हो तो वह नियत अवधि (सार्वजनिक सूचना प्रकाशनं के 07 दिवस के भीतर) में आधार सहित प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियो पर विचार नही किया जावेगा।

:: अनुसूची ::
// भूमि का वर्णन //

स. क्र.	भूमि स्वामी का नाम	ग्राम का नाम	सर्वे क्रमांक	कुल रकबा हे. में	अर्जित रकबा हे. में	प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
1	2	3	4	5	6	7	8
01	ऋषव कुमार/निर्मलचंद	देहगवॉं	151/2	0.207	0.054	कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग रायसेन	बेगमगंज सागर मार्ग (SH-86A) से महुआखेड़ा कलां, गोरखा, पडरिया राजाधार से सिलवानी सागर (SH-15) मार्ग निर्माण
02	निर्मलचंद/कन्हैयालाल		147/2	0.121	0.053		
03	अमन/राजकुमार		147/1	0.195	0.044		
04	नवीन/निर्मलचंद		145/2	0.251	0.134		
05	अमन / राजकुमार जैन		145/3	0.210	0.116		
06	अमन/राजकुमार		14/1/1	0.166	0.013		
07	अमन/राजकुमार		143/1	0.069	0.057		
08	निर्मलचंद/कन्हैयालाल		143/2	0.065	0.056		
09	सुनील/निर्मलकुमार		142	0.198	0.084		
10	मनीषकुमार/प्योलाल		355/92	0.486	0.039		
11	कमलेश पिता रणधीर		363/ 142/1	0.708	0.077		
12	रामराज पिता रणधीर		363/ 142/1	0.708	0.077		
13	अमन/राजकुमार जैन		148/1, 149	0.123	0.045		
14	निर्मलचंद / कन्हैयालाल		148/1, 149	0.126	0.045		
15	रामराज पिता रूधीरसिंह राजपूत		92/2	0.190	0.005		
16	रामवती बाई पत्नि करोडी		90	0.441	0.140		
17	अमन/राजकुमार जैन		94/1	1.290	0.308		
18	निर्मलचंद पिता कन्हैयालाल		94/2/1	1.292	0.023		
				6.846	1.370		

G-16802/26 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

सक्षम प्राधिकारी (भू-अर्जन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुविभाग गैरतगंज जिला रायसेन

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

R-30-07-2026,to 11-08-26
SUNDAY HOLD

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड
उठावना, शोक संदेश,
जन्मदिन, आमसूचना
आम/कोर्ट नोटिस

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
चर्म रोग, पित्ते की पथरी, गुर्दे की पथरी
Timing 10:30 am to 8:00 pm
44 वर्षो का होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा का अनुभव
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M. 9425006131, 8871714432
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

गाँधी पी.आर. महाविद्यालय
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबद्ध
ADMISSION OPEN
B.A. BCA BBA BPES BSC
B.Com (Economics/Computer/Hon'S 4 Years)
PG COURSES
M.A: HINDI ENGLISH ECONOMICS
POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY
SOCIAL WORK
M.Com: ACCOUNTS & MANAGEMENT
B.Lib: (Librarian Science)
PGDCA: DIPLOMA IN COMPUTER APPLICATION
(ONLINE COUNSELLING)
Mob. 9827208070, 9425346230
9893194695, 9981291288
पता: डी-1, दानिश नगर, होशंगाबाद रोड, आशिमा मॉल के पास, भोपाल
www.gandhiprcollege.com, principal@gandhiprcollege.com

राशिफल

मेष – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

वृष – मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

मिथुन – व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

कर्क – परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

सिंह – संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

कन्या – संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

तुला – वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

वृश्चिक – मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

धनु – क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

मकर – व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

कुंभ – आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

मीन – मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

शब्द पहेली - 6311

गिलार

बाएँसेदाएं

1. बादलों की गड़गड़ाहट-4
3. नीरस, रस विहीन-4
8. नेपाल की इस नायिका ने फिल्म 'सौदागर' से अपना कैरियर शुरु किया था-3,4
10. कंठस्थ करना-3
11. जुड़वा-3
13. उक्ति,काव्य कृति-3
15. आने वाला दिन-2
17. पर,पराया,दूसरा-2
18. हाथ-2
19. कविता लिखने वाल-2
21. बजाने वाला-3
25. कक्ष,रूम-3
26. ठिकाना,नीड़-3
27. हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री-5,2
30. अभिप्राय-4
31. आतंकित होना-4

ऊपर से नीचे

2. तरुणाई,लड़कपन-3
4. सहायता,आधार-3
5. बीताना,यापन करना-4
6. दिखावा,पाखंड-4
7. जरुरत,स्वार्थ-3
8. राजी करना-3
9. योग्य-3
12. मसलना-3
13. इस चौथ को सुहागिन पति की रक्षा हेतु उपवास रखती हैं-3
14. सुगंध,लास-3
16. रोकड़ राशि-3
20. रुकना, स्थिर होना-3
22. विजय दशमी -4
23. भोर,सवेरा-3
24. सना हुआ,तर-4
25. छल,धोखा-3
28. अनुकृति-3
29. श्रंगार -3

शब्द पहेली - 6310 का हल

अ	ति	आ	ब	श्य	क	■	का	रा	बा	स
ज	ल	■	र	■	म	छ	ली	■	र	मा
र	■	अ	दा	का	र	■	न	र	■	धा
अ	र	मा	न	■	बं	द	■	ज	मी	न
म	■	न	■	म	द	म	स्त	■	रा	■
र	ज	त	प	ट	■	क	र	म	ज	ला
■	प	■	ट	क	रा	ना	■	स	■	ल
मु	ना	दी	■	ना	ग	■	द	ल	ह	न
ला	■	प	री	■	गा	ड़ी	बा	न	■	पा
का	का	■	त	न	य	■	ध	■	न	ल
त	र	सा	ना	■	न	ग	र	भ	व	न

सूडोकु नवताल - 6321

★★★☆☆ मध्यम

5					9	6		
						1	4	
			2	8				
			8				5	2
6								7
1	4				3			
				4	1			
	2	5						
		3	7					4

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6320 का हल

4	6	2	3	5	8	9	1	7
8	1	7	9	2	6	3	5	4
3	5	9	1	7	4	8	2	6
6	4	1	5	3	7	2	8	9
2	7	5	8	4	9	6	3	1
9	3	8	2	6	1	4	7	5
1	2	3	6	9	5	7	4	8
5	9	4	7	8	2	1	6	3
7	8	6	4	1	3	5	9	2

खबर संक्षेप

बायर डायरेक्टएकर्स से बदली खेती की तस्वीर

भोपाल। किसानों ने बायर डायरेक्टएकर्स के सहयोग से डायरेक्ट सीडेड राइस (डीएसआर) तकनीक अपनाकर खेती की लागत कम करने और उत्पादन को अधिक टिकाऊ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। डोके गांव के किसान भी वर्षों से इसी चुनौती का सामना कर रहे थे। वर्ष 2024 में गांव के कुछ किसानों का संपर्क बायर डायरेक्टएकर्स की फील्ड टीम से हुआ। टीम ने उन्हें डीएसआर तकनीक की जानकारी दी ।

जेके टायर का कारोबार 3,956 करोड़ रु.पहुंचा

नई दिल्ली। जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही (30 जून 2026 को समाप्त) के अनऑडिटेड स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड वित्तीय परिणाम घोषित किए हैं। कंपनी ने पहली तिमाही में 3,956 करोड़ रुपए का कंसोलिडेटेड टर्नओवर दर्ज किया, जिसे सभी प्रमुख बाजारों में मजबूत मांग का समर्थन मिला। पहली तिमाही में कंपनी का कंसोलिडेटेड एबिटडा 268 करोड़ रुपए रहा।

ग्रेट फ्रीडम सेल में 60 फीसदी तक की छूट

नई दिल्ली। ऑडियो ब्रांड सेनहाइजर ने अमेजन ग्रेट फ्रीडम सेल 2026 के दौरान अपने प्रीमियम ऑडियो प्रोडक्ट्स पर आकर्षक ऑफर्स की घोषणा की है। कंपनी के अनुसार, ग्राहक चुनिंदा उत्पादों पर 60 फीसदी तक की छूट, 24 महीने तक की नो-कॉस्ट ईएमआई और चुनिंदा बैंक कार्ड पर अतिरिक्त डिस्काउंट का लाभ उठा सकेंगे। ऑफर में आईई 100प्रो, मोमेंटम 4, एचडी 490 प्रो प्लस, एक्सेंटम प्लस, प्रोफाइल यूएसबी माइक्रोफोन और मोमेंटम टू वायरलेस 4 जैसे लोकप्रिय उत्पाद शामिल हैं।

सैमसंग का द बिग बेस्पोक एआई फेस्ट शुरू

गुरुग्राम। सैमसंग इंडिया ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'द बिग बेस्पोक एआई फेस्ट' अभियान की शुरुआत की है। यह विशेष सेल 1 अगस्त से 15 अगस्त तक चलेगी, जिसके दौरान कंपनी अपने बेस्पोक एआई होम अप्लायंसेज़ पर आकर्षक ऑफर्स और 19,470 रुपए तक के कैशबैक की सुविधा दे रही है। कंपनी के अनुसार, इस अभियान का उद्देश्य उपभोक्ताओं को एआई आधारित स्मार्ट होम अप्लायंसेज के जरिए घरेलू कामों को अधिक आसान, सुविधाजनक और समय की बचत करने वाला अनुभव उपलब्ध कराना है।

डीएसपी म्यूचुअल ने शुरू किया डिजिटल अभियान

मुंबई। डीएसपी म्यूचुअल फंड ने मल्टी एसेट एलोकेशन फंडों को लेकर निवेशकों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से नया डिजिटल अभियान शुरू किया है। अभियान का मकसद निवेशकों को केवल हालिया रिटर्न के आधार पर फैसला लेने के बजाय इन फंडों की वास्तविक भूमिका और उपयोगिता को समझने के लिए प्रेरित करना है। कंपनी के अनुसार, हाल के समय में मल्टी एसेट एलोकेशन फंडों में निवेशकों की रुचि तेजी से बढ़ी है। यह हिस्सेदारी पिछली तिमाही में 21 प्रतिशत और एक वर्ष पहले इसी अवधि में केवल 6 प्रतिशत थी।

टाटा मोटर्स ने लांच की नई नेक्सॉन कैमो

मुंबई । टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स ने अपनी लोकप्रिय कॉम्पैक्ट एसयूवी नेक्सॉन के 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर नया नेक्सॉन कैमो एडिशन लांच किया है। इसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 9.99 लाख रुपए रखी गई है। कंपनी के अनुसार, यह मॉडल पेट्रोल, डीजल और आईसीएनजी तीनों पावरट्रेन विकल्पों में उपलब्ध होगा। नई नेक्सॉन कैमो को दो एक्सक्लूसिव रंगों मुन्नार मिस्ट और कूर्ग क्लाउड में पेश किया गया है। एसयूवी में प्रीमियम डिजाइन के साथ आधुनिक तकनीक और एडवांस फीचर्स का समावेश किया गया है।

कार्यकारिणी की मंजूरी के बिना तीन संयोजित सदस्य बनाने से बाजार प्रमुखों में रोष

व्यापारियों ने कहा-भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष कर रहे चुनाव के दौरान किए गए वादे से वादा खिलाफी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी की सबसे पुरानी और प्रभावशाली व्यापारिक संस्था भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (बीसीसीआई) में संगठनात्मक कार्यप्रणाली को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। चेंबर अध्यक्ष गोविंद गोयल पर बिना कार्यकारिणी की मंजूरी के तीन संयोजित सदस्यों की नियुक्ति करने के गंभीर आरोप लगे हैं। इस फैसले से व्यापारिक संगठनों के प्रमुखों, पदाधिकारियों और चेंबर के कई वरिष्ठ सदस्यों में असंतोष और रोष बढ़ता दिखाई दे रहा है। आरोप है कि चेंबर अध्यक्ष गोविंद गोयल चुनाव के समय व्यापारियों से किए गए वादों की वादा खिलाफी कर रहे है। अध्यक्ष अपने करीबी और चहेतों को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दे रहे हैं। चेंबर से जुड़े सूत्रों के अनुसार, फरवरी 2026 में हुए चुनाव के दौरान गोविंद गोयल ने राजधानी के विभिन्न बाजारों और व्यापारिक संगठनों के प्रमुखों से व्यापक संपर्क कर समर्थन मांगा था। उस समय उन्होंने यह वादा कर भरोसा दिलाया था कि अध्यक्ष बनने के बाद विभिन्न व्यापारिक संगठनों के प्रमुखों और वरिष्ठ व्यापारियों को चेंबर में सम्मानजनक प्रतिनिधित्व दिया जाएगा, ताकि संस्था सभी बाजारों की आवाज बन सके, लेकिन चुनाव के छह माह बाद भी अधिकांश संगठनों को प्रतिनिधित्व नहीं मिला। इसके उलट, अध्यक्ष द्वारा अपने करीबी और चहेते माने जाने वाले जितेंद्र डागा, अरविंद गोयंका और चंदू इसरानी को संयोजित सदस्य घोषित किए जाने से विवाद गहरा गया है। आरोप है कि यह प्रक्रिया चेंबर के संविधान में निर्धारित नियमों के अनुरूप नहीं अपनाई गई।

चुनाव के छह माह बाद भी अधिकांश संगठनों को प्रतिनिधित्व नहीं

यह प्रक्रिया चेंबर के संविधान में निर्धारित नियमों के अनुरूप नहीं अपनाई गई

व्यापारिक संगठनों में बढ़ रहा असंतोष

भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज कार्यालय

व्यापारिक संगठनों से जुड़े कई पदाधिकारियों का कहना है कि यदि चुनाव के समय किए गए वादों के अनुरूप विभिन्न बाजारों और संगठनों को प्रतिनिधित्व दिया जाता, तो चेंबर और अधिक मजबूत बनता। उनका आरोप है कि संगठन में कुछ चुनिंदा लोगों को ही महत्व दिया जा रहा है, जबकि वर्षों से चेंबर के लिए काम करने वाले कई वरिष्ठ व्यापारी खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं।

संस्था के भीतर मतभेद की चर्चा

सूत्रों का कहना है कि फरवरी में हुए चुनाव में सर्वाधिक मतों से निर्वाचित महामंत्री ललित तांतेड़ की राय भी कई महत्वपूर्ण निर्णयों में नहीं ली जा रही है। इससे संस्था के भीतर मतभेद की चर्चा तेज हो गई है। कई सदस्य मानते हैं कि यदि कार्यकारिणी की सामूहिक राय से निर्णय लिए जाएं तो ऐसे विवाद पैदा नहीं होंगे।

लोकतांत्रिक व्यवस्था पर उठे सवाल

चेंबर के वरिष्ठ सदस्यों का कहना है कि संस्था का संचालन पारदर्शी और लोकतांत्रिक तरीके से होना चाहिए। उनका मानना है कि यदि नियमों और संविधान के अनुसार निर्णय नहीं लिए गए तो भविष्य में संस्था की साख प्रभावित हो सकती है। व्यापारियों का कहना है कि चेंबर पूरे शहर के व्यापारियों का प्रतिनिधि संगठन है, इसलिए प्रत्येक निर्णय पारदर्शिता और सर्वसम्मति से लिया जाना चाहिए।

विधान के विपरीत नियुक्ति का आरोप

संस्था जुड़े लोगो का दावा है कि चेंबर के संविधान में स्पष्ट प्रावधान है कि किसी भी संयोजित सदस्य की नियुक्ति से पहले कार्यकारिणी की बैठक बुलाना और बहुमत से अनुमोदन प्राप्त करना अनिवार्य है। इसके बाद ही अध्यक्ष नियुक्ति की घोषणा कर सकते हैं। लेकिन इस प्रक्रिया का पालन किए बिना ही तीन नामों की घोषणा कर संबंधितों पत्र भेज दिया गया है , जिससे संस्था की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं।

मंडी बोर्ड आयुक्त ने किया बैरसिया कृषि उपज मंडी का आकस्मिक निरीक्षण

किसान के साथ चर्चा की, कैंटीन में भोजन व्यवस्था का लिया जायजा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड के आयुक्त-सह-प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम ने शुक्रवार को कृषि उपज मंडी समिति बैरसिया का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंडी में किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, व्यवस्थाओं और मंडी संचालन की स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने किसानों, व्यापारियों, हम्मालों और तुलावटियों से संवाद कर समस्याओं एवं सुझावों की जानकारी ली। उन्होंने मंडियों में किसानों को पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध करने की प्राथमिकता है और सभी व्यवस्थाएं किसान-केंद्रित दृष्टिकोण से संचालित की जानी चाहिए। उन्होंने मंडी कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण करने के बाद ई-नाम शाखा, स्थापित लैब और ई-मंडी प्रणाली के संचालन की समीक्षा की। उन्होंने ई-मंडी व्यवस्था के कार्यों पर संतोष व्यक्त किया। इसके अलावा कृषक विश्राम गृह, पार्क, उद्यान और अन्य नागरिक सुविधाओं के साथ कृषक भोजन व्यवस्था के अंतर्गत संचालित कैंटीन का भी जायजा लिया और किसानों से सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान वार्तालाप

कांटे के लिए प्रस्तावित स्थल को देखा

आयुक्त ने मंडी परिसर में नीलामी शेड, सीसी रोड, शौचालय, निर्माणाधीन ग्रेडिंग एवं क्लीनिंग प्लांट तथा 10 मीट्रिक टन क्षमता वाले इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे के लिए प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीवीआई सूचना प्रसारण व्यवस्था, प्रवेश द्वार पर संचालित ई-मंडी प्रणाली, परिसर की साफ-सफाई और स्वच्छता व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। उन्होंने मंडी कर्मचारियों एवं सुरक्षा गार्डों की ड्रेस कोड में उपस्थिति का निरीक्षण करते हुए दैनिक कार्यों की जानकारी ली। इसके बाद कुमार पुरुषोत्तम ने प्रस्तावित नवीन फल एवं सब्जी मंडी प्रांगण का निरीक्षण कर विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक विष्णु खत्री, भोपाल संभाग की संयुक्त संचालक सविता झानिया, अधीक्षण यंत्री मधुकर पंवार, कार्यपालन यंत्री एससी गोयल, तहसीलदार बैरसिया दुर्गा पटले, कृषि उपज मंडी समिति बैरसिया के सचिव सुनील कुमार भालेकर सहित मंडी बोर्ड एवं मंडी समिति के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

आईएनएस मीडिया एजेंसी ने हर दौर को बेहद करीब से देखा और समझा

माहेश्वरी पब्लिसिटी सर्विस का नया अवतार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सन 1964 में अपनी शुरुआत के बाद अखबार और होर्डिंग से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रील्स और सेकंड्स में बदल जाने वाले डिजिटल ट्रेंड्स तक का सफर माहेश्वरी पब्लिसिटी सर्विस ने बखूबी तय किया है। मध्य भारत की अग्रणी और आईएनएस मीडिया एजेंसी 'माहेश्वरी पब्लिसिटी सर्विस' ने हर दौर को बेहद करीब से देखा और समझा है।

अब, समय की इसी तेज रफ्तार से कदमताल करने के लिए, यह प्रतिष्ठित एजेंसी अपने मॉडर्न अवतार 'मैप्स' के साथ खुद को रीब्रांड कर रही है। इस बदलाव की ज़रुरत के बारे में बात करते हुए माहेश्वरी पब्लिसिटी सर्विस के डायरेक्टर्स प्रकाश माहेश्वरी और पंकज माहेश्वरी ने बताया कि नए दौर में आधुनिक सोच के साथ बिज़नेस संचालन करने वाली आज की युवा पीढ़ी और कंटेम्पररी ऑडियंस घंटों की बात सेकंड्स में समझना चाहते हैं। वो ऐसे शब्द पसंद करते हैं जो बोलने में आसान हों और जिनका इम्पैक्ट सीधा हो।

'मैप्स' (अंग्रेजी के शब्द मैप का बहुवचन) का सीधा सा मतलब है नक्शे या रास्ते। जिस तरह एक नक्शा किसी को अनजान रास्तों पर उसकी सटीक मंज़िल तक ले जाता है, ठीक उसी तरह 'मैप्स' की फिलॉसफी ब्रांड्स के लिए वो रास्ते तैयार करना है, जो मार्केट की भीड़ से निकलकर सीधे ग्राहकों के दिलों-दिमाग तक पहुंचते हों।

maps:
Maheshwari Publicity Service
360° Brand Routes

नए लोगो में लगा कोलन

मैप्स के लोगो में लगा 'कोलन' (:) केवल एक डिज़ाइन नहीं है। व्याकरण ज़ुबान में कोलन का मतलब होता है, 'पिक्चर अभी बाकी है', यानी आगे कुछ आने वाला है। 'मैप्स' के साथ लगा यह कोलन दरअसल एजेंसी की विस्तृत सेवाओं को दर्शाता है। 'maps:' में 'आउट ऑफ़ द बॉक्स आईडियाज़' के साथ ब्रांड कंसल्टेंसी, इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग, कंटेंट डेवलपमेंट और डिजिटल मार्केटिंग जैसी वो तमाम सेवाएं मौजूद हैं, जो आज के मार्केट की ज़रुरत के हिसाब से 'maps:' को 360 डिग्री एडवरटाइजिंग एजेंसी बनाती हैं। यह केवल पुराना लोगो हटाकर नया रखने की औपचारिकता नहीं है, बल्कि दूर की सोच के साथ की गई एक स्ट्रेटेजिक रीब्रांडिंग है। यह रीब्रांडिंग बदलते मार्केट ट्रेंड्स, नई पीढ़ी की पसंद और टेक्नोलॉजी के इस दौर में ब्रांड्स को समय की मांग के हिसाब से रिलिवेंट बनाए रखने की एक पुख्ता तैयारी है।

इंडिया एसएमई फोरम ने जारी की डिजिटल प्रोक्योरमेंट रिपोर्ट 2026

एमएसएमई की खरीदी प्रणाली में बढ़ रहा डिजिटलीकरण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडिया एसएमई फोरम (आईएसएफ) ने 'डिजिटल भारतः इंडिया डिजिटल प्रोक्योरमेंट रिपोर्ट 2026' जारी की है। केंद्रीय एमएसएमई राज्य मंत्री एवं श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में रिपोर्ट का विमोचन किया। यह रिपोर्ट देश के 515.3 लाख उद्यम-पंजीकृत एमएसएमई के खरीद व्यवहार और डिजिटल अपनाने की प्रवृत्ति पर आधारित सबसे व्यापक अध्ययनों में से एक मानी जा रही है।

रिपोर्ट के अनुसार, भारत की एमएसएमई प्रोक्योरमेंट अर्थव्यवस्था का आकार 124.9 लाख करोड़ रुपये आंका गया है। अध्ययन में पाया गया कि 75 प्रतिशत से अधिक एमएसएमई हर महीने 10 लाख रुपये से 1 करोड़ रुपये तक की खरीद करते हैं। इसके बावजूद कुल खरीद का केवल 30 से 40 प्रतिशत हिस्सा ही डिजिटल माध्यमों से होता है, जिससे इस क्षेत्र में डिजिटल विस्तार की बड़ी संभावनाएं सामने आती हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 64.5 प्रतिशत खरीद संबंधी निर्णय अब भी सीधे व्यवसाय के मालिक लेते हैं। ऐसे में डिजिटल प्रोक्योरमेंट प्लेटफॉर्म को सरल, उपयोग में आसान और छोटे उद्यमों की जरूरतों के अनुरूप बनाने की आवश्यकता है। रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि 80.4 प्रतिशत एमएसएमई का मानना है कि अगले तीन वर्षों में डिजिटल प्रोक्योरमेंट उनके व्यवसाय के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भविष्य में ऑनलाइन खरीद के लिए कच्चा माल (68.7 प्रतिशत) और मशीनरी एवं उपकरण (61.3 प्रतिशत) सबसे पसंदीदा श्रेणियां होंगी। केंद्रीय राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने कहा कि डिजिटल प्रोक्योरमेंट एमएसएमई को लागत कम करने, दक्षता बढ़ाने, व्यापक बाजारों तक पहुंच बनाने और मजबूत आपूर्ति श्रृंखला विकसित करने में मदद कर सकता है, जिससे वे घरेलू और वैश्विक बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बन सकेंगे। डीपीआईआईटी के अपर सचिव अतीश कुमार सिंह ने कहा कि एमएसएमई के लिए सार्वजनिक खरीद को और प्रभावी बनाने के लिए नीतियों के बेहतर क्रियान्वयन और सुधारों की आवश्यकता है।

एसबीआई भोपाल ने ग्राहकों को दी साइबर सुरक्षा और डिजिटल बैंकिंग पर जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एसबीआई स्थानीय प्रधान कार्यालय भोपाल द्वारा पेंशनभोगियों को नवीनतम पेंशन नियमों, साइबर सुरक्षा और बैंकिंग सेवाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से "पेंशनर जागरूकता कार्यक्रम" का आयोजन किया गया। एसबीआई स्थानीय प्रधान कार्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक (साइबर) प्रणय कुमार नागवंशी, संयुक्त संचालक, पेंशन भविष्य निधि एवं बीमा विभाग, मध्यप्रदेश शासन अरविंद गुप्ता, एसबीआई के महाप्रबंधक लक्ष्मी नारायण सहित बैंक अधिकारी और बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

बिजनेस न्यूज

सेंट्रल बैंक ने एमएसएमई में 63.78 करोड़ रुपए के ऋण स्वीकृत किए

भोपाल । सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एमएसएमई क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन गोविंदपुरा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन कन्वेंशन हॉल में किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक बीरेंद्र मेहता, क्षेत्रीय प्रमुख अमित सिंह, आईएएस सोनिया मीणा और मयंक द्विवेदी ने पात्र हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए। बैंक ने भोपाल क्षेत्र में 63.78 करोड़ रुपए के ऋण स्वीकृत किए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उद्यमियों ने भाग लिया और पात्र हितग्राहियों को विभिन्न एमएसएमई योजनाओं के तहत ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बैंक के महाप्रबंधक बीरेंद्र मेहता ने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र देश की आर्थिक प्रगति, रोजगार सृजन और औद्योगिक विकास का प्रमुख आधार है। उन्होंने कहा कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया उद्यमियों को सरल, त्वरित और पारदर्शी बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है तथा उन्हें बैंक की ऋण सुविधाओं का उपयोग कर अपने व्यवसाय का विस्तार करना चाहिए। क्षेत्रीय प्रमुख अमित सिंह ने कहा कि बैंक का उद्देश्य केवल ऋण उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि उद्यमियों के साथ दीर्घकालिक साझेदारी स्थापित करना है। उन्होंने बैंक की विभिन्न एमएसएमई योजनाओं, डिजिटल बैंकिंग सेवाओं और अन्य सुविधाओं की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक उद्यमियों से इनका लाभ लेने का आग्रह किया।

मानसरोवर में शौर्य एवं बलिदान स्मरण कार्यक्रम आयोजित

भोपाल । मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी एवं जम्मू-कश्मीर स्टडी सेंटर, मध्य प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में 'शौर्य एवं बलिदान स्मरण कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया, जिसमें कारगिल युद्ध के वीर सैनिकों के साहस, त्याग और राष्ट्रसेवा को याद किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भोपाल संभाग संघ चालक सोमकांत उमारकर, मुख्य वक्ता कर्नल नारायण पारवानी, विशिष्ट अतिथि स्टेट लॉ कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. विश्वास चौहान, विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति डॉ. अरुण कुमार पाण्डेय, कुलगुरु डॉ. ए.एस. यादव तथा रजिस्ट्रार डॉ. पुष्पेंद्र तिवारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि सोमकांत उमारकर ने अपने संबोधन में कहा कि समाज में लोग अपने अधिकारों के प्रति तो जागरूक रहते हैं, लेकिन समय की आवश्यकता है कि प्रत्येक नागरिक अपने मूल कर्तव्यों के प्रति भी समान रूप से सजग और उत्तरदायी बने। मुख्य वक्ता कर्नल नारायण पारवानी ने कारगिल युद्ध में शहीद हुए कैप्टन विक्रम बत्रा, कैप्टन हनीफ उद्दीन और कैप्टन विजेंद्र थापर सहित अनेक वीर सैनिकों के शौर्य का उल्लेख करते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों में उनका अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान देशभक्ति और राष्ट्रसेवा का प्रेरणादायक उदाहरण है।

एलएनसीटी के विधि छात्रों ने किया जिला न्यायालय का शैक्षणिक भ्रमण

भोपाल। एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज के विद्यार्थियों ने जिला एवं सत्र न्यायालय का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को न्यायालय की कार्यप्रणाली और न्यायिक प्रक्रिया से प्रत्यक्ष रूप से अवगत कराना था।भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न कोर्टरूम में चल रही न्यायिक कार्यवाही का अवलोकन किया और केस सुनवाई, वकीलों की दलीलों तथा न्यायाधीशों की भूमिका को समझा। छात्रों ने न्यायालयीन शिष्टाचार, दस्तावेजी प्रक्रिया और कानूनी पेशेवरों की जिम्मेदारियों के संबंध में भी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर छात्रों ने न्यायिक व्यवस्था की व्यावहारिक समझ विकसित की और कोर्टरूम प्रक्रियाओं एवं पेशेवर नैतिकता के प्रति अपनी जानकारी को और मजबूत किया। यह शैक्षणिक भ्रमण स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज के डीन एवं डायरेक्टर प्रो. (डॉ.) मुकेश कुमार साहू के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

राधारमण ग्रुप के विद्यार्थियों को मिलेगा ग्रीन टेक्नोलॉजी का अत्याधुनिक ज्ञान

भोपाल। राधारमण ग्रुप के प्रबंध निदेशक एवं ऊर्जा प्रबंधन विशेषज्ञ प्रो. डॉ. जितेन्द्र सक्सैना का चयन भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय के अंतर्गत ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी (बीईई) द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित ऊर्जा संरक्षण एवं सतत भवन संहिता मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम – बैच-7 के लिए किया गया है। यह पांच दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 10 से 14 अगस्त 2026 तक द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (टेरी), गुरुग्राम में आयोजित होगा। इस प्रशिक्षण के माध्यम से प्रो. डॉ. सक्सैना ऊर्जा दक्ष भवन निर्माण, हरित प्रौद्योगिकी, ऊर्जा संरक्षण और सतत विकास से जुड़ी नवीनतम तकनीकों का ज्ञान प्राप्त करेंगे। प्रशिक्षण के बाद इन तकनीकों और अवधारणाओं को राधारमण ग्रुप के शैक्षणिक कार्यक्रमों, कार्यशालाओं, प्रशिक्षण सत्रों और प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण में शामिल किया जाएगा। इससे विद्यार्थियों को उद्योग की वर्तमान जरूरतों के अनुरूप व्यावहारिक और आधुनिक तकनीकी जानकारी प्राप्त होगी। राधारमण ग्रुप के ग्रुप डायरेक्टर डॉ. पीके लाहिड़ी ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि उन्हें उद्योग की नवीनतम तकनीकों और वैश्विक मानकों के अनुरूप तैयार करना है।

नाबार्ड 15 राज्यों में उपलब्ध करा रहा बुनकरों एवं कारीगरों को बाजार, उत्पाद प्रदर्शित

मुंबई । राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) स्थित अपने प्रधान कार्यालय में तीन दिवसीय प्रदर्शनी-सह-बिक्री का आयोजन किया है। इसका उद्देश्य भारत की समृद्ध हथकरघा परंपरा को बढ़ावा देना और बुनकरों एवं कारीगरों को सीधे बाजार उपलब्ध कराना है। प्रदर्शनी में देशभर की 15 प्रमुख पारंपरिक हथकरघा शैलियों के उत्पाद प्रदर्शित किए जा रहे हैं। इनमें महाराष्ट्र की पैठणी, तेलंगाना की पोचमपल्ली इकट, राजस्थान की कोटा डोरिया, ओडिशा की संबलपुरी, बिहार की भागलपुर सिल्क, पश्चिम बंगाल की कांथा स्टिच, गुजरात के कच्छ शॉल, आंध्र प्रदेश की वेंकटगिरि, तमिलनाडु की अरनी सिल्क, केरल की बलरामपुरम, उत्तर प्रदेश की मुबारकपुर, हरियाणा की अंबाला हैंडलूम्स, मध्य प्रदेश की बाघ, झारखंड की भगैया सिल्क तथा कर्नाटक की उत्तरिया शामिल हैं। इनमें कई उत्पादों को भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग भी प्राप्त है। प्रदर्शनी के दौरान आगंतुकों को कारीगरों और बुनकरों से सीधे प्रामाणिक हथकरघा उत्पाद खरीदने का अवसर मिलेगा। इससे उत्पादकों को बिचौलियों के बिना सीधे ग्राहकों तक पहुंच बनाने में मदद मिलेगी। नाबार्ड की ओर से 6 अगस्त को खरीदार-विक्रेता बैठक का भी आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य कारीगरों, उत्पादक समूहों, संस्थागत खरीदारों और अन्य हितधारकों के बीच संपर्क बढ़ाना, नए व्यावसायिक अवसर तैयार करना तथा दीर्घकालिक बाजार संबंधों को मजबूत करना है।

वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर)
अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001

विज्ञापन सं. 03/2026

वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), सीएसआईआर-राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-एनबीआरआई), लखनऊ के निदेशक के पद हेतु सीएसआईआर में लागू भत्तों सहित पे-मैट्रिक्स के लेवल 15 (रु. 1,82,200-2,24,100) में आवेदन/नामांकन आमंत्रित करता है।

पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्तों के लिए, कृपया सीएसआईआर की वेबसाइट www.csir.res.in पर विस्तृत/पूर्ण विज्ञापन संख्या 03/2026 देखें। आवेदन/नामांकन पूर्ण बायोडाटा और प्रकाशनों/पेटेंटों आदि की सूची सहित ई-मेल के माध्यम से ई-मेल आईडी drc.hqrs@csir.res.in पर अथवा डायरेक्टर रिक्रूटमेंट सेल, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 को डाक द्वारा दिनांक 15/09/2026 को अथवा उससे पहले भेजें।

CBC 36202/11/0015/2627

कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश
सतपुड़ा भवन भोपाल 462004

एकीकृत / संस्कृत छात्रवृत्ति एवं निःशक्तजन विद्यार्थियों को कम्प्यूटर एवं प्रबंधन की शिक्षा प्राप्त करने के लिये जीवन निर्वाह भत्ता एवं परिवहन भत्ता योजना

:: छात्रवृत्ति के आवेदनों का आमंत्रण ::

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सत्र 2026-27 हेतु म.प्र. के सभी वर्गों के ऐसे पात्र निःशक्तजन विद्यार्थी जो कि शासकीय महाविद्यालय में अध्ययनरत रहते हुए कम्प्यूटर एवं प्रबंधन में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, उन्हें उक्त छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत जीवन निर्वाह भत्ता एवं परिवहन भत्ता दिया जायेगा। जिस हेतु नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन संस्था प्रमुख से अग्रेषित कराकर संबंधित क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक कार्यालय, उच्च शिक्षा में जमा किये जा सकते हैं।

एकीकृत / संस्कृत छात्रवृत्तियों के लिये पात्र आवेदकों के नवीन आवेदन संस्था प्रमुख के माध्यम से आयुक्त कार्यालय, उच्च शिक्षा, तृतीय तल, केन्द्रीय आवक शाखा, सतपुड़ा भवन, भोपाल एवं नवीनीकरण आवेदन संबंधित क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक कार्यालय, उच्च शिक्षा में जमा किये जायेंगे।

उक्त दोनों छात्रवृत्ति योजनाओं हेतु आवेदन की अवधि दिनांक 01.08.2026 से 31.08.2026 तक निर्धारित की जाती है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी उच्च शिक्षा विभाग की वेबसाइट www.highereducation.mp.gov.in पर नवीन निर्देश अंतर्गत उपलब्ध है।

योजना नियम एवं आवेदन करने हेतु QR Code स्कैन करें।

G-16788/26

" स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

आयुक्त/परियोजना संचालक
स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टरेट
उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश

चिंतन

प्रश्न पत्र बनाने की पूरी व्यवस्था में हो बदलाव

नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई की चार्जशीट ने परीक्षा व्यवस्था की उस कमजोरी को उजागर किया है, जिस पर अब तक पर्याप्त गंभीरता से विचार नहीं हुआ था। सवाल केवल पेपर लीक का नहीं, उस भरोसे का है जिस पर देश की सबसे बड़ी प्रवेश परीक्षाओं का पूरा तंत्र टिका है। कहावत है कि जब बाड़ ही खेत को खाने लगे तो खेत की रखवाली किससे की जाए? नीट-यूजी पेपर लीक मामले में सीबीआई की चार्जशीट से सामने आए आरोपों ने इसी सवाल को एक बार फिर प्रासंगिक बना दिया है। जांच एजेंसी के मुताबिक प्रश्नपत्र तैयार करने की प्रक्रिया से जुड़े विशेषज्ञों ने कथित तौर पर प्रश्नों को याद किया और बाद में इन्हीं प्रश्नों को लीक करने में उनकी भूमिका रही। यदि जांच में सामने आए ये आरोप अदालत में भी प्रमाणित होते हैं तो यह केवल कुछ लोगों की बेईमानी का मामला नहीं होगा, बल्कि परीक्षा की पूरी गोपनीयता व्यवस्था की गंभीर कमजोरी मानी जाएगी। नीट जैसी परीक्षा लाखों विद्यार्थियों के भविष्य का फैसला करती है। देश के छोटे शहरों और गांवों में रहने वाले लाखों परिवार वर्षों तक अपने बच्चों की पढ़ाई पर पैसा और समय लगाते हैं। विद्यार्थी दिन-रात मेहनत करते हैं और उन्हें उम्मीद होती है कि परीक्षा में उनके ज्ञान और मेहनत का मूल्यांकन होगा। ऐसे में यदि किसी को प्रश्नपत्र पहले ही मिल जाए तो नुकसान केवल उन विद्यार्थियों का नहीं होता जो परीक्षा में पीछे रह जाते हैं, बल्कि पूरी व्यवस्था की विश्वसनीयता पर चोट होती है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी यानी एनटीए के सामने सबसे बड़ी चुनौती प्रश्नपत्र की गोपनीयता सुनिश्चित करना है। व्यवस्था को व्यक्ति-आधारित भरोसे से आगे बढ़ाकर तकनीक और बहुस्तरीय सुरक्षा पर आधारित करना होगा। सबसे पहला सुधार प्रश्नपत्र तैयार करने की प्रक्रिया में किया जा सकता है। एक विशेषज्ञ को पूरा प्रश्नपत्र देखने या तैयार करने की जिम्मेदारी देने के बजाय प्रश्नों का बड़ा बैंक तैयार किया जाए। हजारों-लाखों प्रश्नों का एक सुरक्षित डिजिटल बैंक हो और परीक्षा से ठीक पहले अत्यंत सीमित समय में अत्याधुनिक एन्क्रिप्टेड प्रणाली के जरिए अलग-अलग प्रश्नों का चयन कर प्रश्नपत्र तैयार किया जाए। अंतिम प्रश्नपत्र किस क्रम में बनेगा, उसमें कौन से प्रश्न आएंगे, इसकी पूरी जानकारी किसी एक व्यक्ति के पास न हो। प्रश्नपत्र एक सुरक्षित एल्गोरिदम के जरिए तैयार हो और अलग-अलग परीक्षा केंद्रों पर प्रश्नों का क्रम भी अलग हो। हालांकि इसके लिए मजबूत तकनीकी और साइबर सुरक्षा ढांचा जरूरी होगा। दूसरा विकल्प यह है कि प्रश्नपत्र तैयार करने और परीक्षा के बीच का समय न्यूनतम किया जाए। पहले प्रश्नपत्र तैयार करके उसे लंबे समय तक सुरक्षित रखना अपने आप में जोखिम पैदा करता है। इसलिए 'प्रिंट करके सुरक्षित रखने' की पुरानी व्यवस्था के बजाय परीक्षा के बेहद करीब प्रश्नपत्र को अंतिम रूप देने की व्यवस्था विकसित करनी होगी। एक उपाय यह हो सकता है कि प्रश्नपत्र तैयार करने वाले विशेषज्ञों की नियुक्ति में भी अधिक पारदर्शिता और जवाबदेही लाई जाए। उनकी पृष्ठभूमि की स्वतंत्र जांच, हितों के टकराव की जांच और डिजिटल निगरानी जैसी व्यवस्थाएं की जा सकती हैं। सबसे जरूरी बात यह है कि एनटीए को यह स्वीकार करना होगा कि परीक्षा की गोपनीयता केवल 'गोपनीय दस्तावेज' रखने से सुनिश्चित नहीं हो सकती। यह एक पूरी सुरक्षा-श्रृंखला है। प्रश्न बनाने से लेकर प्रश्नपत्र तैयार करने, सुरक्षित रखने, छपाई, परिवहन और परीक्षा केंद्र तक पहुंचने की हर कड़ी मजबूत होनी चाहिए। किसी एक कड़ी में सेंध पूरी व्यवस्था को विफल कर सकती है।

मुद्दा
रोहित माहेश्वरी

संसद का मानसून सत्र हंगामे के हवाले

जनता देख रही है कि कैसे उनके प्रतिनिधि चर्चा से ज्यादा शोर-शराबे और हंगामे में रुचि ले रहे हैं। हर मिनट संसद चलाने में खर्च हो रहा है। आम आदमी के मुद्दे और आवाज संसद से गायब है। संसद में पक्ष-विपक्ष के बीच नूरा कुश्ती जारी है। उम्मीद थी कि संसद का मानसून सत्र हंगामाखेज होगा, क्योंकि पेपर लीक के अलावा, राम मंदिर में चंदा-चढ़ावा चोरी, ई-20 एथेनॉल विवाद, परिसीमन, दलबदल सरीखे मुद्दे जन-सरोकार, लोकतांत्रिक शुचिता और आम आदमी की आस्था से जुड़े थे। यह भी अपेक्षा की जा रही थी कि जन-सरोकार के इन मुद्दों पर संसद में सार्थक, संरचनात्मक चर्चा होगी, लेकिन पेपर लीक से जुड़े बिल पर ही हमारे सांसदों की क्षुद्र और विरोधाभासी राजनीति बेनकाब हो गई।

देश के बड़े समाजवादी नेता डॉ. राम मनोहर लोहिया ने कहा था कि सड़कें अगर खामोश रहेंगी तो संसद आवारा हो जाएगी। उनका मतलब ये था कि किसी भी लोकतंत्र को जगाए रखने के लिए जनता को खुद जागते रहना होगा। देश की जनता देख रही है कि कैसे उनके प्रतिनिधि चर्चा से ज्यादा शोर-शराबे और हंगामे में रुचि ले रहे हैं। हर मिनट संसद चलाने में खर्च हो रहा है। आम आदमी के मुद्दे और आवाज संसद से गायब है। संसद में पक्ष-विपक्ष के बीच नूरा कुश्ती जारी है। उम्मीद थी कि संसद का मानसून सत्र हंगामाखेज होगा, क्योंकि पेपर लीक के अलावा, राम मंदिर में चंदा-चढ़ावा चोरी, ई-20 एथेनॉल विवाद, परिसीमन, दलबदल सरीखे मुद्दे जन-सरोकार, लोकतांत्रिक शुचिता और आम आदमी की आस्था से जुड़े थे। यह भी अपेक्षा की जा रही थी कि जन-सरोकार के इन मुद्दों पर संसद में सार्थक, संरचनात्मक चर्चा होगी, लेकिन पेपर लीक से जुड़े बिल पर ही हमारे सांसदों की क्षुद्र और विरोधाभासी राजनीति बेनकाब हो गई।

संसद पहले ज्यादा चलती थी। धीरे-धीरे राजनीति बढ़ती गई। हंगामा बढ़ता गया। चर्चा घटती गई। भारत की पहली लोकसभा 14 सत्र में 3784 घंटे तक चली थी, अगर आंकड़ों पर नजर डालें तो 1974 तक लगातार बैठकों की संख्या हर लोकसभा कार्यकाल में 100 से ज्यादा रहीं। 1974 के बाद 2011 तक केवल 5 बार ऐसा हुआ कि सदन में बैठकों की संख्या 100 के पार गई। पहली लोकसभा में 333 बिल पास हुए थे। 17वीं लोकसभा यानी पिछली लोकसभा में 2019 से 2024 के बीच 222 बिल पास हुए। इस बार संसद में हंगामे के बीच जनता के लिए जरूरी बिल पास हुए हैं, लेकिन विपक्ष की तरफ से बिना चर्चा किए हुए। संसद के मानसून सत्र के पहले हफ्ते में भारी हंगामे और गतिरोध के कारण कामकाज बेहद कम हुआ है। सदन का अधिकांश समय हो हल्ले में बीत गया। अहम बिंदु यह है कि संसद की प्रत्येक कार्यवाही पर करीब हर मिनट में ढाई लाख रुपये खर्च का अनुमान है। आसान भाषा में समझें तो एक घंटे में डेढ़ करोड़ रुपये खर्च हो जाता है। संसद सत्र के 7 घंटों में एक घंटा लंच को हटाकर बचते हैं 6 घंटे। इन 6 घंटों में दोनों सदनों में केवल विरोध, हल्ला और शोर होता है, जिसके कारण हर मिनट में ढाई लाख रुपये बर्बाद हो रहे हैं। संसद में हंगामा होने के कारण आम आदमी का ढाई लाख रुपये हर मिनट बर्बाद होता है। संसद में बैठने वाले 93 प्रतिशत सांसद करोड़पति हैं, जिन्हें अभी एक लाख 24 हजार रुपये हर महीने वेतन मिलता है। संसदीय क्षेत्र भत्ता 84 हजार रुपये होता है। दैनिक भत्ता सांसदों का 2500 रुपये है। वेतन भत्ता जोड़कर हर सांसद को हर महीने दो लाख 54 हजार रुपये जनता के पैसे से दिया जाता है। सरकार का यह आरोप रहता है कि विपक्ष बिना किसी ठोस प्रक्रिया के जानबूझकर सदन में हंगामा करता है और कार्यवाही बाधित करता है। वहीं, विपक्ष का तर्क यह है कि सरकार उनकी आवाज़ को दबाना चाहती है और जनहित या राष्ट्रीय महत्व के जरूरी मुद्दों पर चर्चा से भागती है। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के सांसद देश के दूर-दूर के कोनों से अपने लोगों की बात रखने आते हैं। करोड़ों लोगों की उम्मीदों का प्रतिनिधित्व करते हैं। दिन का सत्र शुरू होते ही विपक्ष के कुछ सांसद जोर-जोर से नारेबाजी, टेबल पीटना, तालियां बजाना और चिल्लाना



शुरू कर देते हैं। अगर वे संसद चलने दें, तो अपने मुद्दे विपक्ष प्रश्न और शून्य काल के अलावा बिलों पर चर्चा के दौरान अपनी बात रख सकता है। लेकिन इस तरह हर दिन सदन को न चलने देना संसद की गरिमा के ख़िलाफ़ है। विरोध आपका अधिकार है और मुद्दों पर सरकार से सवाल पूछना आपका कर्तव्य, लेकिन इस तरह संसद में ये सब करके आप किसका भला कर रहे हैं? सारा देश हमें देख रहा है, हम उस सदन में बैठे हैं जहां देश के कई सबसे महान नेता कभी बैठते थे। उन्होंने देश के विकास की नींव रखी। विपक्ष के इस असहयोगात्मक रवैये के कारण जहां एक तरफ करोड़ों रुपयों की जनता की गाढ़ी कमाई बर्बाद हो रही है, वहीं दूसरी तरफ देशहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर सार्थक चर्चा भी नहीं हो पा रही है। हंगामे, शोर-शराबे और नोक झोंक के बीच लोकसभा में एंटी पेपरलीक संशोधन बिल ध्वनि-मत से पारित करना पड़ा। इस बिल पर 45 सांसदों ने, 10 से ज्यादा घंटे की बहस के दौरान, अपनी बात रखी और संशोधन भी पेश किए, लेकिन बिल पर मत-विभाजन तक नहीं कराया गया। यह लोकतंत्र की सूक्ष्म एवं महत्वपूर्ण अनिवार्यता है। संसद में सार्थक चर्चा और बहस का होना लोकतंत्र की जीवंतता के लिए अनिवार्य है। यदि सदन में गंभीर संवाद के बजाय केवल हंगामा या बिना चर्चा के कानून पास होने की प्रवृत्ति बढ़ती है, तो जनता का जवाबदेही और शासन प्रणाली से विश्वास उठने लगता है। वहीं, बिना पर्याप्त चर्चा के पारित विधेयक लोकतांत्रिक संस्थाओं की गहराई और गंभीरता को कम करते हैं। अहम सवाल यह है कि संविधान में संसद सत्र आयोजित किए जाने की जो व्यवस्था की गई है, क्या उसका मूल उद्देश्य पूर्ण हो पा रहा है? अगर किसी कानून या योजना को सक्षम एवं कारगर बनाने में विपक्ष की कोई भूमिका न हो, तो संसद की प्रासंगिकता क्या रह जाएगी? इसमें दोराय नहीं कि सदन को सुचारू रूप से चलाने की जिम्मेदारी सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की है। मगर जब विपक्ष कोई सवाल या समस्या उठाता है, तो उसका निराकरण करना सत्ता पक्ष का दायित्व होता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में सत्ता पक्ष अपनी जवाबदेही से पल्ला नहीं झाड़ सकता। संसद के मानसून सत्र की अब तक की अवधि पर नजर डालें, तो हंगामा और कार्यवाही का स्थगन, इन्हीं दो बातों पर जोर दिया गया है। ऐसा लगता है कि स्थगन, कार्यवाही का पर्याय बन गया है। विपक्ष नीट प्रश्नपत्र लीक के विरोध में प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों पर पुलिस कार्रवाई तथा राम मंदिर चढ़ावा चोरी के मुद्दों को लगातार संसद में उठा रहा है और हंगामे के कारण दोनों सदनों की कार्यवाही बार-बार स्थगित हो जाती है। इस बीच महत्वपूर्ण विधेयक भी व्यापक चर्चा के बिना ही पारित हो जाते हैं।

विपक्ष का कहना है कि सरकार उनकी मांग को नजरअंदाज कर लोकतंत्र पर प्रहार कर रही है, तो सत्ता पक्ष का दावा है कि विपक्ष जानबूझकर सदन की कार्यवाही में व्यवधान उत्पन्न कर रहा है। इसी का नतीजा रहा कि लोकसभा में उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीश संख्या) संशोधन विधेयक, 2026 और राज्यसभा में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास (संशोधन) विधेयक भी विस्तृत चर्चा के बगैर ही पारित कर दिए गए। इस तर्क-वितर्क और राजनीति के बीच संसद से सैकड़ों किमी दूर बुनियादी सुविधाओं से वंचित बैठा आम आदमी यह सोचता रहता है कि उम्मीद की कोई किरण तो जनप्रतिनिधि ही निकाल सकते हैं। यही आम आदमी इस भरोसे में रहता है कि जिन्हें चुनकर संसद भेजा है, वही सार्थक बहस करके नई अलख जगाएंगे, लेकिन जब वही प्रतिनिधि दलगत राजनीति और रणनीति के तहत संसद में चर्चा की बजाय हंगामा करते हैं तो वो आम आदमी की उम्मीदों को निर्दयता से तोड़ते दिखाई देते हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

यूएस में इंडिया डे

महेन्द्र तिवारी

भारतीय प्रतिभा व परिश्रम का वैश्विक सम्मान

अमेरिकी राज्य मैसाचुसेट्स द्वारा 15 अगस्त को 'इंडिया डे' घोषित किया जाना महज एक प्रतीकात्मक घटना नहीं है, बल्कि यह व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और तकनीक के क्षेत्र में भारतीय समुदाय के विशेष योगदान को दी गई एक बड़ी आधिकारिक मान्यता है। यह घोषणा इस बात का प्रमाण है कि स्वतंत्रता दिवस का जश्न अब केवल भारतीयों की भावनाओं तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह एक प्रमुख अमेरिकी राज्य द्वारा भारतीयों की अनवरत मेहनत और असाधारण प्रतिभा के प्रति प्रकट किया गया गहरा सम्मान भी है। अमेरिका को लंबे समय से अवसरों की भूमि कहा जाता रहा है। दुनिया के लगभग हर हिस्से से लोग एक बेहतर भविष्य की तलाश में वहां पहुंचे और अपनी कड़ी मेहनत तथा बौद्धिक क्षमता से उस महान राष्ट्र की प्रगति में समान भागीदार बने। इन्हीं तमाम प्रवासी समुदायों के बीच भारतीय मूल के अमेरिकी आज सबसे प्रभावशाली और सम्मानित समूहों में गिने जाते हैं। उनकी आबादी अमेरिका की कुल जनसंख्या का केवल डेढ़ प्रतिशत के आसपास है, लेकिन जब बात अर्थव्यवस्था, विज्ञान, चिकित्सा, अत्याधुनिक तकनीक, शिक्षा, उद्यमिता और राजनीति की आती है, तो उनका प्रभाव उनकी संख्या के अनुपात से कहीं अधिक विशाल और स्पष्ट दिखाई देता है। यह स्थिति केवल कुछ व्यक्तियों की आर्थिक सफलता की कहानी भर नहीं है। यह इस तथ्य का एक जीवंत प्रमाण है कि शिक्षा, अथक परिश्रम और निरंतर नवाचार किसी भी समाज को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक ले जाने की क्षमता रखते हैं। वर्तमान में भारतीय मूल के लोगों की आबादी पचास लाख के करीब मानी जाती है और यह समुदाय अमेरिका के सबसे शिक्षित तथा सर्वाधिक आय अर्जित करने वाले गिने-चुने समुदायों में शीर्ष पर विराजमान है।

भारतीय अमेरिकी समुदाय की इस अपार सफलता की सबसे बड़ी और मूल शक्ति उनकी शिक्षा के प्रति गहरी निष्ठा है। उच्च शिक्षा और पेशेवर डिग्रियां प्राप्त करने वाले भारतीयों का अनुपात अन्य तमाम प्रवासी समुदायों की तुलना में बहुत अधिक है। इंजीनियरिंग, चिकित्सा विज्ञान, सूचना प्रौद्योगिकी, प्रबंधन, वित्त, कानून और गहन अनुसंधान जैसे जटिल क्षेत्रों में भारतीयों ने उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल की हैं और यही मुख्य कारण है कि उनकी औसत घरेलू आय अमेरिका की राष्ट्रीय औसत आय के आंकड़े से काफी ऊपर है। यह शानदार आर्थिक सफलता केवल व्यक्तिगत समृद्धि के दायरे तक सीमित नहीं रहती, बल्कि भारी मात्रा में कर भुगतान, निवेश, उपभोग और नए रोजगार सृजन के माध्यम से यह सीधे तौर पर अमेरिकी अर्थव्यवस्था को एक बहुत मजबूत आधार प्रदान करती है। भारतीय अमेरिकी केवल बड़े पदों पर नौकरी करने या कॉर्पोरेट जगत में उच्च वेतन प्राप्त करने तक ही सीमित नहीं रहे हैं। उन्होंने उद्यमिता और व्यापार के क्षेत्र में भी दुनिया को अपनी क्षमता का लोहा मनवाया है। प्रशासनिक व्यवस्था, न्यायपालिका और विभिन्न नीति निर्माण संस्थाओं में भी भारतीय मूल के विशेषज्ञों की निरंतर बढ़ती संख्या यह साबित करती है कि उन्होंने अमेरिका में केवल धन ही नहीं, बल्कि वहां के समाज का गहरा विश्वास और सम्मान भी अर्जित किया है। इस पूरी सफलता के बीच एक बहुत ही महत्वपूर्ण पहलू भारतीय समुदाय की अपनी सांस्कृतिक पहचान को सहेज कर रखना भी है। भारतीय अमेरिकियों ने अपने त्योहारों, भाषाओं, पारंपरिक संगीत, नृत्य, योग, आयुर्वेद और अपने सुदृढ़ पारिवारिक मूल्यों को सात समंदर पार भी पूरी तरह से जीवित रखा हुआ है।

आज दीपावली, होली और स्वतंत्रता दिवस जैसे उत्सव केवल भारतीय समुदाय के घरों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि अमेरिकी समाज के अन्य तमाम वर्ग भी पूरे उत्साह के साथ इनमें भाग लेने लगे हैं। यह सांस्कृतिक स्वीकार्यता विश्व पटल पर भारत की बढ़ती हुई सॉफ्ट पावर का एक बहुत बड़ा और प्रत्यक्ष प्रमाण है। मैसाचुसेट्स राज्य द्वारा 15 अगस्त को इंडिया डे घोषित किया जाना इसी गहरे सांस्कृतिक और सामाजिक प्रभाव का एक बहुत ही सुंदर परिणाम है। हार्वर्ड और एमआईटी जैसे संस्थानों वाले इस राज्य में यह घोषणा केवल एक सांकेतिक निर्णय नहीं है, बल्कि यह उस दीर्घकालिक और बहुमूल्य योगदान की सार्वजनिक स्वीकृति है, जिसने पूरे अमेरिका के विकास में अपनी एक बहुत ही अमिट छाप छोड़ी है। अंततः यह कहानी केवल प्रवासियों की सफलता की नहीं है, बल्कि यह कड़े परिश्रम, गहरे सांस्कृतिक मूल्यों और वैश्विक स्तर पर मिले अवसरों के बेहतरीन समन्वय की वह प्रेरणादायक दास्तान है, जो यह साबित करती है कि भारतीय प्रतिभा पूरे विश्व को एक नई दिशा देने में पूरी तरह से सक्षम है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

सफलता पाने के लिए मन पर अंकुश जरूरी

संकलित
दर्शन

मन अधिक चंचल है, क्योंकि वह माया में रमा हुआ है। उसे जीवन सफलता के मार्ग पर अग्रसर करने के लिए बड़े अंकुश की आवश्यकता होती है। परमात्मा के भय से बड़ा कोई नियंत्रक नहीं है। वह दृष्टिगोचर नहीं है। फिर भी सर्वव्यापी है। उसके कोई अधिकारी नहीं हैं। फिर भी उसका राज्य अनंत एवं व्यवस्था अति सुचारु है। उसने कोई संविधान नहीं बनाया। फिर भी वह गुण-दोष परखकर फल देता जा रहा है। परमात्मा अंतर्यामी है। कुछ भी उसकी दृष्टि से ओझल नहीं है। उसका न्याय होकर रहता है। सांसारिक विधानों से बचा जा सकता है, किंतु परमात्मा की परम शक्ति से नहीं। परमात्मा की सत्ता को स्वीकार कर उसके अनुसार जीवन व्यतीत करना ही दंड से बचने का एकमेव उपाय है। परमात्मा निराकार है, किंतु उसका कौतुक जीवन को प्रत्यक्षतः प्रभावित करता है। परमात्मा का सबसे बड़ा प्रभाव मनुष्य का तन है, जो पांच तत्वों जल, वायु, अग्नि, धरती और आकाश के संयोग से बना है। ये पांचों तत्व परस्पर विपरीत प्रकृति के हैं। वे एक साथ नहीं रह सकते। परमात्मा की ही महिमा है कि एक साथ जीव के तन में बस रहे हैं। इससे बड़ा चमत्कार कोई और नहीं हो सकता। परमात्मा ने अगण्य जीव रचे हैं और नित्य रचता जा रहा है। वह जीवों को रचता ही नहीं, उनका प्रतिपालन भी करता है। उसकी कृपा एवं उसका दंड पल-पल संसार में प्रकट होते हैं। वह राजा से रंक, रंक से राजा, ज्ञानी से अज्ञानी एवं अज्ञानी से ज्ञानी बना रहा है।

छोटे प्रयासों से बहुत कुछ मिल जाएगा



संकलित
प्रेरणा

एक आदमी समुद्र तट पर चल रहा था। उसने देखा कि कुछ दूरी पर एक युवक ने रेत पर झुककर कुछ उठाया और आहिस्ता से उसे पानी में फेंक दिया। उसके नज़दीक पहुंचने पर आदमी ने उससे पूछा और भाई, क्या कर रहे हो? युवक ने जवाब दिया, मैं इन मछलियों को समुद्र में फेंक रहा हूँ। लेकिन इन्हें पानी में फेंकने की क्या ज़रूरत है? आदमी बोला। युवक ने कहा, ज्वार का पानी उतर रहा है और सूरज की गर्मी बढ़ रही है। अगर मैं इन्हें वापस पानी में नहीं फेंकूंगा तो ये मर जाएँगी। आदमी ने देखा कि समुद्रतट पर दूर-दूर तक मछलियाँ बिखरी पड़ी थीं। वह बोला, इस मीलों लंबे समुद्रतट पर न जाने कितनी मछलियाँ पड़ी हुई हैं। इस तरह कुछेक को पानी में वापस डाल देने से तुम्हें क्या मिल जाएगा? इससे क्या फर्क पड़ जाएगा? युवक ने शान्ति से आदमी की बात सुनी, फ़िर उसने रेत पर झुककर एक और मछली उठाई और उसे आहिस्ता से पानी में फेंककर वह बोला, आपको इससे कुछ मिले न मिले, मुझे इससे कुछ मिले न मिले, दुनिया को इससे कुछ मिले न मिले। लेकिन इस मछली को सब कुछ मिल जाएगा। यह केवल सोच का ही फर्क है। सकारात्मक सोच वाले व्यक्ति को लगता है कि उसके छोटे-छोटे प्रयासों से किसी को बहुत कुछ मिल जाएगा, लेकिन नकारात्मक सोच के व्यक्ति को यही लगेगा कि, यह समय की बर्बादी है?

सटाका

आज की पाती

महिलाओं में बढ़ता तंबाकू सेवन एक गंभीर चुनौती

देश में तंबाकू सेवन को लेकर सामने आए ताजा आंकड़े चिंता बढ़ाने वाले हैं। विशेष रूप से महिलाओं में तंबाकू सेवन की बढ़ती प्रवृत्ति समाज और स्वास्थ्य व्यवस्था दोनों के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार देश के 13 राज्यों में महिलाओं द्वारा तंबाकू सेवन में वृद्धि दर्ज की गई है। यह स्थिति केवल महिलाओं के स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका प्रभाव परिवार, बच्चों और आने वाली पीढ़ियों पर भी पड़ता है। जिस समाज में महिलाएं परिवार की आधारशिला मानी जाती हैं, वहां उनका किसी भी प्रकार के नशे की ओर बढ़ना सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी कई नई समस्याओं को जन्म देता है। तंबाकू चाहे किसी भी रूप में लिया जाए, वह शरीर के लिए अत्यंत हानिकारक होता है। *– विनय कुमार, रेवाड़ी*

ट्रेंड

भारत का मान

सेंट लुइस रैपिड एंड ब्लिट्ज़ जीतने और अपना पहला ग्रैंड चेस टूर खिताब हासिल करने पर आर. प्रज्ञानंद को हार्दिक बधाई। टूर्नामेंट के दौरान आपके शानदार प्रदर्शन, बेहतरीन रणनीति और अटूट फोकस ने एक बार फिर भारत का मान बढ़ाया है।
- **देवेंद्र फडणवीस,** सीएम, महाराष्ट्र

'वंदे मातरम्'

'वंदे मातरम' भारत की राष्ट्रीय चेतना और मातृभूमि के प्रति समर्पण का शाश्वत भाव है। विधानसभा में इसकी गूंज हमें राष्ट्र को सर्वोपरि रखने और जन-कल्याण, सुशासन तथा 'विकसित दिल्ली' के लिए पूरी निष्ठा से काम करने का संकल्प दिलाती है।
- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

व्यावहारिक समाधान

हमारी सरकार झारखंड सहित पूरे देश के छात्रों और युवाओं की समस्याओं के लिए ठोस और व्यावहारिक समाधानों के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार सभी जिलों के छात्रों से राय और सुझाव लेगी, ताकि समाधान व्यापक और समावेशी हों।
- **हेमंत सोरेन,** सीएम, झारखंड

ई20 का फैसला

सरकार से ई20 का फैसला वापस करवाने का एक आसान तरीका है: गोवा चुनाव में बीजेपी को हराने व उनके अति-आत्मविश्वास को तोड़ने के लिए एकजुट हों। मैं गारंटी देता हूँ कि चुनाव नतीजों के पाँच दिनों के भीतर सरकार ई 20 को वापस ले लेगी।
-**अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

करंट अफेयर

बोस्टन में मनेगा भव्य स्वतंत्रता दिवस समारोह

बोस्टन में भारतीय-अमेरिकी समुदाय भारत के स्वतंत्रता दिवस को पूरे उत्साह के साथ मनाने की तैयारियों में जुटा हुआ है। इस अवसर पर भव्य परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जो भारत और अमेरिका के बीच मजबूत साझेदारी को भी प्रदर्शित करेंगे। 'फाउंडेशन ऑफ इंडियन-अमेरिकन्स' (एफआईए)- न्यू इंग्लैंड द्वारा नौ अगस्त को बोस्टन में 5वीं 'इंटरनेशनल इंडिया डे परेड' आयोजित की जाएगी। इसे न्यू इंग्लैंड क्षेत्र में भारत के स्वतंत्रता दिवस, उसकी सांस्कृतिक विरासत और भारत-अमेरिका की स्थायी मित्रता के सबसे बड़े आयोजनों में से एक माना जाता है। एफआईए-न्यू इंग्लैंड ने बृहस्पतिवार को जारी एक बयान में कहा कि भारत की स्वतंत्रता की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित इस वर्ष की परेड का विषय 'स्वतंत्रता का उत्सव एवं अमेरिका-भारत मित्रता' रखा गया है। परेड में 15 आकर्षक झांकियां शामिल होंगी। इसके साथ ही एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न सामुदायिक संगठनों, पूर्व सैनिकों, आपातकालीन सेवाओं के कर्मियों और न्यू इंग्लैंड के भारतीय-अमेरिकी समुदाय की विविधता का प्रतिनिधित्व करने वाले हजारों लोगों की भागीदारी होगी।

ऑफ बीट

संतान पालने को मजबूत साझेदार बनाते हैं पक्षी

कई अन्य प्रजातियों में भी संतान को पालने के लिए दीर्घकालिक साथी चुनने की ऐसी ही व्यवस्था है। जब ये जोड़े अलग हो जाते हैं तो इसका क्या प्रभाव पड़ता है? अधिकतर पक्षी जोड़े के रूप में संतानों को पालने के लिए मजबूत साझेदारी बनाते हैं। शिशु पक्षियों को पालना एक गहन काम है। घोंसले में दोनों (माता-पिता) का होना अकसर चूजों के जीवित रहने के लिए आवश्यक होता है। सेशेल्स वार्बलर प्रजाति भी इसका कोई अपवाद नहीं है। ये छोटे आकार के गीत पक्षी केवल मेडागास्कर के उत्तर-पूर्व में सेशेल्स में रहते हैं। ये अकसर जीवन भर के लिए जोड़ी बनाते हैं और एक साथ मिलकर रहते हैं। छोटे आकार की इस चिड़िया की सबसे लंबी साझेदारी 15 साल दर्ज की गई है। हालांकि, इन वार्बलर के लिए भी पारिवारिक जीवन हमेशा सही नहीं होता। सभी वार्बलर जोड़ों में से, लगभग सात में से एक (14 प्रतिशत) अलग हो जाते हैं। इन मामलों में, माता-पिता में से एक अपना क्षेत्र छोड़ देता है और अन्यत्र नया साथी ढूंढ़ता है, जबकि उनके मूल घोंसले में अब भी अंडा या नवजात बच्चा मौजूद होता है। हमने उन पक्षियों के बच्चों के तनाव के स्तर को मापा जो अपने माता-पिता के रिश्ते के खत्म होने से ठीक पहले पैदा हुए थे।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।


राजधानी का बोट क्लब, शाम 4:50 बजे का दृश्य

दोनों सिस्टम की वजह से प्रदेश में मानसूनी गतिविधियां जारी

उत्तर के हिस्से में झमाझम और पश्चिम में सूखा रीवा ग्वालियर व सतना जिले में भारी बारिश का अलर्ट

- सबसे अधिक 39 मिमी बारिश नरसिंहपुर में दर्ज हुई
- बड़े शहरों में दिन और रात के तापमान में रहा 4 डिग्री का अंतर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के पूर्वी और उत्तरी हिस्से में झमाझम बारिश के बावजूद पश्चिमी हिस्से में सूखा पड़ा है। यहां बादल तो छा रहे हैं, लेकिन बरस नहीं रहे, जिसकी वजह से भोपाल, नर्मदापुरम, सीहोर, रायसेन, विदिशा और इंदौर में अब भी तेज बारिश का इंतजार किया जा रहा है। इधर शुक्रवार को उत्तरी इलाकों के कई जिलों में झमाझम बारिश हुई। सबसे अधिक 39 मिलीमीटर बारिश नरसिंहपुर में दर्ज की गई।

मौसम वैज्ञानिक अरुण कुमार शर्मा का कहना है कि उत्तर प्रदेश और झारखंड के ऊपर एक ऊपरी हवा का घेरा बना हुआ है। साथ ही मानसूनी द्रोणिका राजस्थान के गंगानगर से दिल्ली और उत्तर प्रदेश होते हुए बंगाल की खाड़ी तक गुजर रही है। इन दोनों सिस्टम की वजह से प्रदेश में मानसूनी गतिविधियां जारी है। मौसम विभाग ने शनिवार को ग्वालियर, रीवा और सतना जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं प्रदेश के बाकी हिस्सों में बूंदाबांदी और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने के आसार हैं।

प्रदेश में कहां कितनी हुई बारिश

शहर --	बारिश मिलीमीटर में
नर्मदापुरम	-- 11.0
रायसेन	- 11.0
दतिया	-- 8.0
सागर	-- 6.0
खजुराहो	-- 6.0

प्रदेश के चार बड़े शहरों का तापमान

शहर --	अधिकतम --	न्यूनतम
भोपाल	-- 28.7	-- 24.2
इंदौर	- - 27.9	-- 23.0
ग्वालियर	-- 29.4	-- 25.6
जबलपुर	-- 31.6	-- 25.5

नोट -- तापमान डिग्री सेल्सियस में

यहां भी हुई बारिश

शुक्रवार को श्योपुर में 37 मिलीमीटर, डिंडोरी में 23.5 मिलीमीटर और नर्मदापुरम जिले के पचमढ़ी में 18 मिलीमीटर बारिश हुई। ग्वालियर, जबलपुर, छिंदवाड़ा, दतिया, रीवा, सागर, टीकमगढ़ और उमरिया सहित कई अन्य जिलों में भी गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ीं हैं। जिसकी वजह से दिन के तापमान में औसत एक से दो डिग्री सेल्सियस तक का उतार-चढ़ाव रहा।

भोपाल में तेज गर्मी और उमस से मिली राहत

बादल होने की वजह से भोपाल में तेज गर्मी और उमस से राहत है, लेकिन बारिश नहीं होने की वजह से यहां बारिश का आंकड़ा लगातार गिर रहा है। शुक्रवार को भोपाल में दिन का तापमान 28.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि रात का तापमान 24.2 डिग्री दर्ज किया गया है। इसी तरह इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर में भी दिन और रात के तापमान में चार से पांच डिग्री का अंतर बना हुआ है।

खबर संक्षेप

छात्र की जान बचाने पर आरक्षकों को पुरस्कार

इंदौर। पुलिस जवानों की सतर्कता और मानवीय पहल से एक छात्र की जान बच गई। राऊ और राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में पेट्रोलिंग कर रहे पुलिसकर्मियों ने बाइक से गिरकर बेहोश हुए छात्र को तत्काल सीपीआर दिया और समय पर अस्पताल पहुंचाकर उसका उपचार शुरू कराया। जानकारी के अनुसार, दो छात्र मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे बैठा छात्र अचानक चलती बाइक से नीचे गिर गया और मौके पर ही बेहोश हो गया। घटना के समय पेट्रोलिंग कर रहे राऊ थाने के प्रधान आरक्षक बलराम चौहान और राजेंद्र नगर थाने के राहुल बोर्डिया व विवेक प्रजापति की नजर बेहोश पड़े छात्र पर पड़ी। पुलिस जवानों ने बिना देर किए सीपीआर दिया। सीपीआर के बाद छात्र की स्थिति में सुधार हुआ। इसके बाद जवानों ने तत्काल छात्र को अस्पताल पहुंचाया। डीजीपी कैलाश मकवाणा ने पुलिस कर्मियों को इस कार्य के लिए प्रत्येक को ढाई हजार रुपए इनाम से पुरस्कृत किया है।

गांव-गांव पौधे रोपेंगे राजपत्रित अधिकारी

भोपाल। पर्यावरण के प्रति सरकार की मुहिम में राजपत्रित अधिकारी भी हाथ बंटाने के लिए आगे आए हैं। इसके लिए सभी जिलों की कार्यकारिणी को पत्र लिखा गया है। संगठन पदाधिकारियों को जिलों में खाली पड़ी जमीनों पर अधिक से अधिक पौधे रोपना होंगे। ताकि आगे चलकर यही पेड़ पौधे सक्षम प्राण वायु बनकर लोगों को नवजीवन प्रदान कर सकें। संगठन के संरक्षक डीके यादव, अमर सिंह मावई, अध्यक्ष संतोष गांधी एवं महामंत्री संतोष उईके के नेतृत्व में हुई बैठक में अधिक से अधिक पौधरोपण का निर्णय लिया गया है।

सिंघार हरियाणा राज्य के पर्यवेक्षक नियुक्त

भोपाल। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे 'संगठन सृजन अभियान' के अंतर्गत मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार को हरियाणा राज्य का पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया है कि उनके कुशल मार्गदर्शन में हरियाणा में कांग्रेस संगठन और अधिक सशक्त, सक्रिय, ऊर्जावान एवं जनहितैषी बनकर उभरेगा।

वल्लभ भवन के सामने कर्मचारियों की नारेबाजी

भोपाल। सीपीसीटी एवं टीईटी सहित अन्य समस्याओं को लेकर मप्र राज्य कर्मचारी संघ ने वल्लभ भवन के सामने प्रदर्शन कर नारेबाजी की। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री द्वारा जो घोषणाएं की गई, उन पर अमल नहीं किया जा रहा है। आरोप है कि लोक शिक्षण विभाग, जेडी के अन्य विभाग विभिन्न अनैतिक आदेश निकल रहे हैं। इस कारण मंत्रालय के समक्ष इकट्ठे होकर सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशों की होली जलाई गई। इस अवसर पर मप्र राज्य कर्मचारी संगठन के महामंत्री जितेंद्र सिंह, अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव ने कहा कि जो अधिकारी सरकार और मुख्यमंत्री की छवि गिराने का प्रयास कर रहे हैं। उनके खिलाफ सारे संगठन मिलकर बड़ा आंदोलन करेंगे।

एस. कृष्ण चैतन्य ने तीन घंटे तक किया निरीक्षण

सुबह 6 बजे मेट्रो साइट पर पहुंचे एमडी, ब्लू ऑरेंज लाइन पर चल रहे निर्माण कार्य देखे

- मेट्रो के विभिन्न पैकेजों में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की
- अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसियों को सभी कार्य तय समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल मेट्रो परियोजना के ब्लू और ऑरेंज लाइन के निर्माण कार्यों का शुक्रवार को मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमपीएमआरसीएल) के प्रबंध संचालक एस. कृष्ण चैतन्य ने निरीक्षण किया। वे सुबह 6 बजे ही विभिन्न निर्माण स्थलों पर पहुंचे और करीब तीन घंटे तक काम की स्थिति देखी।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने भदभदा चौराहा से रत्नागिरी तिराहा तक बन रही ब्लू लाइन और ऑरेंज लाइन के अलग-अलग हिस्सों में चल रहे कार्यों की समीक्षा की। एमडी ने अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों से कहा कि सभी काम तय समय पर पूरे किए जाएं और गुणवत्ता में किसी तरह की कमी नहीं होनी चाहिए।

ब्लू लाइन के भदभदा चौराहा से रत्नागिरी तिराहा तक तथा ऑरेंज लाइन के विभिन्न हिस्सों में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण सुबह 6 बजे से शुरू हुआ। करीब तीन घंटे तक चले इस निरीक्षण में प्रबंध संचालक ने अलग-अलग पैकेजों की प्रगति, निर्माण गुणवत्ता, सुरक्षा प्रबंधन और यातायात व्यवस्था की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान पियर और वायाडक्ट निर्माण, मेट्रो स्टेशनों की प्रगति, निर्माण स्थलों पर सुरक्षा इंतजाम, ट्रैफिक डायवर्जन और कार्यों की समग्र स्थिति का जायजा लिया गया। उन्होंने अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों से प्रत्येक पैकेज की वर्तमान स्थिति तथा आगामी कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

एस. कृष्ण चैतन्य ने निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप गति से आगे बढ़ाए जाएं और गुणवत्ता मानकों से किसी प्रकार का समझौता न हो। उन्होंने कहा कि निर्माण गतिविधियों के दौरान सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करना आवश्यक है, ताकि श्रमिकों और आम नागरिकों दोनों की सुरक्षा बनी रहे। उन्होंने विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय पर भी जोर दिया और कहा कि तकनीकी, निर्माण और यातायात प्रबंधन से जुड़े विभागों के बीच नियमित समन्वय से परियोजना को समय पर पूरा करने में मदद मिलेगी। एमपीएमआरसीएल के अधिकारियों के अनुसार भोपाल मेट्रो के दोनों प्रमुख कॉरिडोर पर निर्माण कार्य चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ रहे हैं और निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के लिए निगरानी और समीक्षा लगातार जारी है।

भोपाल मेट्रोः तीन माह में पहली टनल 150 मीटर तैयार, दूसरी टीबीएम से 100 मीटर तक बनी टनल

शहर के भोपाल रेलवे स्टेशन के पास बन रहे अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन से पुल पातरा तक बन रही टनल बीते तीन माह में 150 मीटर बनकर तैयार हो गई है जबकि एक ही दिशा में बन रही दूसरी टनल भी करीब 100 मीटर बन चुकी है। यह टनल रेलवे स्टेशन से पुल पातरा तक बनेगी। राजधानी में मेट्रो परियोजना के तहत प्रदेश में पहली बार एक साथ दो अंडरग्राउंड टनल बनाने का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। भोपाल रेलवे स्टेशन से पुल पातरा तक बनने वाली इन टनलों के निर्माण के लिए दो टनल बोरिंग मशीनें जमीन से करीब 75 फीट नीचे 24 घंटे लगातार खुदाई कर रही हैं। जमीन के ऊपर कमजोर भवनों को देखते हुए मशीनों का संचालन बेहद धीमी गति से और 24 घंटे मॉनिटरिंग के साथ हो रहा है। मेट्रो प्रशासन का कहना है कि आधुनिक संसाधनों के लैस टीबीएम मशीनों का संचालन एक्सपर्ट की टीम की निगरानी में हो रहा है। जमीन के ऊपर इमारतों वाले भाग को मशीनों के पार करने के बाद ही गति बढाई जाएगी। इधर भोपाल रेलवे स्टेशन पर अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन के निर्माण के लिए लोहे का मजबूत स्ट्रक्चर तैयार हो गया है। यहां निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। जबकि नादरा बस स्टैंड पर भी अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन बनाने का काम चल रहा है।

- रेलवे स्टेशन पर बन रहे अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन से पुल पातरा तक बन रही हैं दो टनल
- अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन के लिए स्ट्रक्चर बनकर तैयार, जल्द आकार लेने लगेगा स्टेशन

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने खरीदा राष्ट्रीय ध्वज

खादी हमारे स्वाभिमान, स्वदेशी और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने राष्ट्रीय हैंडलूम दिवस पर शुक्रवार को भोपाल के जवाहर चौक स्थित सरस्वती नगर के खादी ग्रामोद्योग भवन पहुंचकर राष्ट्रीय ध्वज एवं वस्त्र खरीदा।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने प्रदेशवासियों को राष्ट्रीय हैंडलूम दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खादी केवल एक वस्त्र नहीं, बल्कि हमारे स्वाधीनता संग्राम की आत्मा और आत्मनिर्भर भारत का सशक्त प्रतीक है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने खादी को स्वदेशी, स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता का माध्यम बनाया था। आज भी खादी भारतीय संस्कृति, आत्मनिर्भरता और स्थानीय कारीगरों के सम्मान का प्रतीक बनी हुई है। मध्यप्रदेश के चंदेरी, महेश्वरी, नंदना प्रिंट और बाग प्रिंट जैसी समृद्ध हस्तकरघा परंपराएं हमारे बुनकर साथियों की अद्भुत प्रतिभा, परिश्रम और सांस्कृतिक विरासत की पहचान हैं। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, विधायक भगवानदास सबनानी, सोशल मीडिया के प्रदेश संयोजक सुयश त्यागी एवं जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

खादी अपनाएं, स्थानीय बुनकरों को सशक्त बनाएंः हेमंत

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि 7 अगस्त भारतीय इतिहास में स्वदेशी आंदोलन की प्रेरणादायी तिथि है। वर्ष 1905 में इसी दिन कोलकाता से स्वदेशी आंदोलन का शंखनाद हुआ था। उसी ऐतिहासिक विरासत को स्मरण करते हुए देशभर में राष्ट्रीय हैंडलूम दिवस मनाया जाता है। देश के ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 45 लाख बुनकर हैंडलूम उद्योग से जुड़े हुए हैं, जिनमें लगभग 70 प्रतिशत महिलाएं हैं। कृषि के बाद हैंडलूम एवं बुनकर उद्योग देश में रोजगार का सबसे बड़ा आधार है। हमारे पारंपरिक वस्त्र न केवल भारतीय संस्कृति और विरासत के संवाहक हैं, बल्कि लाखों परिवारों की आजीविका का भी प्रमुख साधन हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक हैंडलूम और खादी से बने वस्त्रों का उपयोग करें, ताकि स्थानीय बुनकरों और कारीगरों को रोजगार एवं आर्थिक मजबूती मिल सके।

आरोपः अनफिट बताकर डिस्क्वालिफाई किया

डीएलएड उत्तीर्ण अभ्यर्थियों ने किया डीपीआई का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्कूल शिक्षा विभाग की प्राथमिक शिक्षक भर्ती-2026 लगातार विवादों में घिरती नजर आ रही है। अब डीएलएड को लेकर अभ्यर्थियों द्वारा विरोध दर्ज कराया गया है।

शुक्रवार को स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कराई गई प्राथमिक शिक्षक भर्ती परीक्षा में शामिल हुए हजारों प्रतिभागी लोक शिक्षण संचालनालय पहुंचे और कार्यालय का घेराव किया। इनकी शिकायत है कि रिजल्ट आने के बाद लोक शिक्षण आयुक्त कार्यालय ने एक साल पुरानी कटऑफ डेट तय कर हजारों उत्तीर्ण उम्मीदवारों को अनफिट बताकर डिस्क्वालिफाई कर दिया है। इन सभी को डीएलएड की डिग्री कटऑफ डेट के बाद मिलने के आधार पर अपात्र बताया गया है। अभ्यर्थियों ने कहा कि वर्ष 2025 में प्राथमिक शिक्षक वर्ग-3 परीक्षा हुई। परीक्षा के आवेदन जमा कराते समय रिजल्ट जारी होने की स्थिति में शैक्षणिक योग्यता की बात कही गई थी, लेकिन जब फाइनल रिजल्ट घोषित किया गया तो शैक्षणिक प्रमाण पत्र की कटऑफ डेट 25 अगस्त 2025 तय कर दी।

जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को वितरित की शिक्षण सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद कोहेफिजा शाखा द्वारा जैन पब्लिक स्कूल में जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक सामग्री दी गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वज वंदन नमोकार मंत्र के उच्चारण के साथ मेरी भावना का पाठ से किया। केंद्रीय मंत्री एवं प्रांतीय संगठन मीना पवैया व केंद्रीय चेअर पर्सन प्रांतीय प्रभारी सुनीता प्रधान की उपस्थिती में लगभग 125 छात्र-छात्राओं को कॉपी, पेन, पेंसिल, बैग एवं अन्य शिक्षण सामग्री वितरित की। मीना पवैया व विनीता सिंघाई के द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के फोटो विद्यालय के लिए प्रदान किए गए।

टीम को देखकर कर्मचारी भागे, मैनेजर को दबोचा

रेस्टॉरेंट के बाहर लगाया बार का बोर्ड चार लाख रुपए की अवैध शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुलमोहर कॉलोनी स्थित बनतारा रेस्टॉरेंट के बाहर बार का बोर्ड लगाकर रेस्टॉरेंट के अंदर शराब पिलाई जा रही थी। शुक्रवार को टीम जब रेस्टॉरेंट पहुंची, तो वहां भगदड़ मच गई। कर्मचारी आबकारी अमले को देखकर भाग खड़े हुए। हालांकि टीम ने मौके से मैनेजर अनिकेत को दबोच लिया है। रेस्टॉरेंट संचालक रंजय शर्मा की तलाश की जा रही है।

टीम ने मौके से करीब आठ पेटी महंगी शराब जब्त की है, जिसकी बाजार कीमत चार लाख रुपए आंकी गई है। कंट्रोल प्रभारी रामगोपाल भदौरिया ने बताया कि टीम ने बनतारा रेस्टॉरेंट में दबिश देकर विभिन्न ब्रांड की महंगी विदेशी शराब जब्त की है। मौके से रेस्टॉरेंट संचालक फरार हो गया था, जबकि दो दिन पहले काम पर आए मैनेजर को गिरफ्तार किया गया है। वहीं एक अन्य मामले में शराब तस्कर संजय जाट पिता भगवत सिंह निवासी ग्राम निपानिया जाट को गिरफ्तार किया गया है, जिसे शनिवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

श्री मंशापूर्ण महादेव धाम मंदिर में शिवलिंग बनाकर अच्छी बारिश की कामना की

सावन में प्रतिदिन बन रहे लाखों पार्थिव शिवलिंग, गूंज रहे भजन, शिव भक्तों ने माह में ग्यारह लाख पार्थिव शिवलिंग बनाने का रखा लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सावन शुरू होने के साथ ही शिवालयों में अभिषेक का सिलसिला शुरू हो गया है। भगवान शिव की आराधना का सबसे पवित्र और पुण्यदायी माना जाने वाला श्रावण मास शुरू होते ही राजधानी शिवमय हो उठता है।

शहर के विभिन्न शिवालयों, मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु अपने हाथों से मिट्टी के पार्थिव शिवलिंग बना रहे है। इस पूरे माह में राजधानी में करीब 11 लाख से अधिक शिवलिंग निर्माण करने का लक्ष्य है।

शिवालयों में अभिषेक का सिलसिला शुरू

सावन शुरू होने के साथ ही शिवालयों में अभिषेक का सिलसिला शुरू हो गया है। श्री मंशापूर्ण महादेव धाम मंदिर शिव रॉयल पार्क फेस-2 सलैया में पार्थिव शिवलिंग बनाने व उनकी पूजा की जा रही है। आयोजक पूर्व प्रदेश संयोजक भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रताप सिंह यादव ने बताया कि पूरे महीने में एक लाख इक्कीस हजार एक सौ ग्यारह पार्थिव शिवलिंग बनाने का लक्ष्य रखा है। यह छठवा साल है। शुक्रवार को करीब 6040 पार्थिव शिवलिंग बनाए गए। इन शिवलिंगों का विधि-विधान पूजा-अभिषेक के बाद उन्हें जल में विसर्जित किया गया। इस मौके पर शिव भक्तों ने राजधानी भोपाल सहित प्रदेशभर में अच्छी बारिश के लिए कामना की गई।

कलश यात्रा के साथ शिवलिंग निर्माण शुरू

भगवान शिव की आराधना के मास श्रावण सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रुद्राभिषेक, शिव मंदिर पर शिखर कलशारोहण का आयोजन शीतला माता मंदिर शॉपिंग सेंटर टीला जमालपुरा शुरू किया गया। आयोजक पंडित श्रीहरि जोशी ने बताया कि संयोजक व वार्ड 13 के पार्षद मनोज राठौर के मार्ग दर्शन में कलश यात्रा निकाली गई। जो शिव मंदिर जमालपुरा गांव से प्रारम्भ होकर टीला जमालपुरा के विभिन्न मार्गो से होते हुए, शीतला माता मंदिर पर समापन हुआ। इस कलश यात्रा साधु संत,मातृशक्ति सहित बड़ी संख्या में शिव भक्त शामिल हुए। इसके बाद पार्थिव शिवलिंग का निर्माण शुरू हुआ, जो निरंतर तीन दिनों तक चलेगा।

मप्र वन कर्मचारी मंच ने सीएम को लिखा पत्र

वन कर्मचारियों को बंदूक तो दी पर चलाने का नहीं दिया लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के सभी वन कर्मचारियों को अब शस्त्र मिलेंगे। मप्र शासन वन विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है, लेकिन शस्त्र चलने का अधिकार अभी भी नहीं दिया है। मप्र वन कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर शस्त्र रखने का अधिकार दिया है तो उसका चलाने का लाइसेंस देने की भी मांग की है।

मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अधीन अंतर्विष्ट उपबंध राज्य के सभी वनरक्षकों, वनपालों, उप वन क्षेत्रपालों, वन क्षेत्रपालों, सहायक वन संरक्षकों, उप वनमंडल अधिकारियों, उप वन संरक्षकों, उप संचालकों, वनमंडल अधिकारियों, क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षकों, क्षेत्र संचालकों तथा राज्य के अन्य ऐसे सभी वन अधिकारियों पर लागू होंगे, जिन्हें वन एवं वन्यजीव संरक्षण, संवर्धन तथा प्रबंधन से संबंधित लोक व्यवस्था बनाए रखने का दायित्व सौंपा गया है। किसी भी वन कार्मिक द्वारा जब भी आग्नेयास्त्र का प्रयोग किया जाएगा, प्रत्येक ऐसी घटना की जांच संबंधित क्षेत्र पर क्षेत्राधिकारिता रखने वाले कार्यपालिक दंडाधिकारी द्वारा की जाएगी।

वे रोजाना आ रहे व देर तक रुक रहे, आप केंद्रीय मंत्री का कार्यक्रम तय नहीं कर सकते, विपक्ष के प्रदर्शन को 'ड्रामा' बताकर इसे बंद करने की अपील की

शाह को सदन में बुलाने की मांग कर रहे विपक्ष को रिजिजू का जवाब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विपक्ष लगातार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से संसद में आने और उन पर लगे आरोपों का जवाब देने की मांग कर रहा है। विपक्ष नारे लगा रहा है- अमित शाह सदन में आओ। विपक्ष का आरोप है दिल्ली पुलिस ने जंतर-मंतर पर नीट छात्रों के विरोध प्रदर्शन पर ताकत का इस्तेमाल किया था। शाह ने इस पर प्रतिक्रिया नहीं दी है। इससे संसद की कार्यवाही बाधित हुई है। शुक्रवार को भी दोनों सदनों की कार्रवाई को वीकेंड तक के लिए स्थगित कर दिया गया। इस

बीच संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू का कहना है शाह लगातार संसद आ रहे हैं। वे केंद्रीय मंत्री का कार्यक्रम तय नहीं कर सकते और न ही उनसे इसे लेकर जवाब मांग सकते हैं।

ईसाई नेताओं के प्रतिनिधिमंडल से मिले थे शाह

गुरुवार को शाह ने डीएमके के सांसद पी. विल्सन सहित ईसाई नेताओं के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और एफसीआरए विधेयक को लेकर उनकी चिताओं को सुना।

तनातनी के बीच शाह ने बिरला से की मुलाकात

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। संसद में जारी गतिरोध के बीच हुई इस बैठक को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि बैठक के बाद दोनों पक्षों की ओर से कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई। बिरला के कार्यालय में शाह ने करीब एक घंटे तक बैठक की। यह मुलाकात ऐसे समय हुई है, जब लोकसभा की कार्यवाही लगातार बाधित हो रही है।

वे यहां जवाब दें

विपक्ष का कहना है कि 20 जुलाई को संसद मार्च के दौरान छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई पर सदन में चर्चा होनी चाहिए। विपक्ष शाह से जवाब देने की मांग कर रहा है। इसी के साथ राम मंदिर चंदा चोरी के कथित मामले पर भी चर्चा कराने की मांग की जा रही है।

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास (संशोधन) विधेयक 2026 लोभसभा में पारित

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास

(संशोधन) विधेयक, 2026 शुक्रवार को लोकसभा में पारित हो गया है। इस का उद्देश्य भुगतान में विलंब की समस्या को समाप्त करना और विवाद निपटारे की प्रक्रिया को आसान बनाना है। केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों को लघु एवं मध्यम उद्यमों से खरीद के बिलों का भुगतान व्यापार प्राप्य छूट प्रणाली से होगा।

संसद में घमासान के आसार

कांग्रेस ने पार्टी सांसदों को जारी किया व्हिप

मानसून सत्र के बीच राजनीतिक सरगर्मियां अचानक तेज हो गई हैं। कांग्रेस ने दोनों सदनों में अपने सभी

सांसदों को उपस्थित रहने का फरमान जारी किया है। पार्टी ने राज्यसभा और लोकसभा के अपने सदस्यों के लिए 3लाइन का व्हिप जारी किया है। इसके तहत सभी सांसदों को 10, 11 और 12 अगस्त को सदन में मौजूद रहने को कहा गया है। इन दिनों में बेहद महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी। पार्टी ने 'इंडिया गठबंधन' के सभी साथी दलों से भी संपर्क किया है।

खबर संक्षेप

नारायण साईं की उम्रकैद पर रोक नहीं लगेगी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने स्वयंभू धर्मगुरु आसाराम के बेटे नारायण साईं को दुष्कर्म मामले में मिली

उम्रकैद की सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने गुजरात हाईकोर्ट से कहा कि वह दोषसिद्धि के खिलाफ अपील का निपटारा3 महीने के भीतर करने का प्रयास करे। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और पीबी वराले की पीठ ने यह कहा।

तालाब में एक साथ 5 शव मिलने से सनसनी

मोतिहारी। बिहार के मोतिहारी जिले के अरेराज में मां और 4 बच्चों की मौत से सनसनी मच गई

है। गोविंदगंज थाना क्षेत्र में एक तालाब से शुक्रवार सुबह 5 शव बरामद किए गए। मरने वालों में मां, उसके 2बेटे और 2बेटियां शामिल हैं। सभी बभनौली पंचायत के रहने वाले थे और गुरुवार शाम के बाद से घर से गायब थे। गांव में कोहराम है।

पटना में युवक की मौत पर आगजनी, पथराव

पटना। पटना में रोड एक्सीडेंट में युवक की मौत के बाद बवाल हो गया है। आक्रोशित भीड़ ने बस में

आग लगा दी। पुलिस की तीन गाड़ियों को भी आग के हवाले कर दिया। भीड़ ने पुलिस और पत्रकारों पर भी पथराव किया। अगमकुआं थाना क्षेत्र के बड़ी पहाड़ी इलाके में तेज रफ्तार बस ने युवक को कुचल दिया। इससे लोग आकरोशित थे।

राधाकृष्णन आज से अंडमान-निकोबार दौरे पर

नई दिल्ली। भारत के उप-राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन 8 और 9 को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह

का 2 दिनी दौरा करेंगे। वे स्वतंत्रता संग्राम के ऐतिहासिक स्थलों पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे और राष्ट्रीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। 8 को श्री विजय पुरम स्थित सेलुलर जेल नेशनल मेमोरियल शहीद स्तंभ पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत

पौड़ी। उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले में देवप्रयाग-पौड़ी मोटर मार्ग पर सबदरखाल के पास एक

दर्दनाक सड़क हादसे में हरिद्वार के लक्सर से आए एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई। इनकी बोलेरो कार अनियंत्रित होकर लगभग 200-250 मीटर गहरी खाई में गिर गई। इस दुर्घटना में एक 16 वर्षीय मासूम सुरक्षित बच गया है, जिसे भर्ती कराया है।

झारखंड में जेपीएससी-जेएसएससी समेत कई भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितता

सीबीआई जांच पर संशय... नहीं बनी सहमति छात्र आंदोलन को अडिग, 'गतिरोध' बरकरार

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड में जेपीएससी-जेएसएससी समेत विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफ छात्रों का आंदोलन चरम पर है। रांची के जैपल सिंह मुंडा स्टेडियम में प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों से एडीएम धनंजय कुमार और रांची सदर एसडीओ राजत कुमार ने छात्रों से बातचीत कर उनकी मांगों और परीक्षा से जुड़ी चिंताओं की जानकारी ली। छात्र नेताओं प्रतिनिधिमंडल में शामिल किए जाने वाले कुछ नामों को लेकर अभी गतिरोध बना हुआ है। अधिकारियों ने अभ्यर्थियों के साथ सीधे संवाद किया। सरकार और छात्र प्रतिनिधिमंडल के बीच वार्ता हुई। राजकीय अतिथिशाला में करीब 2 घंटे तक विभिन्न मांगों पर चर्चा हुई। आंदोलन की अहम मांग सीबीआई जांच पर कोई अंतिम निर्णय नहीं हो सका। ऐसे में छात्रों ने स्पष्ट कर दिया कि जब तक इस मांग पर फैसला नहीं होता, तब तक उनका सत्याग्रह आंदोलन जारी रहेगा। अब अगली बैठक का इंतजार हो रहा है।

छात्रों और सरकार के बीच पहली वार्ता खत्म, नहीं निकला हल

अब अगली बैठक पर टिकी सबकी नजरें

झुकी सरकार छात्रों से बातचीत को तैयार

सरकार ने बातचीत के लिए केवल छात्रों वाली शर्त रखी

छात्र नेता राजेश कुमार ने कहा कि सरकार की ओर से बातचीत के लिए तैयार होने की बात कही गई है और छात्र भी पहले की तरह बातचीत के लिए तैयार हैं। सरकार ने बातचीत के लिए केवल छात्रों को प्रतिनिधिमंडल में शामिल करने की शर्त रखी है। राजेश ने कहा कि छात्रों की ओर से तैयार की गई प्रतिनिधिमंडल की सूची में कुछ नामों को लेकर आपत्ति जताई गई है। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल के नामों की सूची में बदलाव किया जा रहा है। छात्रों की एक प्रमुख मांग यह भी है कि सरकार के साथ होने वाली बातचीत मीडिया की मौजूदगी में हो।

छात्र बोले- खुले मंच पर मुख्यमंत्री से बातचीत हो

प्रदर्शन कर रहे एक छात्र ने कहा कि उनकी मांग है कि मुख्यमंत्री खुद खुले मंच पर लाइव मीडिया के सामने छात्रों से बातचीत करें। छात्र ने आरोप लगाया कि पिछले आंदोलन के दौरान उनके प्रतिनिधियों को बंद कमरे में ले जाकर बातचीत की गई थी, लेकिन उसका कोई ठोस नतीजा नहीं निकला। छात्रों का कहना है कि उनकी मांगों पर गंभीर और पारदर्शी बातचीत होनी चाहिए।

राहुल को बोलना था-सीबीआई जांच हो: केंद्रीय मंत्री सेठ

केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने उम्मीदवारों के साथ एलओपी राहुल गांधी के संवाद पर कहा कि आधा महीना बीत गया, अब याद आया कुछ तो बोलना चाहिए। सीएण को बोलते कि सीबीआई जांच कराएं।

नेहा बोरा पर फेंकी गई स्याही

ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा बोरा पर रांची में

स्याही फेंकी गई है। उन्होंने कहा यह साधारण स्याही हमारा क्या बिगाड़ लेगी? स्याही फेंकने वाले युवक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। हम पर आंसू गैस के गोले, पेलेट गन का इस्तेमाल किया गया। कुछ नहीं हुआ।

सरकार ठोस सुधारों की दिशा में कदम बढ़ाना चाह रही: हेमंत

सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि सरकार छात्र की समस्या का समाधान करने की इच्छा रखती है।

जो छात्रों की इच्छा है, उस इच्छा को हम जयपाल सिंह स्टेडियम से बाहर तक ले जाने की कोशिश में हैं। छात्र-छात्राएं हैं, अपनी राय दे सकते हैं। हम बच्चों की ये जो जिज्ञासा है, उस जिज्ञासा को उनके अनुरूप बनाने के उद्देश्य से आगे बढ़ेंगे।

निष्पक्ष जांच की जाए: विधायक

झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के विधायक जयराम महतो ने अनियमितताओं की

निष्पक्ष जांच की मांग दोहराई। उन्होंने कहा कि मामले में आरोपी बताए जा रहे व्यक्ति ने जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में दूसरी रैंक हासिल की थी और उसके परिवार के कई सदस्य भी परीक्षा में सफल हुए थे। ऐसे में भर्ती परीक्षाओं की गहन जांच कराई जानी चाहिए।

उधर, डीए की मांग पर पंजाब के कर्मचारी-पेंशनर्स का हल्ला बोल

विधानसभा घेराव के लिए बढ़े, पुलिस ने चलाई वाटर कैनन

पंजाब सरकार के कर्मचारियों और पेंशनरों को महंगाई भत्ता (डीए) नहीं दिए जाने के विरोध में शुक्रवार को हजारों कर्मचारी और पेंशनर चंडीगढ़ सेक्टर 39 की अनाज मंडी में रैली में पहुंचे। प्रदर्शन के बाद कर्मचारियों ने विधानसभा की तरफ कूच किया तो पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल कर उन्हें रोका। वहीं कर्मचारियों के प्रदर्शन के चलते रास्तों पर भीषण जाम लगा रहा। इस दौरान कर्मचारियों ने सरकार की नीतियों और कथित टालमटोल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

मोइत्रा को सुप्रीम कोर्ट से झटका

स्वतंत्रता सेनानियों ने गोलियां खाईं और आप अंडों से डर रहीं

नई दिल्ली। नफरत फैलाने वाले भाषण के एक मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट ने टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा को पश्चिम बंगाल पुलिस के समक्ष पेश होने का आदेश दिया था। इसके खिलाफ मोइत्रा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है और कहा कि स्वतंत्रता सेनानी ने सीने पर गोलियां खाई थीं, लेकिन सांसदों के अंडों से डर लग रहा है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस शील नागू की बेंच ने कहा कि वह उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप नहीं करना चाहते हैं। मोइत्रा के वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि मोइत्रा को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये पुलिस के समक्ष पेश होने का कानूनी अधिकार है। मोइत्रा ने कहा, पहले मुझे धमकियां मिलीं कि मुझ पर अंडे फेंके जाएंगे आदि और दूसरी बार, वास्तव में अंडे फेंके गए।

दिल्ली हाई कोर्ट ने केंद्र से पूछा

आप जंतर-मंतर प्रोटेस्ट स्थल को बंद क्यों नहीं कर देते?

जंतर-मंतर पर विरोध-प्रदर्शन को लेकर दिल्ली हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार से से सवाल किया। हाई कोर्ट ने पूछा कि वह विरोध प्रदर्शनों के लिए

जंतर-मंतर क्षेत्र को बंद करने पर विचार क्यों नहीं कर रही है? जस्टिस अमित महाजन ने कहा कि शहर के बीचोंबीच इस तरह के विरोध प्रदर्शनों के कारण शहर को अनावश्यक रूप से बंधक नहीं बनाया जाना चाहिए। कोर्ट ने पूछा कि आप इसे बंद क्यों नहीं कर देते? मेरे विचार से शहर में ऐसी चीजें नहीं होनी चाहिए, लेकिन यह सरकार का फैसला है।

गुरुग्राम में रात से लगातार हो रही झमाझम बारिश

100 करोड़ के फ्लैट्स वाला गोल्फ कोर्स रोड पानी में डूबा, कई इलाकों में ट्रैफिक जाम

जलभराव से गलियां स्वीमिंग पूल बनीं, बच्चे तैरने लगे

एजेंसी ▶▶ गुरुग्राम

यहां दक्षिण-पश्चिम मानसून ने दिल्ली और आसपास के इलाकों में जोरदार दस्तक दी। गुरुग्राम में रात से लगातार हो रही झमाझम बारिश का असर जहां दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे पर देखने को मिला। सबसे पॉश इलाकों में शामिल डीएलएफ सेक्टर-42 स्थित ग्लोबल फोयर मॉल के सामने गोल्फ कोर्स रोड पूरी तरह जलमग्न हो गई।

एंबुलेंस फंसी, रेड अलर्ट

कई इलाकों में जलभराव और भीषण ट्रैफिक जाम की समस्या भी खड़ी कर दी। दुर्गा विहार में जलभराव हो गया, जबकि देवली रोड पर भी कई जगह पानी भर गया। महमाया फ्लाईओवर के नीचे जमा गहरे पानी में एक एंबुलेंस फंस गई,रोड स्विमंग पुल बन गई।



कुल्लू में भूस्खलन

कुल्लू। यहा भारी बारिश और भूस्खलन से पहाड़ी से भारी मात्रा में मलबा और पत्थर सड़क पर आ गिरे हैं, जिससे यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया है और यात्री जगह-जगह फंस गए हैं।

प्रयागराज में 'छात्रों की गूंज' से पहले नेता प्रतिपक्ष राहुल का हमला

आज प्रयागराज में कार्यक्रम

एक्स पर किया पोस्ट, सरकार झुकती है बस आवाज एक साथ उठनी चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रयागराज में होने वाले

'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम से पहले केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सरकार तभी झुकती है, जब लोगों की आवाज एकजुट होकर बुलंद होती है। राहुल का यह बयान पेपर लीक, भर्ती प्रक्रिया में देरी और छात्रों से जुड़े मुद्दों को लेकर सरकार पर उनके लगातार हमलों के बीच है। राहुल 8 अगस्त को प्रयागराज स्थित केपी ग्राउंड में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम से पहले उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि प्रयागराज देश का ऐसा शहर है, जहां बड़ी संख्या में युवा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं।

व्यवस्था ईमानदारी से काम नहीं कर रही

उन्होंने कहा कि छात्रों को अब लगने लगा है कि व्यवस्था ईमानदारी से काम नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों की मेहनत में कोई कमी नहीं है, बल्कि समस्या उस व्यवस्था की नीयत में है, जो उनकी मेहनत का उचित परिणाम नहीं देती।

डॉ. भागवत के बयान के बाद दीपके ने किया क्रिट्रिक पोस्ट

आलोचकों पर निशाना, 'टू हूम इट मे' कंसर्न लिखा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख डॉ. मोहन भागवत के छात्र आंदोलनों पर दिए

गए बयान के बाद सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने आलोचकों पर परोक्ष निशाना साधा है। दीपके ने भागवत के बयान से जुड़ी एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा, 'टू हूम इट मे कंसर्न' (जिन्हें समझना है, वे समझ जाएं)। यह बयान तब आया है जब पेपर लीक,परीक्षा सुधार की मांग को लेकर छात्र आंदोलन पर राजनीतिक बहस जारी है।

प्रियंका वाड्रा ने कसा तंज

युवाओं को आपसे प्रमाण पत्र की जरूरत नहीं

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने डॉ. भागवत पर निशाना साधा। उन्होंने जेन जी और जेन अल्फा के साथ हुई बातके बाद कहा कि युवाओं को उनसे किसी प्रमाण पत्र की जरूरत नहीं है।

भाजपा संघ की शरण में पहुंच गई

समाजवादी पार्टी के सांसद राम गोपाल यादव ने डॉ.भागवत की बातचीत को लेकर भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ताधारी पार्टी जब भी खुद को पूरी तरह से घिरी हुई पाती है, तब आरएसएस की ओर रुख करती है। चूंकि भाजपा सरकार को जेनरेशन जेड से चुनौती मिल रही है, तो यह बात आई।

चंद्रशेखर ने यादव से कहा क्या वो सक्षम नहीं थे?

लोकसभा सांसद और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने

आरक्षण वाले बयान पर हमला बोला है। आजाद ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जिक्र करते हुए कहा कि आखिर जातिगत जनगणना कब करवा रहे? पुराने सीएम की कुर्सी को गंगा जल से क्यों धुलवाया था? क्या वो सक्षम नहीं थे?

सियासी अटकलों ने जोर पकड़ा

प्रधानमंत्री से मिले बादल तो गठबंधन की चर्चाएं तेज हुईं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

शिरोमणि अकाली दल प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री से मुलाकात

फाइल फोटो

की। इस मुलाकात को अगले साल होने वाले पंजाब विधानसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। चर्चा है कि पंजाब में अकाली दल-भाजपा फिर से गठबंधन कर सकते हैं। इससे पहले दोनों पार्टियां मिलकर चुनाव लड़ती रही हैं और पंजाब में सरकार में रही हैं। कृषि कानूनों को लेकर अकाली दल ने भाजपा से नाता तोड़ लिया था।

अकाली खराब दौर से गुजर रही

अकाली दल कुछ वर्षों में लगातार राजनीतिक चुनौतियों का सामना कर रहा है। वरिष्ठ नेताओं का अलग होना, संगठन की कमजोरी और लगातार खराब चुनावी प्रदर्शन उसके लिए बड़ी चुनौती हैं। 2021 में शताब्दी वर्ष पूरा करने वाली पार्टी आज संगठन-जनाधार दोनों स्तर पर कठिन दौर से गुजर रही है।

खबर संक्षेप

हूती हमले में यमन के 58 सैनिकों की मौत

मारिब। सऊदी अरब के नजरान क्षेत्र में हुए हमले में 4 साल के बच्चे समेत 11 नागरिक घायल हुए हैं।

हमलों के बाद नजरान के कई हिस्सों में आग लग गई। धुएं का गुबार दूर तक दिखाई दिया। सऊदी नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन के मेजर जनरल तुर्की अल-मलिकी ने कहा गठबंधन नागरिकों की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाना जारी रखेगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, हूतियों ने मारिब के उत्तर में स्थित अल-जॉफ प्रांत से 8 मिसाइलें दागीं। इसके बाद से इलाके में दहशत का माहौल है।

कैलिफोर्निया के जंगल में मिली छात्र की लाश

कैलिफोनिरया। अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित बिग पाइन लेक्स क्षेत्र में हाइकिंग के दौरान



लापता हुए यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, सांता बारबरा यूसीएसबी के भारतीय मूल के पीएचडी छात्र विक्रम मुबायी का शव बरामद हुआ है। फिलहाल उनकी मौत के कारणों की जांच जारी है और अब तक किसी तरह की साजिश या आपराधिक गतिविधि के संकेत नहीं मिले हैं। विक्रम मुबायी ने 1 अगस्त की रात करीब 8:30 बजे आखिरी बार अपने परिवार से संपर्क किया था। इस दौरान उन्होंने अपना जीपीएस कोऑर्डिनेट्स भी साझा किया था।

नौसेना ने 11 भारतीय मछुआरों को बचाया

कोलंबो। श्रीलंका के समुद्री क्षेत्र में एक नौका के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद श्रीलंकाई नौसेना ने 11 भारतीय मछुआरों को सुरक्षित

बचा लिया। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार यह दुर्घटना श्रीलंका के उत्तरी तट के पास पाक जलडमरूमध्य में स्थित डेल्फ़्ट द्वीप जिसे नेदुंथिवु भी कहा जाता है की तटीय मूंगा चट्टान कोस्टल रीफ के पास हुई। समुद्री सीमा रेखा पार करके श्रीलंका के जलक्षेत्र में प्रवेश कर गई थी और कथित तौर पर चट्टान से टकराकर वहां फंस गई। श्रीलंका नौसेना के कमांडर चमिंदा वालाकुलुगे ने दावा किया कि भारतीय नौका द्वीपीय देश के जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने में लगी थी ।

भारत-चीन की 36वीं डब्ल्यूएमसीसी बैठक

सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखने पर सहमति, नियमित संवाद पर बल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत-चीन सीमा मामलों पर बातचीत और समन्वय के लिए गठित वर्किंग मैकेनिज्म फॉर कंसल्टेशन एंड कोऑर्डिनेशन (डब्ल्यूएमसीसी) की 36वीं बैठक गुरुवार को नई दिल्ली में आयोजित हुई। बैठक में दोनों देशों के प्रतिनिधियों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से जुड़े मौजूदा हालात की व्यापक समीक्षा की और इस बात पर सहमति जताई कि द्विपक्षीय संबंधों के संतुलित और सकारात्मक विकास के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।

बैठक में वास्तविक नियंत्रण रेखा की स्थिति की समीक्षा की गई और इससे जुड़े मुद्दों पर स्पष्ट एवं खुले तौर पर विचारों का आदान-प्रदान हुआ

सीमा पर भरोसा बढ़ाने की कोशिश बातचीत से निकलेगा विवाद का हल

36वीं डब्ल्यूएमसीसी बैठक में भारत-चीन के प्रतिनिधि चर्चा करते हुए

कमांडर स्तर की बैठकों पर जोर

बैठक में दोनों पक्षों ने एलएसी से जुड़े लंबित मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही यह सहमति बनी कि किसी भी तरह की गलतफहमी या गलत आकलन से बचने के लिए मौजूदा राजनयिक और सैन्य माध्यमों का इस्तेमाल जारी रखा जाएगा। इसमें डब्ल्यूएमसीसी के अलावा स्थानीय कमांडर स्तर की बैठकें और दूसरे सहमत तंत्र शामिल हैं। यानी दोनों देशों ने साफ संकेत दिया कि सीमा पर तनाव को बढ़ने से रोकने के लिए बातचीत की प्रक्रिया को जारी रखना जरूरी है।

बातचीत से हल निकालें

विदेश मंत्रालय के मुताबिक भारत और चीन ने इस बात पर जोर दिया कि बॉर्डर क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखना दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों के समग्र विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। बैठक में वास्तविक नियंत्रण रेखा की स्थिति की समीक्षा की गई और इससे जुड़े मुद्दों पर स्पष्ट एवं खुले तौर पर विचारों का आदान-प्रदान हुआ।

चीन ने भी शांति और स्थिरता पर दिया जोर

चीनी विदेश मंत्रालय के मुताबिक दोनों देशों ने राजनयिक और सैन्य चैनलों के जरिए संवाद बनाए रखने और सीमा क्षेत्रों में शांति एवं स्थिरता की रक्षा के लिए मिलकर काम करने पर सहमति जताई। चीन की ओर से हाउ यानची और भारत की ओर से सुजीत घोष ने बैठक की सह-अध्यक्षता की। दोनों देशों के विदेश, रक्षा, गृह और आव्रजन विभागों के अधिकारियों ने भी इसमें हिस्सा लिया। इससे साफ है कि सीमा का मुद्दा केवल सैन्य स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें कई सरकारी संस्थाओं की भूमिका जुड़ी हुई है।

आगे भी बातचीत का रास्ता खुला रहेगा

36वीं डब्ल्यूएमसीसी बैठक का सबसे बड़ा संदेश यही है कि भारत और चीन सीमा से जुड़े मतभेदों को बातचीत के जरिए संभालने की कोशिश जारी रखेंगे। दोनों पक्षों ने मौजूदा राजनयिक और सैन्य माध्यमों को सक्रिय रखने पर सहमति जताई है। स्थानीय कमांडर स्तर की बैठकें भी इसी प्रक्रिया का हिस्सा रहेंगी।

भारत ने सीमा-पार नदियों का मुद्दा उठाया

बैठक में भारत ने सीमा-पार नदियों से जुड़े मुद्दे को भी प्रमुखता से उठाया। विदेश मंत्रालय के अनुसार भारत ने विशेषज्ञ स्तर के तंत्र की अगली बैठक जल्द बुलाने की आवश्यकता दोहराई। भारत ने ऊपरी धारा में चल रही परियोजनाओं से जुड़ी तकनीकी जानकारी साझा करने के महत्व पर भी जोर दिया।

एफसीआरए पर अमेरिकी सांसद की टिप्पणी पर भारत की दो टूक

यह हमारा आंतरिक मामला, इस तरह का कानून यूएस सहित कई देशों में लागू है

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

एफसीआरए पर अपनी बात रखते हुए विदेश मंत्रालय ने यह स्पष्ट किया कि विदेशी फंडिंग को नियंत्रित करने वाले कानून किसी एक देश तक सीमित नहीं हैं। कई देश विदेशी धन के प्रवाह को नियंत्रित करने के लिए अपने-अपने कानून लागू करते हैं

भारत ने विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) संशोधन विधेयक पर अमेरिकी सांसद की टिप्पणी का स्पष्ट और दो टूक जवाब दिया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत के विधायी मामलों पर फैसला देश की संसद करती है और यह पूरी तरह भारत का आंतरिक विषय है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यह भी कहा कि विदेशी फंड के प्रवाह को नियंत्रित करने के नियम केवल भारत में ही नहीं, बल्कि अमेरिका समेत कई देशों में लागू हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि सरकार ने एफसीआरए संशोधन विधेयक पर अमेरिकी सांसद की टिप्पणी देखी है। उन्होंने कहा कि भारत से जुड़े विधायी मामलों पर निर्णय संसद लेती है और इस तरह के विषय देश के आंतरिक मामलों का हिस्सा हैं।

एफसीआरए पर अपनी बात रखते हुए विदेश मंत्रालय ने यह स्पष्ट किया कि विदेशी फंडिंग को नियंत्रित करने वाले कानून किसी एक देश तक सीमित नहीं हैं। कई देश विदेशी धन के प्रवाह को नियंत्रित करने के लिए अपने-अपने कानून लागू करते हैं। मंत्रालय ने अमेरिका का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां भी विदेशी धन के प्रवाह पर नियमन लागू है। इस बयान के जरिए भारत ने संकेत दिया कि ऐसे कानून राष्ट्रीय हित और नियामक व्यवस्था का सामान्य हिस्सा हैं।

भारत से जुड़े विधायी मामलों पर निर्णय संसद लेती है

रणधीर जायसवाल, प्रवक्ता, विदेश मंत्रालय

कानून राष्ट्रीय हित और नियामक व्यवस्था का हिस्सा

खाड़ी देशों में 24 घंटे हेल्पलाइन संचालित

विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारतीय मिशन कई महीनों से 24 घंटे चलने वाली हेल्पलाइन संचालित कर रहे हैं। इसके तहत केवल नाविक ही नहीं, बल्कि जरूरतमंद अन्य भारतीय नागरिक भी सहायता ले सकते हैं। खाड़ी क्षेत्र में भारतीय मिशन लगातार स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने सभी पक्षों से नागरिकों, व्यावसायिक जहाजों और समुद्री कर्मियों को निशाना न बनाने की अपील की। अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों पर सुरक्षित और निर्बाध व्यापार जारी रखने पर जोर दिया गया।

शेख हसीना के कार्यक्रम में सरकार की कोई भूमिका नहीं

बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना के 5 अगस्त को हुए मीडिया कार्यक्रम पर पूछे गए सवाल के जवाब में विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह एक निजी मीडिया संस्थान की ओर से आयोजित कार्यक्रम था। सरकार की इसमें कोई भूमिका नहीं थी। इस कार्यक्रम से भारत सरकार का कोई लेना-देना नहीं है। मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया कि मंच पर कही गई बातों, विशेष रूप से बांग्लादेश की विधिवत गठित सरकार से जुड़े बयानों का भारत सरकार समर्थन नहीं करती। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश की मौजूदा सरकार के खिलाफ दिए गए विचार भारत सरकार के नहीं हैं।

नाविकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

भारत ने पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र में भारतीय जहाजों और नाविकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारतीय मिशन लगातार जहाजरानी मंत्रालय, समुद्री प्राधिकरणों और स्थानीय एजेंसियों के संपर्क में हैं ताकि जरूरत पड़ने पर भारतीय नाविकों और भारतीय ध्वज वाले जहाजों को तुरंत सहायता मिल सके। मंत्रालय ने यह भी दोहराया कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों पर सुरक्षित और निर्बाध आवाजाही तथा व्यापार जारी रहना चाहिए।

पाक ने सोमालिया और तुर्किये संग किए रक्षा समझौते, भारत की पैनी नजर

पाकिस्तान ने बीते वक्त में सऊदी अरब के बाद दो और रक्षा समझौते किए हैं। जिनमें से एक सोमालिया के साथ किया गया द्विपक्षीय रक्षा समझौता है और दूसरा सऊदी अरब और तुर्किये के साथ किया गया त्रिपक्षीय रक्षा समझौता है। मामले पर जायसवाल ने कहा कि पड़ोसी देश में जारी तमाम घटनाक्रम पर भारत की कड़ी नजर बनी हुई है। उन्होंने एक अन्य प्रश्न के जवाब में कहा कि विदेश सचिव विक्रम मिसरी की हाल ही में संपन्न हुई श्रीलंका यात्रा के दौरान दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए विभिन्न मसलों, विकास परियोजनाओं सहित मछुआरों के मामले पर भी विचार-विमर्श किया गया है। जिसमें नई दिल्ली का अनुरोध यही रहा कि मछुआरों से जुड़े हुए विषय को मानवीय दृष्टिकोण या सोच के हिसाब से ही देखा जाना चाहिए क्योंकि यह कहीं न कहीं उनकी आजीविका के साथ भी जुड़ा हुआ है। हम श्रीलंका में प्रांतीय परिषद के चुनाव शीघ्र कराए जाने के पक्ष में हैं।

रूसी तेल खरीदने वाले 5 देशों पर कार्रवाई

भारत पर 100% टैरिफ वाला बिल अमेरिकी सीनेट में पास



अमेरिकी सीनेट

86 सांसदों ने पक्ष में वोट किया, 11 विरोध में

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी सीनेट ने 86-11 के बहुमत से भारत समेत 5 देशों पर 100% तक का टैरिफ लगाने वाला बिल पास कर दिया है। बिल के मुताबिक भारत, चीन, स्लोवाकिया, हंगरी और अजरबैजान पर 100% टैरिफ लगाया जा सकता है। यह बिल रिपब्लिकन और डेमोक्रेट दोनों पार्टियों के समर्थन से लाया गया। इसका मकसद रूस की तेल से होने वाली कमाई को कम करना है, ताकि उसकी युद्ध लड़ने की क्षमता कमजोर हो सके। 23 जुलाई को रूस से तेल और गैस खरीदने वाले देशों पर 100% तक टैरिफ लगाने का प्रस्ताव रखा गया था। बिल के शुरुआती मसौदे में 500% टैरिफ लगाने का प्रस्ताव था, लेकिन बाद में इसे घटाकर 100% कर दिया गया। हालांकि, अभी ये कानून नहीं बना है।

ईरान के साथ ट्रेड करने वाली कंपनियों पर प्रतिबंध

अगर यह कानून बन जाता है तो 1996 का 'ईरान प्रतिबंध कानून' 2031 तक बढ़ जाएगा। यह कानून उन गैर-अमेरिकी कंपनियों पर पाबंदी लगाता है जो ईरान के साथ व्यापार करती हैं। यह कानून इसी साल खत्म होने वाला था। इस बिल से अमेरिकी राष्ट्रपति को यह अधिकार भी मिल जाएगा कि वे अमेरिका में आने वाले रूसी सामान पर 500% तक टैरिफ लगा सकें। राष्ट्रपति का यह अधिकार 5 साल तक लागू रहेगा। व्हाइट हाउस ने पहले भी रूस पर पाबंदियां लगाने की कोशिश की थी। लेकिन ईरान युद्ध के दौरान जब होर्मुज बंद हुआ, तो तेल का संकट आ गया। इस वजह से अमेरिकी प्रशासन को तेल की बिक्री पर कुछ समय के लिए छूट देनी पड़ी थी।

भारत ने जून में आधे से ज्यादा तेल रूस से खरीदा

भारत ने जून 2026 में रूस से रिकॉर्ड 26.1 लाख बैरल प्रतिदिन कच्चा तेल खरीदा, जो देश के कुल तेल आयात का 52.4% था। यानी पिछले महीने भारत में आयात होने वाले हर दो बैरल तेल में एक से ज्यादा बैरल रूस से आया। रूस लगातार भारत का सबसे बड़ा तेल सप्लायर बना हुआ है। मई के मुकाबले जून में रूस से तेल आयात में करीब 39% की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

दोनों देशों ने आपसी हितों के मुद्दों पर बात की

बांग्लादेश ने भारत से अधिक डीजल सप्लाई की अपील की

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश ने देश में जारी बिजली और गैस संकट से निपटने के लिए भारत से सीमा पार पाइपलाइन के जरिए डीजल आपूर्ति बढ़ाने का अनुरोध किया है। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार, बांग्लादेश के पावर, एनर्जी और मिनरल रिसोर्स मंत्री इकबाल हसन महमूद ने ढाका में सेक्रेटेरिएट में भारतीय उच्चायुक्त दिनेश त्रिवेदी के साथ मीटिंग के बाद रिपोर्टर्स को संबोधित करते हुए इस बात की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ऊर्जा सहयोग उन खास मुद्दों में से एक था जिन पर चर्चा हुई। हम पाइपलाइन के जरिए भारत से

डीजल आयात करते हैं और हमने उनसे और सप्लाई करने की अपील की है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पड़ोसी देशों के तौर पर बांग्लादेश और भारत के बीच आपसी हितों के कई मामले हैं। बांग्लादेशी मंत्री ने कहा कि भारतीय राजदूत से मिलना विदेशी डिप्लोमैट्स के साथ उनके रेगुलर एंगेजमेंट का हिस्सा था।

ये एक रूटीन मीटिंग

हसन महमूद ने कहा, मैं अलग-अलग देशों के राजदूत से लगातार मिलता रहता हूं। भारतीय उच्चायुक्त के साथ मीटिंग भी एक रूटीन मीटिंग थी, क्योंकि भारत हमारा पड़ोसी देश है, इसलिए हमारे कई आपसी हितों के क्षेत्र हैं और उन मुद्दों पर बात हुई। भारतीय उच्चायुक्त त्रिवेदी ने गुरुवार को महमूद से मुलाकात की, जहां दोनों पक्षों ने पावर और ऊर्जा क्षेत्र में भारत-बांग्लादेश सहयोग को और मजबूत करने पर अपने विचार साझा किए। मीटिंग के दौरान बांग्लादेश के पावर, ऊर्जा और मिनरल रिसोर्सेज के राज्य मंत्री अनिंद्य इस्लाम अमित भी मौजूद थे।

भावना कंठ ने रचा इतिहास

फाइटा कॉम्बैट कोर्स को पूरा करने वाली महिला फाइटर पायलट बनीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना की स्क्वॉड्रन लीडर भावना कंठ पहली महिला फाइटर पायलट बन गईं जिन्होंने प्रतिष्ठित फाइटर कॉम्बैट लीडर कोर्स पूरा किया। यह उपलब्धि महिलाओं की लड़ाकू भूमिका में बढ़ती भागीदारी को दर्शाती है।

भारतीय वायुसेना में महिलाओं की भूमिका लगातार मजबूत हो रही है। स्क्वॉड्रन लीडर भावना कंठ ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल कर इतिहास रच दिया है। वे पहली महिला फाइटर पायलट बन गईं जिन्होंने ग्वालियर स्थित टैक्टिक्स एंड एयर कॉम्बैट डेवलपमेंट एस्टैब्लिशमेंट यानी टैकडे में प्रतिष्ठित फाइटर कॉम्बैटलीडर यानी एफसीएल कोर्स सफलतापूर्वक पूरा किया। यह 20 सप्ताह का कोर्स भारतीय वायुसेना के सबसे कठिन और एडवांस लड़ाकू प्रशिक्षण कार्यक्रमों में से एक माना जाता है। इसे सिर्फ चुनिंदा फाइटर पायलटों के लिए आरक्षित रखा जाता है।

कौशल विकास, शोध, नवाचार, पर सहयोग बढ़ाने पर जोर

प्रह्लाद जोशी ने दक्षिण अफ्रीका, इंडोनेशिया और ईरान के मंत्रियों से की मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने गुरुवार को दक्षिण अफ्रीका, इंडोनेशिया और ईरान के शिक्षा क्षेत्र से जुड़े वरिष्ठ मंत्रियों के साथ अलग-अलग द्विपक्षीय बैठकें कीं। बातचीत में शिक्षा, कौशल विकास, शोध, नवाचार, डिजिटल लर्निंग और अकादमिक आदान-प्रदान के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया गया। प्रह्लाद जोशी ने दक्षिण अफ्रीका की बेसिक एजुकेशन मंत्री सिविवे ग्वारुबे और उच्च शिक्षा एवं प्रशिक्षण की उप मंत्री डॉ. नोमुसा ड्यूबे-नक्यूब के साथ

द्विपक्षीय बैठक की। उन्होंने बताया कि बातचीत में प्राथमिक एवं उच्च शिक्षा, कौशल विकास, शोध, नवाचार और डिजिटल शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत करने पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान दोनों देशों के बीच शैक्षणिक आदान-प्रदान बढ़ाने के अवसरों पर विचार किया गया।

शिक्षा समझौतों को जल्द पूरा करेंगे

दोनों पक्षों ने शिक्षा के क्षेत्र में प्रस्तावित समझौतों पर चल रही बातचीत को आगे बढ़ाने और उन्हें जल्द पूरा करने की संभावनाओं पर भी चर्चा की। इसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच शिक्षा सहयोग को गहरा करना और आने वाली पीढ़ियों को इसका लाभ पहुंचाना है। ब्रिक्स शिक्षा वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक के दौरान प्रह्लाद जोशी ने इंडोनेशिया के उच्च शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री ब्रायन युलियार्तो से भी मुलाकात की।

20 हजार फीट ऊंचाई पर पहुंचाएंगे हथियार और राशन

सेना ने 2500 लॉजिस्टिक्स ड्रोन के लिए जारी की आरएफआई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीन और पाकिस्तान से सटी दुर्गम सीमाओं पर तैनात सैनिकों तक जरूरी सामान पहुंचाने के लिए रक्षा मंत्रालय 2,500 से अधिक लॉजिस्टिक्स ड्रोन खरीदने की तैयारी में है। इस पहल के बाद सियाचिन ग्लेशियर, लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश जैसे ऊंचाई वाले इलाकों में तैनात जवानों तक राशन, हथियार और जीवनरक्षक दवाइयां पहले से अधिक तेजी और आसानी से पहुंचाई जा सकेंगी। युद्ध जैसी परिस्थितियों में गोला-बारूद और अन्य सैन्य उपकरण भी कम समय में मोर्चे तक पहुंचाए जा सकेंगे। सेना ने लॉजिस्टिक्स ड्रोन खरीद के लिए रिक्वेस्ट फॉर इन्फॉर्मेशन आरएफआई जारी कर दी है। योजना के तहत तीन श्रेणियों के ड्रोन खरीदे जाएंगे, जो अलग-अलग ऊंचाई वाले इलाकों में संचालन करने में सक्षम होंगे। इनमें 6,000 फीट तक, 6,000 से 12,000 फीट तक और 12,000 से 20,000 फीट तक उड़ान भरने वाले ड्रोन शामिल होंगे।

आई4सी ने 'बॉस स्कैम' नामक नए साइबर हमले को लेकर चेतावनी जारी

वित्तीय धोखाधड़ी का नया वायरस, चार्टर्ड अकाउंटेंट कंपनी डायरेक्टर, सीएफओ और फाइनेंस टीमें निशाने पर

एक गलती की और लाखों का हो जाएगा नुकसान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आजकल अकाउंट हैक करके बड़े पैमाने पर वित्तीय धोखाधड़ी का नया वायरस देखने को मिला है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आई4सी ने कॉर्पोरेट और फाइनेंस प्रोफेशनल्स को 'बॉस स्कैम' के बारे में चेतावनी दी है। इस वायरस के निशाने पर चार्टर्ड अकाउंटेंट कंपनी डायरेक्टर, सीएफओ और कॉर्पोरेट फाइनेंस टीमें हैं। इसमें स्टेटमेंट ऑफ अकाउंट, एमसीए और आरबीआई जैसी फाइलों के जरिए वॉट्सएप अकाउंट हैक करके बड़े पैमाने पर फ़ाइनेंशियल धोखाधड़ी की कोशिश

की जाती है। अकाउंट स्टेटमेंट और आरबीआई के मैसेज के रूप में फैलने वाला मैलवेयर वॉट्सएप एसएमएस और ईमेल के जरिए फैल रहा है। सीनियर अधिकारियों के हैक किए गए वॉट्सएप अकाउंट का इस्तेमाल फाइनेंस स्टाफ को म्यूल अकाउंट' धोखाधड़ी के लिए इस्तेमाल होने वाले अकाउंट में पैसे ट्रांसफर करने का निर्देश देने के लिए किया जाता है।

कई राज्यों में एक ही तरीके से धोखाधड़ी

केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत आने वाले इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर आई4सी ने नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायतों में तेजी देखी है। ये शिकायतें पेशेवरों और कारोबारियों के वॉट्सऐप अकाउंट पर कब्जा करने से जुड़ी हैं, जो अकाउंट स्टेटमेंट और रेगुलेटरी कम्युनिकेशन के नाम पर भेजी गई खतरनाक फ़ाइलों के जरिए किया जा रहा है।

ऐसी कंप्रेस्ड जिप फाइल से बचें

सामने आई घटनाओं में, पीड़ितों को वॉट्सएप , एसएमएस या ईमेल के जरिए एक कंप्रेस्ड जिप फ़ाइल मिलती है। इन फ़ाइलों के नाम स्टैटमेंट ऑफ एकाउंट जिप अक्सर तारीख के साथ, जैसे 0714 स्टैटमेंट ऑफ एकाउंट जिप या आरबीआई जिप, एमसीए जिप जैसे होते हैं। साथ में भेजा गया मैसेज ऐसा होता है जैसे वह कोई आम अकाउंट स्टेटमेंट हो या रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया और मिनिस्ट्री ऑफ़ कॉरपोरेट अफेयर्स जैसे रेगुलेटर की ओर से कोई ज़रूरी नोटिस हो, जिसमें बहुत कम समय में कुछ नियमों का पालन करने या जानकारी देने को कहा जाता है।

कॉन्टैक्ट्स और ग्रुप्स में भी वही खतरनाक फाइल

हैक किए गए वॉट्सएप अकाउंट का गलत इस्तेमाल करके पीड़ित के सभी कॉन्टैक्ट्स और ग्रुप्स में वही खतरनाक फ़ाइल अपने-आप भेजी जाती है। आमतौर पर, इसमें फ़ाइल को पाने वाले व्यक्ति से कहा जाता है कि वह इसे वेरिफ़िकेशन के लिए कंपनी के फ़ाइनेंस मैनेजर को फ़ॉरवर्ड करे और कंप्यूटर पर खोले, जिससे यह इन्फेक्शन कॉर्पोरेट नेटवर्क में और गहराई तक फैल जाता है।

बांग्लादेश में 20 अगस्त को होगा राष्ट्रपति चुनाव

ढाका। बांग्लादेश के निर्वाचन आयोग ने घोषणा की कि देश में राष्ट्रपति चुनाव 20 अगस्त को कराया जाएगा। निर्वाचन आयोग ने यह घोषणा राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन द्वारा स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर पांच साल का कार्यकाल पूरा होने से दो साल पहले ही इस्तीफा देने के दो सप्ताह बाद की है। शहाबुद्दीन 76 हिंसक छात्र आंदोलन के बाद अपदस्थ की गईं प्रधानमंत्री शेख हसीना के लंबे समय से सहयोगी रहे हैं। निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ सचिव अख्तर अहमद ने संवाददाताओं को बताया, मुख्य चुनाव आयुक्त एएमएम नासिरुद्दीन ने संसद के कार्यवाहक अध्यक्ष कैसर कमाल से विचार-विमर्श के बाद राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान की तारीख तय की है।

रोमांटिक -स्पाई के बाद अब हॉरर फिल्म बनाएगा यशराज बैनर

मुंबई। अभिनेता वरुण धवन जल्द ही यशराज बैनर के साथ दूसरी बार काम करने वाले हैं। खास बात यह है कि अपनी रोमांटिक फिल्मों और स्पाई-थ्रिलर वर्ल्ड के लिए पहचाना जाने वाला यशराज बैनर अब पहली बार हॉरर फिल्म बनाने वाला है। इंडस्ट्री से जुड़े सूत्रों के मुताबिक यह फिल्म 2027 में रिलीज होगी। इसके जरिए यशराज पहली बार हॉरर जोनर में कदम रखेगा। इससे पहले बैनर ने स्पाई समेत लगभग हर जॉनर में फिल्म बनाई हैं। फिल्म में लीड रोल के लिए वरुण धवन को कास्ट किया गया है। सूत्रों के मुताबिक इस फिल्म का निर्देशन अभय पन्नू करेंगे। उन्होंने ही इस फिल्म की कहानी भी लिखी है। अभय पन्नू इससे पहले मशहूर सीरीज 'रॉकेट बॉयज' का भी निर्देशन कर चुके हैं।

लाइफ Style

काजल

आउटसाइडर कहे जाने पर छलका दर्द

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भोजपुरी अभिनेत्री काजल राघवानी ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उनका दर्द छलका है और वह इसलिए, क्योंकि उन्हें 'आउटसाइडर' कहा जाता है। भोजपुरी अभिनत्री काजल राघवानी भोजपुरी सिनेमा जगत का चर्चित नाम हैं। उन्होंने 80 से ज्यादा भोजपुरी फिल्मों में काम किया है।

फिलहाल वे रियलिटी शो 'भोजपुरी बवाल' को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इस बीच उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने ऐसे लोगों को जवाब दिया है, जो उन पर आरोप लगाते हैं कि वे खुद को 'गुजराती' और 'आउटसाइडर' बताकर काम मांगती हैं। काजल राघवानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया कि आखिर किसने उन्हें 'आउटसाइडर' कहा है? मगर, एक लंबा नोट लिखकर जवाब दिया है। उनका दर्द इस बात को लेकर छलका है कि कुछ लोग उन पर यह आरोप लगाते हैं कि वे आउटसाइडर होने का विक्टिम कार्ड प्ले करती हैं। साझा किए गए पोस्ट में काजल लिखती हैं, 'मैं गुजराती हूं। मैं बाहरी हूं। मैं रो-रोकर काम मांगती हूं या सहानुभूति ले रही हूं। दर्शकों से ये जितना मैंने नहीं बोला, उससे ज्यादा मुझे सुनाया गया या कुछ दिनों में महसूस करवाया गया उसके लिए बस इतना कहूंगी कि अगर मैंने कहीं बोला है तो ये कहा है ये मेरी कर्म भूमि है या मैं हमेशा प्रयास करूंगी इस इंडस्ट्री का या उन जनता का, जिसने मुझे इतना प्यार देकर यहां तक पहुंचाया। मुझे लगता है कि मैं यहीं की हूं। यहां हर चीज अपनी है'।

हॉलीवुड मसाला

फिल्म ब्लूफ्लाई में आएंगी नजर

लॉस एंजिल्स। प्रियंका चोपड़ा जोनस और ऑस्कर विजेता अभिनेता, निर्देशक रसेल क्रो एक साथ फिल्म 'ब्लूफ्लाई'में नजर आएंगे। यह एक साइंस-फिक्शन एक्शन थ्रिलर फिल्म होगी। इस फिल्म को हॉलीवुड की चर्चित फिल्म 'प्रिडेटर्स' डायरेक्टर निम्रोद एंटल निर्देशित करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म 'ब्लूफ्लाई' इस फिल्म की शूटिंग इस साल के आखिर में ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट में की जाएगी। 'डेडलाइन' के मुताबिक इस फिल्म से लिया बुमन, गाइ डेविस, रूथएन फ्रिगेरियो, ब्रायन कवानाघ जोंस, जेसन क्रिंगस्टीन, केटी लीरी, स्कॉट लेवेंसन और जेम्स नॉरबरी एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर के तौर पर जुड़े हैं।



फिल्मों में मेकअप आर्टिस्ट के तौर पर किया काम

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड फिल्मों की आर्टिस्ट आवा गिलीज का 26 साल की उम्र में निधन हो गया है। वह कार हादसे का शिकार हो गईं। उनके निधन पर परिवार ने भावुक बयान जारी किया है। आवा गिलीज ने पांच साल से ज्यादा समय तक मेकअप आर्टिस्ट के तौर पर काम किया। उनके मेकअप क्रेडिट्स में बार्बी, वंडर वुमन 1984 और स्नो व्हाइट जैसी हिट फिल्में और ब्रिजर्टन, द क्राउन' और स्टार वॉर्स एकोलाइट जैसे टीवी शो शामिल हैं। परिवार के हवाले से पीपल ने लिखा 'आवा, हम हमेशा तुम्हें याद करेंगे। तुम्हारी हाजिरजवाबी, तुम्हारा आकर्षण, तुम्हारी सुंदरता, तुम्हारा जबरदस्त आत्मविश्वास, तुम्हारे कई हुनर और फिल्म व टीवी के लिए मेकअप के क्षेत्र में तुम्हारी महारत। हमारे साथ बिताए लगभग 27 वर्षों में तुमने बहुत कुछ किया। इसमें पढ़ाई, यात्रा और काम शामिल हैं। तुम्हें बड़ा करना और तुमसे प्यार करना हमारे लिए सौभाग्य की बात थी।'

द पैराडाइज का धमाकेदार टीजर रिलीज...

नई दिल्ली। ''द पैराडाइज' इस वक्त पैन इंडियन सिनेमा की सबसे बड़ी और सबसे ज्यादा इंतजार की जा रही फिल्मों में से एक है। फिल्म में नेचुरल स्टार नानी लीड रोल में हैं और इसका निर्देशन चर्चित फिल्ममेकर श्रीकांत ओडेला ने किया है। 'दसरा' की ब्लॉकबस्टर सफलता के बाद दोनों एक बार फिर साथ आए हैं, जिससे यह फिल्म भारतीय सिनेमा की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में शामिल हो गई है। कई महीनों के इंतजार के बाद मेकर्स ने आखिरकार 'द पैराडाइज' का धमाकेदार टीजर रिलीज कर दिया है। टीजर शुरुआत से लेकर आखिर तक दमदार एक्शन और ड्रामे से भरपूर है। श्रीकांत ओडेला ने स्लम के बैकग्राउंड पर एक भव्य और रॉ दुनिया की झलक दिखाई है। टीजर में नेचुरल स्टार नानी बेहद दमदार और खौफनाक अंदाज में नजर आ रहे हैं।



अदिति ने बांधे रणबीर की तारीफों के पुल...

मुंबई। रणबीर कपूर इन दिनों नितेश तिवारी निर्देशित फिल्म 'रामायण' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म की चर्चा के बीच अदिति राव हैदरी ने रणबीर कपूर को जमकर सराहा है। उनके साथ अभिनय करने का पुराना अनुभव भी साझा किया है। अदिति राव हैदरी ने रणबीर कपूर के साथ फिल्म 'रॉकस्टार'में अभिनय किया था, वह इस फिल्म में सहायक भूमिका में थीं। उनके और रणबीर कपूर के बीच भी रोमांटिक सीन्स फिल्म में थे। रॉकस्टार में अदिति ने शीना का रोल किया था। हाल ही में फिल्म रामायण की चर्चा के बीच वह रणबीर कपूर की एक्टिंग स्किल्स के बारे में काफी कुछ बोलीं। अदिति राव हैदरी कहती हैं, 'रणबीर के साथ काम करना जबरदस्त था। वह कमाल के हैं, सच में कमाल के हैं। वह मेरे पसंदीदा एक्टर्स में से एक हैं।

टीवी मसाला

द ट्रेटर्स सीजन 2 में सेलिब्रिटीज को इशारों पर नचाएंगे करण

नई दिल्ली। रियलिटी शो का रोमांच पसंद करने वाले दर्शकों के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है। ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो ने अपने चर्चित अनस्क्रिप्टेड शो 'द ट्रेटर्स' के दूसरे सीजन का धमाकेदार ट्रेलर जारी कर दिया है। जैसलमेर के ऐतिहासिक और भव्य सूर्यगढ़ पैलेस में शूट किया गया यह शो एक बार फिर माइंड गेम्स, धोखे और रणनीति का नया स्तर पेश करने के लिए तैयार है। इस बार भी बॉलीवुड निर्माता-निर्देशक करण जौहर शो के 'मास्टरमाइंड' के रूप में वापसी कर रहे हैं, जो खिलाड़ियों को अपने इशारों पर नचाते नजर आएंगे। शो का नया सीजन न केवल भव्यता में आगे है, बल्कि इसकी थीम भी पहले से काफी डरावनी और सस्पेंस से भरी रखी गई है। इस बार करण जौहर के साथ 'बू' नाम का एक रहस्यमयी नया कैरेक्टर भी दिखाई देगा, जो खिलाड़ियों के लिए बुरी खबरें लेकर आएगा। ट्रेलर की शुरुआत में ही करण जौहर यह कहते सुने जा सकते हैं कि यह खूबसूरत महल एक सपने जैसा लगता है और वह इस सपने को बुरे सपने में बदलने का इंतजार कर रहे हैं। इस बार खिलाड़ियों को गुप्त गठजोड़, 'सर्कल ऑफ शक' और टावर में होने वाले एलिमिनेशन जैसी मानसिक चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। इस सीजन में खेल को दिलचस्प बनाने के लिए मनोरंजन, कॉमेडी, एक्टिंग और सोशल मीडिया जगत की 21 मशहूर हस्तियों को एक छत के नीचे लाया गया है।

सेट पर देरी के लिए अमिताभ ने मांगी माफी

नई दिल्ली। 10 अगस्त से टीवी के पॉपुलर शो 'कौन बनेगा करोड़पति'का 18वां सीजन शुरू होगा। हाल ही में शो के होस्ट अमिताभ बच्चन ने इसका पहला एपिसोड शूट किया। इस दौरान अमिताभ ने दर्शकों के साथ खूब हंसी-मजाक किया। उन्होंने अपनी बढ़ती उम्र के बारे में भी काफी कुछ कहा। सबसे पहले तो अमिताभ ने शो की शूटिंग देरी से शुरू होने पर दर्शकों से माफी मांगी। उन्होंने कहा, 'हम सबसे पहले हाथ जोड़कर माफी मांगते हैं। देर होगी, क्योंकि आज यह इस नए सीजन की पहली रिकॉर्डिंग है। छोटी-मोटी तकनीकी चीजें सेट करने में वक्त लगता है।' आगे बिग बी ने अपनी वृद्धावस्था पर मजाक बनाने वालों को भी मजाकिया अंदाज में जवाब भी दिया। वह बोले, 'फिर कोई बोलेगा सर जो आपका चश्मा है वो गलत है। हमने कहा क्या गलत है यार? मैं पिछले 25 साल से यहीं तो चश्मा पहन रहा हूं। बोले नहीं सर, हमें पीला-पीला दिखता है। हमने कहा कि उसे थोड़ा सा रंग दिया है। तो बोले- नहीं सर वो गड़बड़ हो जाएगा।

बंटवारा 1947 का नया गाना तबस्सुम आउट...

मुंबई। राजकुमार संतोषी की फिल्म 'बंटवारा 1947' का रोमांटिक गाना 'तबस्सुम' रिलीज हो गया है। एआर रहमान के संगीत और सोनू निगम की आवाज से सजा यह गाना प्रेम, उम्मीद और मानवीय संवेदनाओं को दर्शाता है। सिनेमा प्रेमी लंबे समय से निर्देशक राजकुमार संतोषी की आगामी ऐतिहासिक फिल्म 'बंटवारा 1947' का इंतजार कर रहे हैं। इस उत्सुकता के बीच 7 अगस्त को फिल्म का नया भावुक और रोमांटिक ट्रैक 'तबस्सुम' आधिकारिक रूप से श्रोताओं के सामने आ गया है। 1 मिनट 34 सेकेंड का यह वीडियो दर्शकों को उस दौर की एक ऐसी दुनिया में ले जाता है, जहां चारों तरफ फैले तनाव के बीच भी इंसानी रिश्ते, मासूमियत और मोहब्बत अपनी जगह बना लेते हैं। इस गाने में अभिनेता अली फजल, करण देओल, कनिष्का और ईशा की बेहद स्वाभाविक और भावनात्मक अदाकारी देखने को मिलती है। आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले पेश किया गया यह गाना केवल एक रोमांटिक नंबर नहीं है, बल्कि यह कहानी के उन मुख्य किरदारों को सामने लाता है जो इस पूरी फिल्म की भावनात्मक नींव हैं।

दिग्गज संगीतकारों की त्रिवेणी

संगीत के दृष्टिकोण से यह ट्रैक बेहद खास है। इसे ऑस्कर विजेता संगीतकार एआर रहमान ने स्वरबद्ध और अरेंज किया है, जबकि इसके बोल प्रख्यात गीतकार जावेद अख्तर की कलम से निकले हैं। सोनू निगम और हीर की सुरीली आवाज ने इस रचना में एक अजीब सी रूहानियत भर दी है। गाने को जारी करते हुए जी म्यूजिक कंपनी और मेकर्स ने सोशल मीडिया पर लिखा कि यह एक ऐसा नाम है जिसमें जिंदगी के खूबसूरत रंग और एक न भूलने वाला अहसास छुपा हुआ है।

कांवड़ यात्रियों का फेवरेट है अमित का ये गाना, 35 सालों से मचा रहा धूम

नई दिल्ली। मौजूदा समय में कांवड़ यात्रा को लेकर काफी चर्चा हो रही है। तमाम शिव भक्त हर साल सावन के महीने का इंतजार करते हैं और कांवड़ यात्रा पर निकलते हैं। इस दौरान सभी कांवड़िया ट्रक, गाड़ी और पैदल जाकर गंगा जी से जल लाकर महादेव का जलाभिषेक करते हैं। इस दौरान वे डीजे का भी इस्तेमाल करते हैं और रास्ते में उन पर शिव भजन बजाकर धूमधाम से कांवड़ यात्रा निकालते हैं। इस मामले में पिछले 35 सालों से किशोर कुमार के बेटे का एक गीत कांवड़ियों का फेवरेट बना हुआ है, जो इस यात्रा का मजा दोगुना कर देता है। बगैर गीत और भजन के कांवड़ यात्रा का आनंद सूखा-सूखा लगता है। कई शिव भक्त ट्रकों में बड़े-बड़े डीजे सेटअप लगाकर कांवड़ यात्रा पर जाते हैं। इस दौरान जो गाना डीजे पर बजता है, वह हर किसी का फेवरेट माना जाता है। उस गीत के बोल हैं- पीकर शंकर जी की बूटी...।

पीकर शंकर जी की बूटी

जी हां साल 1991 में रिलीज होने वाली शत्रुघ्न सिन्हा, जितेंद्र, डिंपल कपाडिया और ऋषि कपूर स्टारर फिल्म रणभूमि से नाता रखने वाला ये गीत शिव भक्तों का एंथम माना जाता है। अभिनेता ऋषि कपूर पर फिल्माया गया ये गाना कांवड़ यात्रा में डीजे पर खूब बजता है और तमाम कांवड़िया इस पर डांस करते हुए नजर आते हैं। पीकर शंकर जी की बूटी... गाने को हिंदी सिनेमा के महान गायक रहे किशोर कुमार के बेटे और पॉपुलर सिंगर अमित कुमार ने गाया है। अमित की आवाज सुनकर आपको भी ये हैरानी होगी कि जैसे ये गीत शायद उनके पिता किशोर ही गा रहे हैं। इसके अलावा फीमेल वर्जन में गाने को गायिका कविता कृष्णमूर्ति ने गाया है।

मुस्लिम गीतकार ने लिखे लिरिक्स

आपको ये जानकार हैरानी होगी कि भगवान शंकर के समर्पित पीकर शंकर जी की बूटी... गाने के एक लिरिक्स एक मुस्लिम गीतकार ने लिखे थे और वह कोई और नहीं, बल्कि मशहूर शायर और कवि असद भोपाली थे, जिनका पूरा नाम असदुल्लाह खान था। उन्होंने 100 से अधिक फिल्मों के करीब 400 से अधिक गीतों के बोल लिखे थे।

उषा ने सुनाई दर्द भरी आप बीती, मुश्किलों से भरी रही निजी जिंदगी

असली मां नहीं मानता बेटा, 80 की उम्र में रहती हैं अकेली

नई दिल्ली। दिग्गज अभिनेत्री उषा नाडकर्णी ने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में लगभग सात दशक बिताए हैं। उन्होंने हिंदी, मराठी सिनेमा और टेलीविजन में यादगार अभिनय के लिए बहुत प्यार पाया है। वह सबसे ज्यादा 'पवित्र रिश्ता' में अपने किरदार के लिए मशहूर हैं। दर्शक उन्हें स्क्रीन पर एक दमदार अभिनेत्री के तौर पर जानते हैं, मगर उनकी निजी जिंदगी मुश्किलों और हिम्मत से भरी रही है।

चुनौती भरी रही जिंदगी

हिंसक माहौल में बड़े होने से लेकर अपने बेटे से दूर रहकर एक्टिंग कॅरियर को संभालने तक, उषा ने उन चुनौतियों के बारे में खुलकर बात की है, जिन्होंने उनकी जिंदगी को आकार दिया। 80 साल की उम्र में भी, वह मुंबई में अकेले रहती हैं और काम करती रहती हैं।

अकेले रहती हैं

एक बातचीत में उषा ने बताया कि वह 1987 से अकेले रह रही हैं। उनका बेटा अब विदेश में रहता है। उनके सभी भाई-बहनों के गुजर जाने के बाद, उन्होंने अकेलेपन को अपनाना सीख लिया है।

अब डर नहीं लगता

उन्होंने कहा, 'मुझे इसकी आदत हो गई है। मैं 1987 से अकेले रह रही हूं। मुझे बिल्कुल भी डर नहीं लगता। जब मैं पहली बार अपनी बिल्डिंग में रहने आई थी, तब मुझे डर लगता था। मैं गार्ड से कहती थी कि वह मुझे मेरे दरवाजे तक छोड़े, क्योंकि मुझे डर लगता था कि कोई पीछे से मुझ पर हमला कर देगा। मगर अब मुझे डर नहीं लगता।'

नानी के यहां पला बेटा

उषा ने अपनी निजी जिंदगी के बारे में भी खुलकर बात की और बताया कि वह कई साल पहले अपने पति से अलग हो गई थीं। अलग होने के बावजूद, उन्होंने कहा कि उनके मन में अपने पति या उनके परिवार के लिए कोई कड़वाहट नहीं है। इस कपल का एक बेटा है, जो अब विदेश में रहता है। हालांकि, बचपन में वह उषा की मां के साथ रहता था, जिन्होंने उसकी देखभाल की, जबकि एक्ट्रेस काम में व्यस्त रहती थीं।

बेटा नानी को मानता है मां

अपनी जिंदगी के उस दौर को याद करते हुए, उन्होंने एक दिल तोड़ने वाली बात भी बताई जो उनका बेटा अक्सर कहता है। उन्होंने कहा 'मेरा बेटा आज भी मुझसे कहता है कि मैंने उसे सिर्फ जन्म दिया है। उसकी असली मां तो मेरी मां ही थीं।'

मौत से नहीं डरतीं : *दिग्गज एक्ट्रेस ने यह भी माना कि वह कभी-कभी मौत के बारे में सोचती हैं, खासकर इसलिए क्योंकि वह अकेले रहती हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि उन्हें इससे कभी डर नहीं लगा। उन्होंने कहा 'लोग यह नहीं बता सकते कि उनकी मौत कैसे होगी। कुछ लोग सोते हुए गुजर जाते हैं, कुछ लोग अस्पताल में मरते हैं। मुझे जरा भी डर नहीं लगता। अगर मैं सोते हुए मर जाती हूं, तो मेरे पड़ोसी दरवाजा खटखटाएंगे और सोचेंगे, 'बुढ़िया ने दरवाजा नहीं खोला है'।'*

हिंसक हो जाते थे पिता

स्क्रीन पर सफलता पाने से बहुत पहले, उषा का बचपन बहुत मुश्किलों भरा था। उन्होंने बताया कि उनके पिता, जो एयर फोर्स में अफसर थे, बहुत हिंसक स्वभाव के थे और उनके गुस्से की वजह से परिवार हमेशा डर के साये में रहता था। एक्ट्रेस ने बताया कि छोटी-छोटी बातों पर भी उन्हें गुस्सा आ जाता था। अगर अखबार ठीक से मुड़ा न हो या स्कूल की किताबें ठीक से न रखी हों, तो वे अक्सर हिंसक हो जाते थे।

पिता ने किया हमला

उन्हें एक घटना भी याद है जब उन्होंने अपने पिता को अपने भाई को पीटने से रोकने की कोशिश की थी। उन्होंने याद करते हुए कहा, 'एक बार, किसी वजह से मेरे भाई की पिटाई हो रही थी और मैंने अपने पिता को रोकने की कोशिश की। तब उन्होंने मुझ पर हमला किया। इससे मेरे हाथ में चोट लग गई। अगले ही दिन मेरा नाटक था। मैं चोट के साथ ही नाटक करने गई थी।'

मां ने नहीं दिया साथ : *उषा को बचपन से ही एक्टिंग का शौक था, लेकिन उस सपने को पूरा करना आसान नहीं था। पिता के सख्त स्वभाव से डरते हुए, उन्होंने सबसे पहले अपनी मां को इस बारे में बताया, उम्मीद थी कि वे साथ देंगी। मगर इसके उलट, उनकी मां ने इस विचार का कड़ा विरोध किया और उन्हें घर से भी निकाल दिया।*

प्रज्ञानानंदा का शानदार प्रदर्शन, जीता अपना पहला सेंट लुई रैपिड एवं ब्लिट्ज का खिताब

20 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने 23.5 अंक के साथ जीता टूर्नामेंट

एजेंसी ▶▶| सेंट लुई

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एक राउंड शेष रहते ही अपना पहला सेंट लुई रैपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट का खिताब जीता। इस 20 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने कुल 23.5 अंक के साथ खिताब अपने नाम किया। उन्होंने अपने करीबी प्रतिद्वंदी तथा विश्व चैंपियनशिप के चक्र के दावेदारों में से एक उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव को पर्याप्त अंतर से पीछे छोड़ा।

प्रज्ञाननंदा ने ग्रैंड शतरंज टूर के आखिरी रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट के अंतिम दिन एक भी मैच नहीं गंवाया। उन्होंने ग्रैंड शतरंज टूर्नामेंट में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है, जिससे इस साल के अंत में होने वाले ग्रैंड फाइनल में उनकी जगह लगभग पक्की हो गई है। इस भारतीय खिलाड़ी को अब क्लासिकल प्रणाली के तहत खेले जाने वाले सत्र के आखिरी टूर्नामेंट में भी अपनी यही फॉर्म बरकरार रखनी होगी।

10 साल के कपिल ने हासिल किया दूसरा आईएम नॉर्म

नई दिल्ली। भारत के दस वर्षीय आरित कपिल ने सर्बिया में रुदार जीएम क्लोज्ड शतरंज टूर्नामेंट में एक राउंड शेष रहते हुए अपना दूसरा इंटरनेशनल मास्टर (आईएम) नॉर्म हासिल किया। सर्बिया के आईएम किरिल क्लुकिन और बुल्गारिया के निक्कोलोव मोमचिन के खिलाफ शानदार जीत से शुरुआत करते हुए आरित ने बुल्गारिया के ग्रैंडमास्टर रादोस्लाव दिमित्रोव को भी हराया। उन्होंने अगले चार राउंड ड्रॉ खेलकर अपना दूसरा आईएम नॉर्म सुनिश्चित किया। आरित अब इंटरनेशनल मास्टर बनने से सिर्फ एक नॉर्म दूर हैं। वह अगले महीने 11 साल के हो जाएंगे। पिछले साल नॉर्वे के विश्व नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन के साथ ड्रॉ खेलने वाले इस युवा भारतीय खिलाड़ी ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी क्षमता साबित की। अभी वह संभावित आठ में से 5.5 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं।

ईस्पोर्ट्स विश्व कप : 4 भारतीय ग्रैंडमास्टर आजमाएंगे भाग्य

पेरिस। भारतीय ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन, अरविंद चिदंबरम, प्रणेश एम और अर्जुन एरिगैसी 11 से 15 अगस्त तक यहां होने वाले ईस्पोर्ट्स विश्व कप की शतरंज प्रतियोगिता में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन सहित कई मजबूत प्रतिद्वंद्वियों का सामना करेंगे। निहाल, अरविंद और प्रणेश ईस्पोर्ट्स और गेमिंग कंटेंट की दिग्गज कंपनी एस8यूएल ईस्पोर्ट्स का प्रतिनिधित्व करेंगे जबकि ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी जेन जी ईस्पोर्ट्स की तरफ से अपना भाग्य आजमाएंगे। यह चारों भारतीय खिलाड़ी मौजूदा चैंपियन कार्लसन (टीम लिक्विड) के नेतृत्व वाले एक विशिष्ट समूह के खिलाफ 15 लाख अमेरिकी डॉलर (14.2 करोड़ रुपए) के पुरस्कार पूल में हिस्सेदारी हासिल करने की कोशिश करेंगे।

■ 11 से 15 अगस्त तक पेरिस में टूर्नामेंट

खबर संक्षेप

छोटी झील में आज से दो दिन लहरों का रोमांच

भोपाल। मध्य प्रदेश क्याकिंग एवं कैनोइंग संघ, भारतीय खेल प्राधिकरण और भारतीय क्याकिंग एवं कैनोइंग संघ के संयुक्त तत्वावधान में 8 से 9 अगस्त तक भोपाल के छोटे तालाब स्थित जलक्रीड़ा केंद्र में पहली अस्मिता नेशनल क्याकिंग एवं कैनोइंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। संघ के चेयरपर्सन मयंक ठाकुर ने बताया कि खिलाड़ियों के आवास सहित सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रतियोगिता में देशभर से 280 महिला खिलाड़ी , 18 प्रशिक्षक > और 30 तकनीकी अधिकारी भाग लेंगे। स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक विजेताओं को क्रमशः 15,000 रुपये 12,000 और 10,000 रुपए की नकद पुरस्कार राशि दी जाएगी।

यूबीएस एथलेटिक्स किड्स कप के सह-मालिक बने नीरज

नई दिल्ली। भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा यूबीएस एथलेटिक्स किड्स कप के सह-मालिक बन गए हैं। चोपड़ा पिछले दो सत्र से बच्चों से जुड़े इस कार्यक्रम के ब्रांड एंबेसडर के रूप में भी काम कर चुके हैं। यूबीएस एथलेटिक्स किड्स कप जमीनी स्तर की उन पहल में से एक है, जिसका उद्देश्य बच्चों को मनोरंजक, समावेशी और सुलभ प्रतियोगिताओं के माध्यम से खेलों से परिचित कराना है। इसने पांच शहरों के 2,500 से अधिक स्कूलों में 250,000 से अधिक बच्चों को इस पहल से जोड़ा है। चोपड़ा ने कहा, 'पिछले दो सत्र में मैंने देखा है कि यूबीएस एथलेटिक्स किड्स कप ने विभिन्न स्कूलों के बच्चों पर कितना प्रभाव डाला है। प्रत्येक बच्चे को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलना चाहिए।

शालेय ज़िला कुश्ती चयन स्पर्धा 12 से

भोपाल। मप्र शिक्षा विभाग द्वारा वर्ष 2026-27 के खेल महाकुंभ का प्रथम चक्र ज़िला स्तरीय चयन स्पर्धाओं से प्रारंभ होने जा रहा है। जिसके अंतर्गत भोपाल ज़िले के कुश्ती खिलाड़ियों कि चयन स्पर्धा शासकीय बालक माध्यमिक शाला गिन्नोरी द्वारा अखाड़ा ट्रेनिंग स्कूल भगवान सहाय मार्ग भोइपुरा में 12 से 14 अगस्त तक कराई जाएगी। कुश्ती चयन स्पर्धा में भाग लेने वाले इच्छुक बालक/बालिका खिलाड़ी अध्यनरत अपने-अपने स्कूलों के माध्यम से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शीघ्र कराने को कहा है। चयन स्पर्धा में भागीदारी के लिए 12 अगस्त को प्रातः 9 बजे अखाड़ा ट्रेनिंग स्कूल में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की हॉर्ड कॉपी सांथ ही मूल दस्तावजे (आधार, समग्र आईडी एवं तीन वर्षों की,अंक सूचियों की मूल एवं छाया प्रतियां) साथ लेकर उपस्थित हों। भागीदारी के लिए सह संयोजक अब्दुल नईम, विश्वामित्र अवॉर्डी शाकिर नूर, कोच फातिमा बानो, अब्दुल उमेर से संपर्क किया जा सकता है।

कैनेडियन ओपन: सबालेंका ने शुआई झांग को दी मात, पहुंचीं अंतिम 16 में

हार्ड कोर्ट पर सबालेंका का दबदबा सबसे तेज 25 जीत का कारनामा

आर्यना ने की सेरेना के 10 साल पुराने रिकॉर्ड की बराबरी

एजेंसी ▶▶| टोरंटो

दुनिया की नंबर 1 टेनिस खिलाड़ी बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने चीन की प्लेयर शुआई झांग को सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से हराकर कैनेडियन ओपन के अंतिम 16 में जगह बना ली है। इस जीत के साथ सबालेंका का इस सीजन में हार्ड कोर्ट पर रिकॉर्ड 25-1 हो गया है। वह 2016 में सेरेना विलियम्स के बाद एक सीजन में हार्ड कोर्ट पर सबसे कम समय में 25 जीत हासिल करने वाली खिलाड़ी बन गई हैं। डब्ल्यूटीए टूर पर झांग के खिलाफ उनका रिकॉर्ड अब 5-1 का हो गया है। उन्होंने झांग के खिलाफ अपने पिछले पांचों मैच सीधे सेटों में जीते हैं। दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी को हार का कोई खास खतरा नहीं दिखा, लेकिन झांग ने उन्हें पूरे मैच के दौरान दबाव में रखा।

सबालेंका को करना पड़ा ब्रेक प्वाइंट का सामना

सबालेंका को आखिरी गेम में एक ब्रेक प्वाइंट का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने शानदार बचाव किया और लगातार तीन प्वाइंट जीतकर सीधे सेटों में जीत दर्ज की। सबालेंका का अगला मुकाबला 16वीं वरीयता प्राप्त रूसी प्लेय एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा से होगा। अलेक्जेंड्रोवा के खिलाफ हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में उन्हें 5-4 की मामूली बढ़त हासिल है।

पेगुला ने अंतिम 16 का कटाया टिकट

वहीं, दो बार की चैंपियन अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला ने बारिश के कारण देरी से शुरू हुए मैच में रूसी-उज़्बेकिस्तानी टेनिस खिलाड़ी कामिला राखिमोवा को 6-4, 6-0 से हराकर अंतिम 16 का टिकट कटाया। ओंटारियो की राजधानी टोरंटो में पेगुला का यह तीसरे राउंड का मैच चार दिनों में उनका तीसरा मुकाबला था और उन्हें आराम का एकमात्र दिन यात्रा के लिए मिला था। हालांकि, कम तैयारी के बावजूद अमेरिकी खिलाड़ी ने सकारात्मक पहलुओं पर ध्यान दिया। 32 वर्षीय पेगुला का अगला मुकाबला डायना श्नाइडर से होगा। उन्होंने एक हफ्ते पहले वाशिंगटन ओपन के सेमीफाइनल में श्नाइडर को शिकस्त दी थी।

अमांडा की शानदार वापसी

दूसरी ओर, लनलाना तारारुडी से दूसरे राउंड में वॉकओवर मिलने के बाद, आठवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा को लय में आने में थोड़ा समय लगा, लेकिन उन्होंने निकोला बार्टुनकोवा के खिलाफ 1 घंटे 59 मिनट तक चले मुकाबले में 3-6, 6-0, 6-4 से शानदार वापसी करते हुए जीत हासिल की।



वेस्ट ज़ोन जूडो चैंपियनशिप

नवनिध की छात्रा तेजस्विनी और पूर्वी ने बाजी मारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| संतनगर

नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने सीबीएसई वेस्ट ज़ोन जूडो चैंपियनशिप–2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। यह प्रतियोगिता गुजरात पब्लिक स्कूल, छानी, वडोदरा (गुजरात) में आयोजित हुई, जिसमें विद्यालय की छात्राओं ने साहस, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं खेल भावना का शानदार परिचय देते हुए उल्लेखनीय सफलता अर्जित की।

प्रतियोगिता में कक्षा दसवीं 'सी' की छात्रा तेजस्विनी कुमारी प्रसाद ने अंडर-17 (63 किलोग्राम से कम) वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया, जबकि कक्षा आठवीं 'बी' की छात्रा पूर्वी तिवारी ने अंडर-14 (44 किलोग्राम से अधिक) वर्ग में कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।इसके अतिरिक्त विद्यालय की अन्य प्रतिभाशाली छात्राओं ने भी प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। इनमें नैंसी तनवानी (अंडर-14, 36 किलोग्राम से कम), अनुष्का शर्मा (अंडर-14, 40 किलोग्राम से कम), सिंहायना तिवारी (अंडर-17, 36 किलोग्राम से कम), रिद्धि बिर्थारिया (अंडर-17, 57 किलोग्राम से कम) तथा सौम्या यादव (अंडर-17, 44 किलोग्राम से कम) शामिल रहीं।

25 से छग में होने वाली जूनियर नेशनल फुटबॉल के लिए मुनीर, युमनाम एवं आदर्श का चयन

भोपाल। अखिल भारतीय फुटबाल संघ द्वारा जूनियर बॉयज राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2026-27 का आयोजन 25 अगस्त से छत्तीसगढ़ में किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ ने 25 खिलाड़ियों को प्रशिक्षण शिविर के लिए चयनित किया है, जिसमें भोपाल के तीन प्लेयर्स मुनीर खान, युमनाम मैतई एवं आदर्श रघुवंशी का चयन किया गया है। मुनीर एवं युमनाम मैतई वर्तमान में भोपाल के मदन महाराज क्लब से खेलते हैं, वहीं आदर्श रघुवंशी जेएलयू से खेलते हैं। शिविर का आयोजन का आयोजन 7 अगस्त से किया जा रहा है।

वार्मअप मैच

श्रीलंका इलेवन ने एक दिन में ठोके 363 रन

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

भारत के खिलाफ तीन दिवसीय अभ्यास मैच के पहले दिन श्रीलंका ने पहली पारी में 8 विकेट पर 363 रन बनाए। श्रीलंका के युवा बल्लेबाजों ने भारतीय गेंदबाजों को दबाव में ला दिया लेकिन कुलदीप यादव की अगुवाई में स्पिनरों ने आखिरी सत्र में वापसी की। मैच को प्रथम श्रेणी दर्जा हासिल नहीं है लिहाजा हर टीम को पहले और दूसरे दिन 90 ओवर और आखिरी दिन 45-45 ओवर मिलेंगे। पहले दिन आफ स्पिनर सारांश जैन ने 11 ओवर में 54 रन दिए लेकिन उन्हें विकेट नहीं मिले। कुलदीप ने 18 ओवर में 76 रन देकर 2 विकेट लिए जबकि मानव सुतार ने 11 ओवर में 30 रन देकर 1 विकेट चटकाया। रविंद्र जडेजा ने 15 ओवर में 64 रन देकर 2 विकेट लिए।

कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल
(यांत्रिकी शाखा), जोन क्रमांक 12

क्र. 78/यां/वि/26 // **निविदा आमंत्रण सूचना** // भोपाल, दिनांक - 07.08.2026

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण Website https://www.mptenders.gov.in पर है।

क्र.	निविदा क्र.	कार्य का संक्षिप्त विवरण	अनुमानित लागत (रू. में)	निविदा क्रय करने की अंतिम दिनांक	समय
1	2026_UAD_482411_2	Construction of c.c. road and drain beside church, gansesh chowk and near by various places in vikas nagar ward 59 zone 12	2032888/-	21.08.2026	05:30 PM

नोट - संशोधन केवल वेबसाईट पर ही देखे जा सकेंगे, समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होंगे।

सहायक यंत्री (सिविल)
जोन क्रमांक 12
नगर निगम भोपाल

नि.क्र. : 564/026/027

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड
राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.

// निविदा आमंत्रण सूचना //

निविदा सूचना क्रमांक 19/2026-27/लेखा/का.यं./ लो.स्वा.यां.खंड/राजगढ़ दि. 04.08.2026

निम्न कार्यों हेतु निविदा ऑन लाईन वेबसाईट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर आमंत्रित की गई है। राजगढ जिले के हेण्डपंपों एवं नलजल योजना के कार्यों के निरीक्षण हेतु खण्ड राजगढ के लिये किराये पर फोर व्हीलर 1 नग निविदा निम्नानुसार आमंत्रित है।

निविदा क्र / दिनांक	सिस्टम क्रमांक	खण्ड एवं उप खण्ड	ग्राम का नाम	निविदा की कुल लागत रू लाख में	धरोहर राशि रू में	निविदा प्रपत्र का मूल्य	समयावधि	रिमार्क
19/26-27 दि. 04.08.26	2026_PHED_526930_pack 1	खण्ड राजगढ़	राजगढ जिले के हेण्डपंपों एवं नलजल योजना के कार्यों के निरीक्षण हेतु खण्ड राजगढ के लिये किराये पर फोर व्हीलर 1 नग निविदा	2.63 लाख	5260.00	2000.00	365 दिवस (12 माह)	

ऑन लाईन निविदा क्रय करने की अंतिम तिथि - 17.08.2026
ऑन लाईन निविदा दर खोलने की अंतिम तिथि - 19.08.2026

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड
राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.

G-16807/26 " स्वच्छता ही सेवा "

केनफिन होम्स लिमिटेड
शाखा: बी-202, प्रथम तल, इन्द्रा नगर, मंडीदीप- 462046
फोन : 07480 – 401340, 7625079225 Email: mandideep@canfinhomes.com
Website: www.canfinhomes.com CIN No -L85110KA1987PLC008699

Can Fin Homes Ltd (Sponsor: CANARA BANK) HOME LOANS & DEPOSITS Translating Dreams into Reality

परिशिष्ट - IV-A [नियम 9(1) का परन्तुक देखें]

अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का कब्जा **केनफिन होम्स लिमिटेड मंडीदीप शाखा** (प्रतिभूत लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर केनफिन होम्स लिमिटेड (प्रतिभूत लेनदार) द्वारा संबंधित ऋणी एवं जमानतदारों से बकाया राशि एवं देय ब्याज एवं अन्य खर्चों की वसूली हेतु ई-नीलामी द्वारा दिनांक **23.08.2026** को बेचा जाएगा।

क्र. सं.	ऋणी एवं जमानतदार का नाम	दिनांक 07.08.2026 को बकाया राशि	आरक्षित मूल्य	धरोहर राशि	कब्जा का प्रकार	संपत्ति का विवरण
1.	बाबूलाल कछवाह सीमा कछवाह, शुभम कछवाह सुरेंद्र कछवाह जमानतदार-रचना तमोली (ऋण क्र. 225226000008)	₹ 15,48,614/-	₹ 5,00,000/-	₹ 50,000/-	भौतिक	रिहायशी खुला प्लॉट नंबर 119-ए, प्लॉट नंबर 119 का भाग, शांति नगर, वार्ड नंबर 23, गांव- मंडीदीप, तहसील- गोहरगंज, जिला- रायसेन; प्लॉट क्षेत्रफल 806 वर्गफुट चर्तुसीमाएं: उत्तर- सड़क, पूर्व- प्लॉट नंबर 119-बी, पश्चिम-मेसर्स स्क्वायर बिल्डर्स की जमीन, दक्षिण- प्लॉट नंबर 78
2.	राजेश्वरी सिंह प्रशांत सिंह (ऋण क्र. 225226000010)	₹ 35,71,696/-	₹ 9,00,000/-	₹ 90,000/-	भौतिक	फ़्लैट नंबर एफ-1, पहली मंज़िल, ब्लॉक-ए, के.के. अपार्टमेंट, सूर्या कॉलोनी, गाँव- बंजारी, कोलार रोड, भोपाल; सुपर बिल्ट-अप एरिया- 400 वर्गफीट; चर्तुसीमाएँ: उत्तर- सड़क और पार्किंग, दक्षिण- नाला, पूर्व- फ़्लैट नंबर एफ- 2, पश्चिम- अन्य की जमीन।
3.	राजेन्द्र कुमार वर्मा रजनी वर्मा (ऋण क्र. 225201000015)	₹ 39,91,891/-	₹ 9,00,000/-	₹ 90,000/-	भौतिक	फ़्लैट नंबर एफ-2, पहली मंज़िल, ब्लॉक-बी, के.के.अपार्टमेंट, सूर्या कॉलोनी, गाँव- बंजारी कोलार रोड, भोपाल; सुपर बिल्ट-अप एरिया 400 वर्गफीट। चर्तुसीमाएँ: उत्तर- सड़क और पार्किंग, दक्षिण- नाला, पूर्व- फ़्लैट नंबर एफ-1 ब्लॉक-बी, पश्चिम- फ़्लैट नंबर एफ-2 ब्लॉक-ए
4.	गोपाल दास रजक सुनीता रजक, अमित रजक (ऋण क्र. 225234000002)	₹ 23,42,404/-	₹ 5,50,000/-	₹ 55,000/-	भौतिक	प्लॉट नंबर 348, शारदा विहार कॉलोनी, गाँव-विशनखेड़ी, तहसील-गोहरगंज, ज़िला-रायसेन, मध्य प्रदेश। क्षेत्रफल 600 वर्गफीट। चर्तुसीमाएँ: उत्तर- कॉलोनी रोड, दक्षिण- प्लॉट नंबर 339, पूर्व- प्लॉट नंबर 347, पश्चिम- प्लॉट नंबर 349।
5.	तरुण कुमार वर्मा, पिंकी वर्मा (ऋण क्र. 225233000002 & 225201000200)	₹ 17,87,801/-	₹ 20,00,000/-	₹ 2,00,000/-	भौतिक	फ़्लैट नंबर एम.आई.जी. 01, प्लॉट नंबर 14जे, (सेक्टर-जे), रोहित प्लाजा, चौथी मंज़िल, राजहर्ष कॉलोनी, गाँव- गेहुँखेड़ा, तहसील- हुजूर, ज़िला-भोपाल; सुपर बिल्ट-अप एरिया 1000 वर्गफीट। चर्तुसीमाएँ: उत्तर- कॉरिडोर और फ़्लैट नंबर 3, दक्षिण- सड़क, पूर्व- प्लॉट नंबर 2, पश्चिम- अन्य की भूमि
6.	आराधना झा, हेमन्त कुमार झा (ऋण क्र. 225226000011)	₹ 33,60,024/-	₹ 9,80,000/-	₹ 98,000/-	भौतिक	फ़्लैट नंबर एफ-101, पहली मंज़िल, प्लॉट नंबर 198, प्रकाश टावर, कौशल नगर, भैरोपुर, भोपाल। सुपर बिल्ट-अप एरिया 850 वर्गफिट चर्तुसीमाएँ: उत्तर- अन्य का प्लॉट, दक्षिण- दूसरा घर, पूर्व- फ़्लैट नंबर 102, पश्चिम- सड़क।
7.	चंद्रेश नागर नीता नगर (ऋण क्र. 225201000018)	₹ 25,42,436/-	₹ 10,70,000/-	₹ 1,07,000/-	भौतिक	फ़्लैट नंबर ए-14, तीसरी मंज़िल, गोकुल धाम, गाँव-विशनखेड़ा, वार्ड नंबर 1, तहसील-गोहरगंज, ज़िला-रायसेन, जिसका सुपर बिल्ट-अप एरिया 660 वर्गफीट, चर्तुसीमाएँ: उत्तर-फ़्लैट नंबर 15, दक्षिण-फ़्लैट नंबर 13, पूर्व-सड़क, पश्चिम-फ़्लैट नंबर 12।
8.	भरत सेठी मधु सेठी (ऋण क्र. 225226000015)	₹ 40,92,603/-	₹ 5,00,000/-	₹ 50,000/-	भौतिक	मकान नंबर 107, शारदा नगर कॉलोनी, रेवेन्यू खसरा नंबर 528/2/2/1, 528/3/2, 528/3/1/2/2, 528/2/1/1 का भाग, गाँव- विशानखेड़ा, तहसील-गोहरगंज, ज़िला- रायसेन, प्लॉट का एरिया 450 वर्गफीट। चर्तुसीमाएँ: पूर्व- प्लॉट नंबर 108, पश्चिम- कॉलोनी की सीमा, उत्तर- प्लॉट नंबर 118, दक्षिण- कॉलोनी की सड़क।
9.	सत्य प्रकाश मिश्रा गोरख मिश्रा (ऋण क्र. 225234000005)	₹ 40,92,603/-	₹ 5,00,000/-	₹ 50,000/-	भौतिक	प्लॉट नंबर 190, मंडी के पास, रेलवे स्टेशन रोड, रेवेन्यू सर्वे नंबर 457, गाँव- मंडीदीप, तहसील- गोहरगंज, ज़िला- रायसेन; प्लॉट क्षेत्रफल-1300 वर्गफीट चर्तुसीमाएँ: पूर्व- प्लॉट नंबर 189, पश्चिम- प्लॉट नंबर 191, उत्तर-कॉलोनी रोड, दक्षिण- प्लॉट नंबर 185
10	राजकुमार पंडोले जमानतदार- राजेश (ऋण क्र. 225240000108)	₹ 3,73,583/-	₹ 7,50,000/-	₹ 75,000/-	भौतिक	फ़्लैट नंबर 104, पहली मंज़िल, किंग्स पैराडाइज, प्लॉट नंबर 06, बेतवा कॉलोनी, मंडीदीप, तहसील-गोहरगंज, ज़िला-रायसेन, सुपर बिल्ट-अप एरिया 484 वर्गफीट चर्तुसीमाएँ: उत्तर- फ़्लैट नंबर 103, दक्षिण- शीतल सिटी कॉलोनी, पूर्व- अन्य जमीन, पश्चिम- फ़्लैट नंबर 105

नीलामी के नियम एवं शर्तें तथा विस्तृत विवरण हेतु केनफिन होम्स लिमिटेड की अधिकृत वेबसाइट (www.canfinhomes.com) देखें। ई-नीलामी में भाग लेने हेतु लिंक - https://www.canfinhomes.com/SearchAuction.aspx, www.bankeauctionwizard.com

दिनांक : 07.08.2026
स्थान: मंडीदीप

हस्ता. प्राधिकृत अधिकारी
केनफिन होम्स लि.

चंदेरी से गोंड कला तक, गौहर महल में सजी स्वदेशी विरासत

समाजसेवी रेणु ने किया स्वदेशी हैंडलूम मेले का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय हाथकरघा दिवस के अवसर पर शुक्रवार को गौहर महल में राज्य स्तरीय स्वदेशी हैंडलूम मेला-2026 का शुभारंभ हुआ।

मेले का शुभारंभ समाजसेवी रेणु देवड़ा ने किया। संत रविदास मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम द्वारा आयोजित मेले का उद्देश्य हाथकरघा बुनकरों, शिल्पकारों और पारंपरिक कला से जुड़े कारीगरों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराना तथा स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना है।

विभिन्न राज्यों के 40 से 45 बुनकर हुए शामिल

मेले के प्रभारी अरविंद शर्मा ने बताया कि इस वर्ष प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों के 40 से 45 बुनकर और शिल्पकार अपने उत्कृष्ट उत्पादों के साथ शामिल हुए हैं।14 अगस्त तक जारी मेले में म प्र की पारंपरिक बुनाई और हस्तशिल्प की समृद्ध विरासत का व्यापक प्रदर्शन किया गया है।

चंदेरी की साड़ी बनी विशेष आकर्षण

चंदेरी की हल्की, महीन और सुनहरी जरी बॉर्डर वाली साड़ियां शाही गरिमा के कारण आकर्षक बनी हैं। वहीं महेश्वरी साड़ियां और ड्रेस मटेरियल विशिष्ट किनारी, हल्के वजन और रंग संयोजन के कारण महिलाओं की पहली पसंद हैं।

इन शिल्पियों का हुआ सम्मान

राष्ट्रीय हाथकरघा दिवस के अवसर पर विभाग द्वारा चंदेरी के रहीम खान, मो. जावेद, याकूब अंसारी, मो. आयाज, रामपाल सिंह कोली सहित एक दर्जन बुनकरों एवं शिल्पियों का सम्मान किया गया।

भारत सहित ब्रिक्स देशों के कलाकारों ने संगीत और नृत्य से दिया सांस्कृतिक एकता का संदेश

'अमृतस्य मध्यप्रदेश' ने ब्रिक्स सांस्कृतिक महोत्सव में बिखेरा सांस्कृतिक वैभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ब्रिक्स सांस्कृतिक महोत्सव के मंच पर प्रस्तुत 'अमृतस्य मध्यप्रदेश' ने प्रदेश की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक विरासत को भव्य नृत्य-नाट्य शैली में जीवंत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। करीब 125 नृत्यांगनाओं की मनोहारी प्रस्तुति ने प्रदेश की गौरवशाली पहचान को सजीव रूप में मंच पर उकेरा।रवींद्र भवन में आयोजित इस महोत्सव में संगीत, नृत्य प्रस्तुतियों के जरिए दिया विश्व शांति, सांस्कृतिक संवाद और वैश्विक सद्भाव का संदेश।



सिंहस्थ-2028 की दिखी भव्यता

अमृतस्य मध्यप्रदेश की प्रस्तुति में यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों से लेकर मां नर्मदा की महिमा तथा सिंहस्थ-2028 की आध्यात्मिक भव्यता को प्रभावशाली नृत्य-संयोजन से दर्शाया।

125 कलाकारों ने प्रस्तुत की 12 नृत्य विधाएं

मैत्रेयी पहाड़ी के निर्देशन में सजी इस प्रस्तुति में 125 कलाकारों ने कथक, भरतनाट्यम, मोहिनीअट्टम, सहित करीब 12 नृत्य विधाओं का समन्वय प्रस्तुत किया गया। इसमें प्रकाश संयोजन अनूप 'बंटी' जोशी ने किया।

'ब्रिक्स पीस सॉन्ग' रहा मुख्य आकर्षण

प्रस्तुति में 'भारतीय संगीत के रंग' के माध्यम से हिंदुस्तानी और कर्नाटक संगीत की समृद्ध परंपराओं के साथ ही मुख्य आकर्षण 'ब्रिक्स पीस सॉन्ग' रहा, जिसमें ब्रिक्स देशों के कलाकारों ने अपनी-अपनी सांगीतिक परंपराओं के माध्यम से शांति, मित्रता और वैश्विक सद्भाव का संदेश दिया।

'चदरिया झीनी रे झीनी' में दिखी प्रदेश की वस्त्र परंपरा

प्रस्तुति में 'चदरिया झीनी रे झीनी' की संगीतमय प्रस्तुति के दौरान लगभग 150 फीट लंबे विशेष लहंगे का प्रदर्शन, मुमताज खान के निर्देशन में किया, जिसमें मध्यप्रदेश की समृद्ध वस्त्र परंपरा का प्रभावी प्रदर्शन किया गया।

ब्रिक्स देश साझी संस्कृति शांति और पारस्परिक सम्मान के सूत्र से बंधे हैं: शेखावत

भोपाल। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि ब्रिक्स राष्ट्र केवल आर्थिक या राजनीतिक साझेदारी तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे साझी संस्कृति, शांति, पारस्परिक सम्मान और समावेशी विकास की गहरी भावना से एकजुट हैं। केंद्रीय मंत्री शेखावत, ब्रिक्स संस्कृति मंत्री समूह की तीसरी बैठक के दौरान रवीन्द्र भवन में आयोजित ब्रिक्स सांस्कृतिक महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने भीमबेटका के प्रागैतिहासिक शैलचित्रों, सांची की शांति, खजुराहो के भव्य मंदिरों और यहाँ के जीवंत जनजातीय समुदायों की परंपराओं का उल्लेख करते हुए कहा कि मप्र भारत की समृद्ध सभ्यतागत यात्रा की निरंतरता को सुंदरता से दर्शाता है। भारतीय जीवन दर्शन के मूल मंत्रों 'वसुधैव कुटुंबकम' और 'अतिथि देवो भव' की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत के लिए आतिथ्य केवल एक सामाजिक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक उच्च सभ्यतागत मूल्य है।

टूटा पैर, छूट गए सपने... लेकिन मां के हौसले ने मुझे फिर उड़ना सिखाया

निजी कार्यक्रम में शिरकत करने आईं फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड पूजा चोपड़ा ने कहा...

हरिभूमि चर्चा

2009 की मिस इंडिया वर्ल्ड रह चुकी हैं पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मिस इंडिया वर्ल्ड 2009 रह चुकीं अभिनेत्री पूजा चोपड़ा शुक्रवार को निजी कार्यक्रम में शिरकत करने आईं इस अवसर पर हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने अपने जीवन से जुड़े पहलुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि सफलता जितनी चमकदार दिखाई देती है, उसके पीछे उतना ही संघर्ष, दर्द और अटूट हौसला छिपा है।

मिस वर्ल्ड मेरे लिए सबसे अनलकी मोड़ था

उन्होंने कहा मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में मुझे 'ब्यूटी विद ए पर्पज' सम्मान मिला और मैं टॉप-16 तक पहुंच चुकी थीं। लेकिन फाइनल चरण से ठीक पहले मेरा पैर फ्रैक्चर हो गया। चोट इतनी गंभीर थी कि मैं आगे प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले सकी। शायद मिस वर्ल्ड मेरे लिए सबसे अनलकी मोड़ था। मंजिल सामने थी, लेकिन एक फ्रैक्चर ने सब कुछ बदल दिया।

'बेबी' में तापसी पन्नू की जगह मेरा नाम हुआ था फाइनल

उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं, फिल्म 'बेबी' में तापसी पन्नू की जगह मेरे नाम पर अंतिम मुहर लग चुकी थी। लेकिन स्टंट के दौरान फिर मेरा पैर फ्रैक्चर हो गया। चोट के कारण मैं स्टंट नहीं कर सकी और मुझे फिल्म से बाहर होना पड़ा।

मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा मेरी मां

पूजा कहती हैं मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा मेरी मां नीरा चोपड़ा हैं। क्योंकि मेरे जन्म के बाद मेरे पिता ने केवल इसलिए मां को घर से निकाल दिया क्योंकि उन्होंने दोबारा बेटी को जन्म दिया। बेहद कठिन परिस्थितियों में मेरी मां ने अकेले हम दोनों का पालन-पोषण किया, हमें पढ़ाया-लिखाया और अपने पैरों पर खड़ा किया।

कहां चिराग मयस्सर नहीं शहर के लिए...

दुष्यंत संग्रहालय में याद-ए-दुष्यंत का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कहां तो तय था चिरागां हर एक घर के लिए, कहां चिराग मयस्सर नहीं शहर के लिए, कहीं पे धूप की चादर बिछा के बैठ गए, कहीं पे शाम सिरहाने लगा के बैठ गए .... याद -ए-दुष्यन्त में जब दुष्यंत कुमार की इस गजल को जब पढ़ा गया तो सभागार वाह वाह कर उठा। शुक्रवार को दुष्यंत संग्रहालय आयोजित इस कार्यक्रम के प्रारंभ में भोपाल के प्रतिष्ठित रचनाकार सुरेश पटवा के ग़ज़ल संग्रह गलियारे में एक दीया का लोकार्पण किया गया।

ये अशआर रहे खास

प्रशस्त विशाल ने पढ़ा...
रात जब जप्त आजमाती है
तेरी आवाज याद आती है
मशगूल मेहरबानी के शब्द...
इस पार अकेले रह जाना
उस पार अकेले रह जाना
अपनी किस्मत में लिखा है
हर बार अकेले रह जाना
शिवाजी राय की पंक्तियां...
अवनतियों को उत्कर्ष नहीं कहते हम
छूट-पुट झड़पों को संघर्ष नहीं कहते हम
निवेश साहू की रचना...
फटा पुराना ही पहना लिबास रिश्तों का
कहीं से उधड़ी सिलाई तो उधड़ने
मिट्टी के ये कश्कोल जो अश्कों से धुले हैं
मुझ में कोई तूफान उठाने पर अड़े हैं...

फिटब्लिस फिटनेस कॉर्निवाल का अर्जुन कपूर ने किया समापन

जिम नहीं, ये तो फिटनेस की वन स्टॉप शॉप है: अर्जुन कपूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के एक्सक्लूसिव फिटनेस सेंटर फिटब्लिस बॉय श्रुति कपूर में पिछले सात दिनों से चल रहे फिटनेस कार्निवाल का धमाकेदार समापन फिल्म अभिनेता अर्जुन कपूर के द्वारा हुआ। पूरे सेंटर का अवलोकन करने के बाद आश्चर्यचकित अर्जुन कपूर ने कहा कि मुंबई में तो इतने बड़े जिम की कल्पना भी नहीं कर सकता....सही मायने में देखा जाए तो यह महज एक जिम नहीं बल्कि फिटनेस की वन स्टॉप शॉप है।

सबसे बेहतर निवेशों में से एक है फिटनेस

अर्जुन ने कहा फिटनेस हमारे लिए सबसे बेहतर निवेशों में से एक है। ऐसे वेलनेस डेस्टिनेशन, जो फिटनेस, रिहैबिलिटेशन, न्यूट्रिशन और प्रिवेंटिव हेल्थकेयर को एक ही छत के नीचे लाता है, यह प्रेरणादायक है। ऐसे प्रयास लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं।

ऊर्जा गुरु आयुष गुप्ता ने विदेशी प्रतिनिधियों को कराया रेकी का अनुभव

भोपाल। ब्रिक्स सम्मेलन के अवसर पर एक विशेष रेकी हीलिंग एवं मेडिटेशन सेशन में 10 देशों के डेलीगेट्स, भोपाल के प्रमुख इन्फ्लुएंसर्स तथा विभिन्न क्षेत्रों से आए अतिथियों ने भाग लेकर रेकी और मेडिटेशन का अनुभव किया। सेशन का संचालन ऊर्जा गुरु आयुष गुप्ता ने किया। उन्होंने विदेशी प्रतिनिधियों को रेकी हीलिंग की विधि समझाते हुए बताया कि रेकी शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है।

45 महिलाओं ने साझा की भावनाओं से जुड़ी 'साड़ी स्टोरीज़'

साड़ी स्पीक भोपाल ने सेलिब्रेट किया भारतीय वस्त्र विरासत का उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर साड़ी स्पीक भोपाल चैप्टर द्वारा भारतीय हस्तकरघा, पारंपरिक वस्त्रों और सांस्कृतिक विरासत को समर्पित साड़ी स्टोरीज़ गेट टूगेदर अयोजित किया गया। नूर उस सबा में आयोजित कार्यक्रम में शहर की करीब 45 महिलाओं ने भारत के विभिन्न राज्यों की पारंपरिक एवं हैंडलूम साड़ियों में सहभागिता कर देश की समृद्ध वस्त्र संस्कृति और बुनाई परंपराओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया।

हैण्डलूम साड़ियों के इतिहास पर की चर्चा

प्रतिभागियों ने चंदेरी, महेश्वरी, बनारसी, कांजीवरम, जामदानी, पोचमपल्ली, इकत, तांत, कोटा डोरिया, लिनेन, कॉटन सहित भारत के विभिन्न राज्यों की हस्तकरघा बुनाइयों को धारण कर उनके इतिहास, विशेषताओं और सांस्कृतिक महत्व पर भी प्रकाश डाला।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930